रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

| | | |
|---|---|---|
| ₹70900 | 10 ग्राम | |
| ₹90000 | 01 किलो | |
| सेंसेक्स | 79,218.05 | −964.16 |
| डॉलर | 85.132 | +0.036 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 315, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मेलबर्न एयरपोर्ट पर पत्रकार से...

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | NA | अधिक. | 26.0° |
| न्यून. | 06.1° | न्यून. | 09.4° |

## केजरीवाल और सीएम आतिशी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, कार्यवाही पर रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के अग्रवाल समाज के मतदाताओं के 'नाम कटवाने' का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक बढ़ा दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। इस मामले में केजरीवाल और आतिशी ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। आज सुनवाई के दौरान इस मामले में शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर भी लगी रोक अगले आदेश तक जारी रखने का आदेश दिया।

### राज्य में बीज की किल्लत दूर करने के लिए कृषि विभाग का बड़ा निर्णय

# झारखंड में होगी 10 बीज ग्राम की स्थापना : शिल्पी नेहा तिर्की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कृषि विभाग ने राज्य में बीज की किल्लत दूर करने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। विभाग राज्य में 10 बीज ग्राम की स्थापना करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में उन्नत बीज का उत्पादन करना और बीज की कमी को दूर करना है। इसके लिए गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और लातेहार के 10 गांव के साथ एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग या समझौता ज्ञापन) किया गया। रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को विभागीय समीक्षा के बाद ये जानकारी दी।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में अच्छे बीज की हमेशा से कमी रही है। इसके साथ ही डिमांड (मांग) के अनुरूप राज्य में बीज उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने 10 अलग-अलग गांव को बीज ग्राम के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है। सरकार किसानों द्वारा तैयार बीज को स्वयं खरीदने का काम करेगी। फिर उस बीज को राज्य के किसानों के बीच तय सब्सिडी दर पर वितरित किया जाएगा। पशुपालन भवन में समीक्षा के दौरान मड़ुवा (मड़ुआ या रागी) का उत्पादन करने वाले राज्य के 1400 किसानों के खाते में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम राशि हस्तांतरित की गई। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार मड़ुवा की खेती करने वाले किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि का भुगतान करती है। विभाग पंचायत स्तर पर इसकी मैपिंग भी करता है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मजबूत करने में जुटा है। इसी क्रम में लोहरदगा के एफपीओ को 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा हुई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओं को गति देने को लेकर अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए।




मड़ुवा उत्पादन करने वाले 1400 किसानों के खाते में डीबीटी से राशि हस्तांतरित

### क्या है बीज ग्राम योजना

बीज और रोपण सामग्री पर उप मिशन का एक हिस्सा है बीज ग्राम योजना। इसका उद्देश्य प्रमाणित बीजों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। बीज ग्राम योजना के तहत दो से तीन तीन गांव समूहों को मिलाकर एक किसान समूह तैयार किया जाता है। यह किसान समूह 50 से 100 किसानों का होता है। इस समूह के पास 0.1 हेक्टेयर भूमि में अलग-अलग फसलों के उन्नत किस्म के बीज तैयार किए जाते हैं। इस योजना के तहत किसानों को बीज बुवाई से कटाई तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे किसानों के द्वारा बीज उत्पादन करके आय को बढ़ाने में मदद मिलती है। ज्ञात हो कि वर्ष 2014-15 से ही देश भर में इस योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण सह बीज भंडार गोदामों की स्थापना, राष्ट्रीय बीज रिजर्व, निजी क्षेत्र में बीज उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, किसानों के लिए गुणवत्ता पूर्ण बीजों के उत्पादन व आपूर्ति के उद्देश्य की पूर्ति करना है।

### बीज ग्राम के लाभ

- स्थानीय मांग, समय पर आपूर्ति और उचित लागत को पूरा करता है।
- गांव की आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन को बढ़ाता है।
- **बीज उत्पादन** में वृद्धि करता है।

## धनबाद में खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला

- हमला करने वाले चार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

नवीन मेल डेस्क

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के निर्देश पर गुरुवार को खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित पुलिस बल के जरिये जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में टीम ने बालाजी पेट्रोल पंप के पास बलियापुर रोड पर बिना परिवहन चालान के बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा। जब तक आगे की कार्रवाई की जाती इससे पहले अचानक 8-10 व्यक्तियों ने धारदार हथियार, लाठी, डंडा, बेलचा, पत्थर इत्यादि से खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला कर दिया और जबरन बिना परिवहन चालान के बालू लदे दोनों वाहनों को वहां से भगा दिया।

स्थानीय पूछताछ के दौरान हमलावरों के नाम की जानकारी टीम को प्राप्त हुई। इसके बाद सरायढेला थाना में कोल कुसमा निवासी राजेंद्र सिंह, ग्राम मोराईडीह, थाना निरसा के रहने वाले असीम मंडल उर्फ चीकू मंडल, राकेश मंडल उर्फ प्रकाश मंडल तथा गोविंदपुर के रहने वाले राहुल सिंह एवं अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला करने के लिए नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। इससे पहले टीम ने सुबह लगभग डी.जी.एम.एस. के सामने हटिया मोड़ के पास चार टाटा 407 संख्या जेएच 10 जी 4737, जेएच 10 ए 3282, जेएच 09 एम 7478 तथा बीआर 16 जी 8963 को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा।

## अब हर मार्केटिंग मैसेज को ट्रेस कर पाएगा ट्राई

एजेंसी

**अच्छी खबर**

- सुरक्षित मैसेजिंग से जुड़े फ्रेमवर्क सफलतापूर्वक लागू
- स्पैम-मुक्त व्यवस्था तैयार करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी वाणिज्यिक एसएमएस को ट्रेस करने से जुड़े फ्रेमवर्क को सफलतापूर्वक लागू करा दिया है। ट्राई का दावा है कि इससे सुरक्षित और स्पैम-मुक्त मैसेजिंग व्यवस्था तैयार करने में बड़ी मदद मिलेगी। दूरसंचार मंत्रालय का कहना है कि फ्रेमवर्क के तहत अब सभी व्यवसायों, बैंकों और सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ उनके टेलीमार्केटर्स (टीएम) को खुद को मैसेजिंग के पंजीकृत कराना होगा। साथ ही, ब्लॉकचेन-आधारित डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी के माध्यम से संदेश ट्रांसमिशन पाथ की भी जानकारी देनी होगी।

शेष पेज 11 पर

## मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर की ठंड लगने से हुई मौत

**चतरा।** चतरा सदर प्रखंड में कार्यरत मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार यादव की ठंड लगने से मौत हो गई है। वे बुधवार की रात प्रखंड कार्यालय से काम कर घर लौट रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में उन्हें हजारीबाग आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग में रेफर किया गया। वहां पहुंचने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। राजकुमार यादव कान्हाचट्टी प्रखंड के मदगडा पंचायत के गांव बिंधानी के रहने वाले थे। वे सदर चतरा में मनरेगा के कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में 20 वर्षों से कार्यरत थे।

## प्रधानमंत्री ने क्रिसमस समारोह में लिया भाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार देर शाम केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के आवास पर क्रिसमस समारोह में भाग लिया और ईसाई समुदाय के प्रतिष्ठित सदस्यों के साथ बातचीत की। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन जी के आवास पर क्रिसमस समारोह में भाग लिया। ईसाई समुदाय के प्रतिष्ठित सदस्यों से भी बातचीत की।

### संसद भवन परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामा

# धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद घायल

- राहुल गांधी पर लगाया धक्का देने का आरोप
- सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को सिर में लगी चोट
- सांसद मुकेश राजपूत गिर कर हो गए बेहोश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच गुरुवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। बाबा साहेब के अपमान को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच टकराव इस कदर बढ़ गया कि मामला पुलिस स्टेशन तक जा पहुंचा। दोनों पार्टियों ने संसद के बाहर कथित हाथापाई के बाद एक-दूसरे पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के बीच गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के मुद्दे पर संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की हो गई। इसमें भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए तथा सांसद मुकेश राजपूत बेहोश हो गए। सारंगी के माथे पर चोट लगी और वहां से खून निकलने लगा। उन्हें तत्काल एबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उलझ पड़े। राहुल गांधी ने संसद भवन में प्रवेश करने के चलते सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दे दिया, वे आगे खड़े प्रताप चंद्र सारंगी के ऊपर गिरे, जिससे सारंगी चोटिल हो गई।

व्हील चेयर पर बैठकर एबुलेंस तक जाते हुए सारंगी ने कहा, मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, राहुल गांधी आए और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गया, जिससे मैं भी गिर पड़ा। स्वयं राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि वे संसद भवन के भीतर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा, मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। ये संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने फर्रूखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे प्रताप चंद्र सारंगी पर गिरे थे।

शेष पेज 11 पर





### दोनों नेता आईसीयू में भर्ती हैं

आरएमएल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक अजय शुक्ला का कहना है कि दोनों नेताओं के सिर में चोटें आई हैं और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। पहली नजर में लक्षणात्मक उपचार शुरू हो गया है। आवश्यकतानुसार जरूरी टेस्ट कराए जा रहे हैं। चूंकि, दोनों के सिर में चोटें आई थीं, इसलिए उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। प्रताप सारंगी को भारी रक्तस्राव हो रहा था

शेष पेज 11 पर

### घायल भाजपा सांसदों से प्रधानमंत्री ने की बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान हुई धक्का-मुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को फोन करके उनका हालचाल पूछा। ज्ञात हो कि संसद के प्रवेश द्वार पर विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच हुई हाथापाई में दोनों सांसद घायल हो गए थे। उन्हें दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और किरेन रिजिजू ने आरएमएल अस्पताल में जाकर वहां भर्ती दोनों भाजपा सांसदों का कुशल-क्षेम जाना है।

### भाजपा और कांग्रेस ने थाने में दर्ज कराई शिकायत, राहुल पर एफआईआर

भाजपा की तरफ से लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों को धक्का मार कर घायल करने की घटना पर साथी सांसदों बांसुरी स्वराज व हेमांग जोशी के साथ संसद मार्ग थाने में राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज हो गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अहंकारी राहुल गांधी खुद को कानून से ऊपर समझते हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि जहां एनडीए सांसद शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और राहुल गांधी जी ने उन्हें धक्का देकर घायल कर दिया, जिसके चलते भाजपा के दो सांसद अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को कानून के उल्लंघन की आदत है। हत्या की कोशिश की धाराओं में शिकायत दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस खिसियानी बिल्ली खंभा नोचने वाली मानसिकता में है। राहुल गांधी का यह व्यवहार न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि संसदीय गरिमा और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला भी है। मुकेश राजपूत को उस धक्के में सिर के बल गिरे, प्रताप चंद्र सारंगी का सिर फट गया है। शारीरिक हमला और उकसाने का काम राहुल गांधी ने किया है।

शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस-भाजपा ने किया एक-दूसरे पर पलटवार

नई दिल्ली (हि.स.)। डॉ अंबेडकर को लेकर संसद में शुरू हुई तकरार ने गुरुवार को धक्का-मुक्की का रूप ले लिया। पहले भाजपा ने आरोप लगाया कि उसके सांसदों को धक्का दिया गया और वह भी राहुल गांधी ने ऐसा किया। दूसरी ओर, कांग्रेस ने यही आरोप भाजपा सांसदों पर लगाया। भाजपा ने जहां राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाया, तो कांग्रेस ने इस मुद्दे पर पुलिस में शिकायत की। इस मुद्दे पर दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पत्रकार वार्ता भी की। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस संसद में तर्क के स्थान पर शारीरिक बल से अपने आपको ऊपर उठाना चाहती है। वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि आज का पूरा घटनाक्रम मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# अतुल सुभाष की आत्महत्या से सवाल ही फिर उठे हैं, जवाब नहीं है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पत्नी की प्रताड़ना और व्यवस्था की निष्ठुरता से तनाव में जी रहे होनहार एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या से कई सवाल उठ खड़े हुए जिनके जवाब समाज या सरकार के पास तत्काल नहीं हैं । अतुल एआई इंजीनियर थे जिनके पास हर सवाल का तुरंत जवाब होता है पर उन्हें मालूम था कि उनकी बात समाज को समझ में नहीं आएगी क्योंकि ऐसे लाखों मामलों में समाज खुद जज बन जाता है और यदि पत्नी ने उनपर आरोप लगा दिए तो सभी उन्हें ही दोषी मानेंगे ।समाज को भी सभी बातों को समझने का समय आ गया है जब किसी के पॉक्सो के तहत लगाया गया झूठा आरोप विनाशकारी होता है और पूरे समाज को उस एक व्यक्ति के खिलाफ खड़ा कर देता है, साथ ही यह उन सभी लोगों के लिए शर्म का विषय होता है, जो उसका समर्थन करने की कोशिश करते हैं। हालांकि ये सभी आरोप रिश्तों की जटिलताओं के दायरे में हैं, लेकिन यह भी सामने आया है कि इन सब धाराओं का चिंताजनक रूप से दुरुपयोग हो रहा है, जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है। यह हम सभी के लिए चिंता का कारण होना चाहिए, क्योंकि ये कानून हमारे देश में महिलाओं द्वारा झेले जा रहे व्यवस्थागत उत्पीड़न के संदर्भ में आवश्यक हैं और अच्छे इरादे से बनाए गए, जिनका उद्देश्य उन महिलाओं की रक्षा करना था, जिन्हें इनकी जरूरत थी। लेकिन आज हम सोशल मीडिया से प्रभावित होकर चरमपंथी रुख अपना रहे हैं- यानी या तो आप पुरुष समर्थक हैं या महिला समर्थक और यदि आप किसी एक खेमे में हैं, तो स्वतः आप 'दूसरे' के खिलाफ हैं। लिंग के आधार पर भेदभाव उतना नहीं है, जितना दिखाया जा रहा है। जब भी अन्याय के चरम मामले सामने आए हैं, पुरुषों ने महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए उनके साथ कदम बढ़ाया है। उदाहरण के लिए निर्भया मामले को देखा जा सकता है, जिसमें पुरुषों ने खुलकर महिलाओं का साथ दिया। इसे नजर अंदाज करना पूरी तरह से अनुचित होगा। अभी एक तथाकथित 'नारीवाद' लिंग-भेद की लड़ाई को बढ़ावा दे रहा है, जब लोगों को लैंगिक भेदभाव से परे एकसाथ आगे आना चाहिए।एक युवा व्यक्ति की त्रासद आत्महत्या आत्मनिरीक्षण और सुधार के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। किसी होनहार युवा का इतना बड़ा कदम उठाना, उसकी असहायता की गहराई को दर्शाता है, जिसने उसके लिए आत्महत्या को तर्कसंगत बना दिया।अतुल ने बंदूक उठाकर फिल्मों की तरह हमला नहीं किया, बल्कि विरोध में फंदे पर लटकर अपनी जान दे दी। हमें सोचना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को कैसे रोक सकते हैं। समानता की लड़ाई का मतलब दूसरों के साथ अन्याय करना नहीं है। महिलाओं की रक्षा करने वाले कानूनों का इस्तेमाल पुरुषों के साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के लिए नहीं किया जा सकता। कुछ वकीलों की सलाह पर इन कानूनों का इस्तेमाल महिलाओं द्वारा अन्यायपूर्ण तरीके से किया जाता है, जिससे उन पीड़ित महिलाओं पर अविश्वास बढ़ता है, जिन्हें इन कानूनों की सुरक्षा की सख्त जरूरत है। अब समय आ गया है कि इन कानूनों में लैंगिक तटस्थता का पहलू शामिल किया जाए,




जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है। यह एक ऐसा प्रस्ताव है, जिसका मूल्यांकन कानूनी विशेषज्ञों द्वारा सबसे बेहतर ढंग से किया जा सकता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर कानूनों का दुरुपयोग किया जाता है, खासकर पुरानी धारा 498ए का, जो विवाद का मुख्य कारण है, तो आरोप लगाने वाले को इसकी कीमत चुकानी होगी ।हमारे देश में तलाक, शादी की तरह ही सिर्फ दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होता है। अतुल सुभाष के पिता कहते हैं कि अपने बेटे को खोने के बावजूद वे अब भी उन मामलों में उलझे हुए हैं। कानूनी प्रक्रिया इतनी कठिन और घुमावदार थी कि अतुल सुभाष की सारी ऊर्जा खत्म हो गई थी, उसे कई बार अदालत में पेश होना पड़ा। जूम मीटिंग के जमाने में, इन बैठकों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की क्या जरूरत थी? अतुल सुभाष कानूनी व्यवस्था से भी पीड़ित था। निचली अदालतों में भ्रष्टाचार एक और ऐसा क्षेत्र है जो प्रतिदिन होने वाला उत्पीड़न से वादी को हताश कर देता है, और उन्हें न्याय की आशा नहीं रहती। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारे समाज में पुरुषों को अपनी भावनाओं को परे रखकर हर तरह की परिस्थितियों का सामना करना सिखाया जाता है, बिना अपने भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य की जांच किए। मजबूत दिखने का दबाव और कमजोर कर देता है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्या, चाहे पुरुषों में हो या महिलाओं में, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए और उसका उपचार किया जाना चाहिए और कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उसे आम स्वास्थ्य समस्या माना जाना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के पिताओं, भाइयों और पुत्रों को अधिक समझ प्रदान करें।थानों को भी संवेदनशील बनाया जाना चाहिए ।

## तत्कालीन खनन निदेशक पासवान ने किया सरेंडर

- अवैध तरीके से खदान आवंटित करने का मामला

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को उषा मार्टिन कंपनी को अवैध तरीके से आवंटित खदान के मामले में चार्जशीटेड आरोपित राज्य के तत्कालीन खनन निदेशक इंद्र देव पासवान ने सरेंडर कर दिया। आरोपित ने सरेंडर के साथ जमानत याचिका भी दाखिल की। इस पर सुनवाई के बाद अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने जमानत याचिका पर बहस की। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उन पर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन कराने में भ्रष्टाचार का आरोप है। भ्रष्टाचार मामले को लेकर सीबीआई ने सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड, कंपनी के निदेशक इंद्र देव पासवान, तत्कालीन खान सचिव अरुण सिंह सहित अन्य पर जांच पूरी करते हुए जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसी मामले में हाल में ही सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। उषा मार्टिन कंपनी को 2005 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गई थी। इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था। आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे। सीबीआई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सितंबर 2016 में प्राथमिकी दर्ज की थी।

### राज्यपाल ने बजट पर अपनी मंजूरी दे दी है

# मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को क्रिसमस से पहले मिलेंगे पैसे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल क्रिसमस के पहले इस योजना की लाभुक बहनों के खातों में पैसे ट्रांसफर होने की उम्मीद है। चूंकि द्वितीय अनुपूरक बजट को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की मंजूरी मिल चुकी है। बुधवार को ही राज्यपाल ने बजट पर अपनी मंजूरी दे दी है। जिसके बाद विधि विभाग की ओर से अधिसूचना जारी करते ही वित्त विभाग की ओर से भी पत्र जारी किया गया है। मंईयां सम्मान योजना के लिए महिला बाल एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत आता है। जिसने स्वीकृति के लिए फाइल विभागीय मंत्री को भेजी है। ये विभाग सीएम हेमंत सोरेन के पास है।

वहीं सीएम की स्वीकृति मिलते ही मंईयां योजना की 55 लाख लाभुकों के खाते में पैसे आ जाएंगे। पैसे ट्रांसफर करने के लिए महिला बाल एवं सामाजिक विभाग ने सीएम के तारीख देने की मांग की है। हालांकि अंदरखाने से खबर है कि क्रिसमस के पहले ही लाभुकों के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएंगे। बता दें कि हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था। उस सत्र में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 11 हजार 697 करोड़ 45 लाख का अनुपूरक बजट पेश किया था। जिसमें से महिला बाल विकास एवं सामांजित सुरक्षा विभाग को सबसे राशि आवंटित किया गया था। जो 6 हजार 390 करोड़ 55 लाख रुपए है।




## क्रिसमस को लेकर दिसंबर माह का वेतन देने का निर्देश

**रांची।** झारखंड सरकार ने क्रिसमस को देखते हुए 19 दिसंबर से एडवांस में ही दिसंबर माह का वेतन देने का निर्देश दिया है। इसे लेकर वित्त विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। बता दें कि इस संबंध में झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, विधानसभा सचिवालय, उच्च न्यायालय के सभी पदाधिकारी और कर्मियों को भी दिसंबर माह का वेतन देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता को झामुमो नेता अकील अख्तर ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नये डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) पुनः अनुराग गुप्ता को बनने पर झामुमो नेता अकील अख्तर उर्फ रिजवान ने बधाई दी।उन्होंने डीजीपी को गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया।बात दें कि वह 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।झामुमो नेता रिजवान ने झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की और भरोसा जताया कि राज्य में नए डीजीपी के दिशानिर्देश में शांति व्यवस्था कायम रहेगी।वहीं रिजवान ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी बातचीत की।साथ ही व्यापारियों में भय का माहौल समाप्त हो,ऐसी रणनीति बने। इस पर पहल करने की बात कही। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बधाई के लिए धन्यवाद दिया और आश्वस्त किया कि राज्य में विधि व्यवस्था बेहतर होगी।साथ ही अपराध और अपराधियों को लेकर पुलिस प्रशासन पूर्व से ही सतर्क हैं व यथासंभव कार्रवाई भी जारी हैं। सभी समुदाय कानून के लिए समान हैं और किसी के साथ भी कोई भेदभाव नहीं हैं।



## भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया

**रांची।** वरीय संवाददाता भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर की ओर से कचहरी रोड में गुरुवार को राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। संगठन के कार्यकताओं ने लोकसभा सदस्य प्रताप चंद्र सारंगी को संसद भवन परिसर में धक्का देकर जख्मी किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के पोस्टर थामे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। इस मौके पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही दलितों और बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। संसद भवन परिसर में हुई घटना पर राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

### 1.36 करोड़ के दावे पर बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से पूछे सवाल

# राज्य की जनता को सच्चाई जानने का अधिकार : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार बकाए का हौआ खड़ा कर अपनी विफलताओं को छुपाने की कर रही कोशिश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज हेमंत सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य की जनता को बकाए से संबंधित सच्चाई जानने का अधिकार है। कहा कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपये कोयला रॉयल्टी के दावे पर जनता को सच्चाई जानने का हक है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा कि सरकार बताए यह बकाया किस-किस साल का है और किस किस योजना/परियोजना का है? दूसरा सवाल कि 1.36 लाख करोड़ रुपये की राशि का आधार क्या है? और तीसरा सवाल कि यूपीए शासनकाल और शिबू सोरेन के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली गई थी? श्री मरांडी ने कहा कि इस मामले में पारदर्शिता क्यों नहीं है?

कहा कि झारखंड के भ्रष्टाचार से भरे इतिहास को देखते हुए, जनता सबकुछ जानना चाहती है। सही दस्तावेज और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ सामने रखें तब बात करें। कहा कि झारखंड और झारखंडियों के हर अधिकार के लिए भाजपा खड़ी है, जहॉ भी जरूरत होगी वे सरकार के साथ खड़े होंगे। लेकिन झूठे आंकड़े और फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे। सच्चाई पर चलिएगा तो हम हर हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं। कहा कि बकाया-बकाया का हौव्वा खड़ा कर कहीं राज्य सरकार जानबूझकर आगे मंईयां सम्मान योजना की राशि देने में विफलता के दोषारोपण की भूमिका तो तैयार नहीं कर रही है? कहा कि झूठी राजनीति छोड़कर झारखंड के असली मुद्दों पर ध्यान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## चाईबासा नाबालिग दुष्कर्म मामले के दोषी को कठोर सजा दिलाए राज्य सरकार : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और फिर ईलाज के दौरान उसकी मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा करने में असफल है। यह सरकार महिला सम्मान का केवल दिखावा ढोंग करती है। श्री मरांडी ने कहा कि चाईबासा में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना और ईलाज के दौरान पीड़िता के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। ऐसे जघन्य कृत्य को रोकने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार अपनी नाकामी छुपाने में लगी हुई है। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजकर आरोपी को कठोरतम सजा दिलाने की पहल करें।साथ ही, महिला मंत्री, पुलिस पदाधिकारी और कल्याण विभाग के निदेशक को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेने और उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित करें।

## न्यूज | बॉक्स

### हाईकोर्ट ने इंट्री टैक्स वसूलने पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में गिरिडीह नगर निगम की ओर से इंट्री टैक्स वसूली के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने गिरिडीह नगर निगम की ओर से इंट्री टैक्स वसूलने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए 21 मार्च की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने कोर्ट को बताया कि शहर के बाहर गिरिडीह नगर निगम की ओर से बैरिकेडिंग लगाकर व्यवसायिक वाहनों से इंट्री टैक्स वसूला जा रहा है। नगर निगम को ऐसा करने का अधिकार नहीं है। इसके लिए सरकार को नियमावली बनानी होगी। राज्य में कोई नियमावली भी नहीं है। जीएसटी लागू होने पर अलग-अलग टैक्स नहीं लगाया जा सकता है, जबकि गिरिडीह नगर निगम की ओर से इस तरह का टैक्स लगाने के अधिकार की बात कही गई। कोर्ट ने मामले में इंट्री टैक्स वसूली पर रोक लगा दी।

### राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम मामले में गवाही 17 को



**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में शिकायतकर्ता को अदालत में सबूत प्रस्तुत करना है। आरोप तय होने के बाद शिकायतकर्ता को सबूत प्रस्तुत करने का निर्देश अदालत ने दे रखा है। मानहानि केस में गुरुवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 17 जनवरी निर्धारित की है। राहुल गांधी पर 6 जुलाई को आरोप तय किया गया था। मामले की सुनवाई रांची के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में हो रही है। बता दें कि हाईकोर्ट से राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्राप्त है। मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर लालपुर थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने सिविल कोर्ट रांची में 23 अप्रैल 2019 में शिकायतवाद (केस संख्या 1993/19) दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता ने याचिका में कहा है कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पूरे मोदी समाज का अपमान हुआ है। इस टिप्पणी से मोदी समाज आहत है। इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### एटीएम कार्ड बदलकर 74 हजार की निकासी, प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के पुराना लोवाडीह निवासी लक्ष्मी नारायण प्रसाद की मदद करने के नाम पर अज्ञात युवक ने एटीएम कार्ड बदलकर खाता से 74 हजार रुपये की निकासी कर ली। इस संबंध में पीड़ित ने नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना में दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया कि वह एरोमा भवन स्थित एटीएम से पैसा निकालने मंगलवार को गया था, उसी दौरान एटीएम से पैसा नहीं निकलने पर एक अज्ञात युवक मदद करने के नाम पर उनका यूनियन बैंक का एटीएम कार्ड बदल लिया। रात लगभग साढ़े सात बजे उनके मोबाइल पर सात बार में 74 हजार रुपये निकासी का मैसेज आया। पीड़ित ने पुलिस ने पैसा वापस दिलाने की मांग की है। इस मामले में थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

# राजद ने गृह मंत्री का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल ने गुरुवार को अलबर्ट एक्का चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर सदन में कुछ बातें कही थी। इसी के विरोध में राजद ने अमित शाह का पुतला फूंका। मौके पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, अनिता यादव, गुलशन खातून, रवि जायसवाल, मंतोष यादव, क्षितिज मिश्रा, कमलेश यादव, उज्जवल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संध्या खालको, गुलजार अंसारी, जफिर खान, फरहान खान, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सरकार की पहल में राजनीति दिखती है ईमानदारी नहीं : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जनता से किए सभी वादे पूर्ण करने की दिशा में कार्य करे सरकार। इनकी मंशा हमेशा से मुद्दों से पलायन की रही है। महिलाओं, किसानों, युवाओं के साथ हकमारी न हो यह सुनिश्चित किया जाए। सरकार की पहल में राजनीति दिखती है ईमानदारी नहीं। स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के साथ ही जातीय सर्वेक्षण का वादा जल्द पूरा करे सरकार। समय के साथ राजनीति ने भी अपना चरित्र बदला है और इस बदली हुई परिस्थिति में उत्पन्न चुनौतियों का पूरी मजबूती से सामना करना है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में कही। इस दौरान चुनाव परिणाम की समीक्षा, पार्टी के भावी कार्यक्रमों और संगठन विस्तार समेत विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला महासचिव भी शामिल हुए।

संघर्ष से घबराने वाली नहीं बल्कि संघर्ष से निखरने वाली पार्टी है आजसू। जनादेश के अनुसार पर मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए हम तैयार हैं। हम जनता की आवाज को सड़क से सदन तक पहुँचाने का काम करेंगे। राज्यवासियों की आवश्यकता के अनुरूप पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ता कार्य करेंगे।

चुनाव परिणाम को हम नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के अवसर के रूप में देखते हैं। हमारी प्राथमिकता जनता की सेवा करना और उनके विश्वास को प्राप्त करना है। इसके लिए हम पूर्व की ही तरह जनता के बीच में रहेंगे और उनकी



### व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों के साथ की बैठक

# रांची के सभी प्रत्याशियों के लेखा रजिस्टर की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

व्यय प्रेक्षक एच आनंदा, एमएम चेटे, अजेय कुमार ओझा की अध्यक्षता में सभी प्रत्याशियों के साथ अकाउंट रिकंसिलिएशन के लिए बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उपस्थित थे। बैठक में विधान सभा निर्वाचन 2024 के दौरान लेखा जांच में पाई गई अनियमितताओं पर निर्गत नोटिस एवं लेखा में प्राप्त विसंगतियों पर विचार किया गया। सभी प्रत्याशियों के लेखा रजिस्टर की जांच की गई तथा सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि तक के व्ययों को लेखा में शामिल करते हुए निर्धारित तिथि तक अपने लेखा को जिला निर्वाचन पदाधिकारी को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। लेखा रजिस्टर के साथ सभी मूल विपत्र को भी संलग्न करना आवश्यक है। विधानसभावार लेखा पुस्तिका जमा करने की तिथि से प्रत्याशियों को अवगत कराया गया। कांके एवं हटिया विधानसभा 20 दिसंबर तथा रांची, मांडर, सिल्ली, खिजरी, एवं तमाड़ के लिए 21 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है ।



## राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र को तार-तार किया : संजय सेठ



**रांची।** कांग्रेस के राहुल गांधी ने लोकतंत्र की गरिमा को तार तार कर दिया। संसद परिसर में जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ धक्का मुक्की कर उन्हें चोटिल किया गया, यह लोकतंत्र को तार-तार करने वाली घटना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी निराशा और हताश है। यह वही लोग हैं जो संविधान को नहीं मानते जिसका आज ताजा उदाहरण सबके सामने है। जिस तरह आज राहुल गांधी ने गुंडागर्दी दिखाई, दो वरिष्ठ सांसदों को धक्का देकर चोटिल किया यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। राहुल गांधी ने आज सभी मर्यादाओं का हनन किया है। भारतीय संसदीय में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। आज कांग्रेस और राहुल गांधी का चाल , चरित्र और चेहरा देश के सामने आ चुका है।

### कांग्रेस ने किया अमित शाह का पुतला दहन

# संविधान और तिरंगे की विरोधी है भाजपा : केशव महतो कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का राज्यसभा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया तथा अमित शाह का पुतला फूंका। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान भारत के लोकतंत्र की आत्मा है जिसके शिल्पकार बाबा साहब हैं। ऐसे महान विभूति को अपमानित करना लोकतंत्र के पीठ में खंजर घोंपने के समान है। भाजपा देश के नागरिकों के वर्तमान संविधान को समाप्त कर आरएसएस के विचारकों द्वारा तैयार संविधान को लागू करना चाहती है यानी भाजपा संघ के विधान को लागू करना चाहती है, इसके शुरूआती चरण में बाबा साहब का अपमान कर भूमिका तैयार की जा रही है। आरएसएस के निर्देशों पर चलने वाली भाजपा अपने जन्म काल से ही देश के संविधान और तिरंगे की घोर विरोधी रही है तो संविधान के जनक का सम्मान कैसे कर सकती है। अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान ही नहीं किया बल्कि समस्त दलित समुदाय सहित करोड़ों देशवासियों के आत्म सम्मान पर गहरी चोट की है। दलित समुदाय का वोट प्राप्त करने के लिए सिर्फ चुनाव के समय दलितों के हितों की बात करने वाली भाजपा के दोहरे चरित्र का खुलासा हो गया है। अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। जिस संविधान की शपथ लेकर आज नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री है आज उसी संविधान के प्रति भाजपाई अविश्वास प्रकट कर रहे हैं। बाबा साहब का अपमान करके अमित शाह ने स्पष्ट संदेश देने का काम किया है कि भाजपा की नजर में दलितों के अधिकारों का कोई मूल्य नहीं है। कांग्रेस संविधान और दलित-पिछड़ों के साथ देश के हर वर्ग-समाज के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है।







# राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव आज से, सीएम करेंगे उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन हो रहा है। ये आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा। खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल लगाए गए है।



## 10 रुपए में मिलेगा प्रवेश

मेले के लिए 10 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। उद्घाटन समारोह में महोत्सव परिसर में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। वाहनों के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं सीसीटीवी लगाया गया है। वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है।

## साबरमती थीम पर सजा खादी महोत्सव

खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल बनाए गए हैं। महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें खादी संस्था, पीएमईजीपी, सरस, फुड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा।

# 4 साल के बच्चे के साथ ड्राइवर ने की गंदी हरकत, मामला दर्ज

- पुलिस ने ड्राइवर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र में एक 4 साल के बच्चे के साथ वैन ड्राइवर द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। घटना बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र के स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल की है। बच्चा नर्सरी क्लास में पढ़ता है। पीड़ित बच्चे की मां ने बीआईटी मेसरा टीओपी में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल मामला 16 दिसंबर की है जब 4 वर्षीय बच्चे के साथ चालक द्वारा गन्दी हरकत की गई। पुलिस का कहना है कि बच्चे ने 17 दिसंबर को अपनी मां से सारी बातें साझा की जिसके बाद मां ने 18 दिसंबर को बीआईटी मेसरा ओपी में शिकायत दर्ज की। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 दिसंबर को ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार को विधिवत कार्रवाई के साथ आरोपी को जेल भेजा गया।

### स्कूल प्रबंधन पर सहयोग नहीं करने का लगा आरोप

छात्र की मां ने आरोप लगाया कि स्कूल के प्रिंसपल को इस मामले की शिकायत की गई थी लेकिन उन्होने न तो किसी तरह का सहयोग किया और न ही कार्रवाई ही की। स्कूल की तरफ से मामले की गंभीरता को नहीं समझने के बाद दो दिनों तक थाने का चक्कर लगाया। इस दौरान कई बार पुलिस ने बच्चे का बयान लिया। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।



### पुलिस पर स्कूल प्रबंधन को बचाने का आरोप

स्कूल प्रबंधन की ओर से किसी को भी इसमें शामिल नहीं किया गया, जबकि वो बच्चे को स्कूल उनपर भरोसा करके ही भेजते है। अभिभावकों का कहना है कि वो जिस वैन से बच्चे को स्कूल भेजे हैं, उसका संचालन स्कूल की ओर से किया जाता है। इस पूरे मामले में पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को बचाने की कोशिश की है।

### झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** राजधानी में पिछले दिनों बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर अब झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी एक्टिव मोड में आ गया है। आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी ने पुलिस महानिदेशक से ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि स्कूल के छुट्टी की समय सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाए। इसके अलावा उज्जवल प्रकाश तिवारी ने पुलिस महानिदेशक से कई अन्य बातों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। तिवारी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए इस पर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए व्यवस्था लागू करने की मांग की है।



- स्कूलों में छुट्टी के समय सादे लिबास में पुलिस बल की होगी तैनाती

### बच्चे के परिवार से मुलाकात कर की जाएगी कार्रवाई : उज्ज्वल प्रकाश तिवारी

झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने कहा कि यह घटना आयोग के संज्ञान में आई है। इस मामले में आयोग की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले, रांची में इसी महीने एक स्कूल की नाबालिग छात्राओं से सरेआम छेड़खानी का वीडियो वायरल होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने पुलिस को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी फिरोज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## 12 हजार के लिए युवक की हत्या में छह दोषी, सजा कल

**रांची।** सिर्फ 12 हजार रुपए के विवाद को लेकर मोती नायक नामक युवक को मौत के घाट उतारने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा छह अभियुक्तों को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। अदालत ने दो साल पुराने हत्या मामले में छतीश्वर लोहरा उर्फ मटलू, मानक करमाली, बीरबल लोहरा, रवि लोहरा, शिवलाल लोहरा एवं बसंत लोहरा को दोषी पाया है। घटना को लेकर मृतक के पिता खुदील नायक ने 19 सितंबर 2022 को ठाकुरगांव थाना में अपहरण को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में उसकी लाश मिली थी। त्रिपुरा के ईट भट्ठे में काम पर ले जाने के लिए अभियुक्तों ने मोती नायक को एडवांस के तौर पर 12 हजार रुपए दिए थे। दो माह बीत जाने के बाद भी मोती काम पर जाने को तैयार नहीं हो रहा था। जिससे आक्रोशित आरोपियों ने मोती का अपहरण कर हत्या कर दी और शव को खेत में दफना दिया था। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने दंडाधिकारी सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी के उपस्थिति में मोती नायक का शव खेत से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा था।

## न्यूज बॉक्स

### युवा महोत्सव का समापन आज

**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज में आयोजित युवा महोत्सव का शुक्रवार को समापन होगा। वहीं 18 दिसंबर को हुए प्रतियागिता का रिजल्ट एक्सपर्ट द्वारा तैयार कर लिया गया है। उन प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं आज भी कई प्रतियागिता आयोजित की जायेगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ वर्मा का कॉलेज के विद्यार्थियों से अपील किया कि इंजोत युवा महोत्सव 2024 में अवश्य भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारें।

### चार आश्रितों की नियुक्ति पर बनी सहमति



**रांची।** उपायुक्त सह जिला अनुकम्पा समिति अध्यक्ष मंजूनाथ भजन्त्री ने अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक की। जिसमें सामान्य/ उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रित से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की समीक्षा कि गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, डीएसपी शहर, जिला स्थापना उप-समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर, सर्जेन्ट मेजर एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला अनुकम्पा समिति में उग्रवादी घटना में मृत आश्रितों की में कुल-01 नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। वहीं जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल- 04 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। उपायुक्त सह जिला अनुकम्पा समिति अध्यक्ष मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कुछ मामलों में सम्बंधित कार्यालय प्रधानों से प्रतिवेदन की मांग गई।

### मध्याह्न भोजन के आच्छादन दर को 70 फीसदी करने का निर्देश



**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजना के तहत गुरुवार को जिला स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मध्याहन भोजन योजना के नवंबर तक का आय-व्यय की स्थिति कि समीक्षा की गई। इसक अच्छादन दर को 70 फीसदी से बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आगामी बैठक तक शत प्रतिशत रसोइया को आयुष्मान कार्ड से लाभांवित करें। साथ ही रसोइयों का मास्टर डाटा गूगलशीट में दर्ज कराने को कहा है। उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि 60 वर्ष पूर्ण कर चुकी रसोईया को राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभा दिलाएं। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची प्रदीप भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची सुरभि सिंह, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची, जिला प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम रांची, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडर और ओरमांझी, अवर विद्यालय निरीक्षक एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिजली बिल व अन्य शिकायतों पर होगी त्वरित कारवाई: जीएम



**रांची।** बिजली बिल संबंधी किसी भी समस्या के लिए निकटम विभाग के कार्यालय में संपर्क करें। एसडीओ, जेई से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन शिकायतों पर त्वरित कारवाई होगी। उक्त बातें विद्युत आपूत्ति क्षेत्र के जीएम मनमोहन कुमार ने कही। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली बिल संबंधी किसी भी शिकायत पर त्वरित कारवाई की जा रही है।

### आरकेडीएफ विवि का पहला दीक्षांत समारोह मना

**रांची।** नामकुम स्थित आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में गुरुवार को पहला दीक्षांत समारोह मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के सत्र2019-2023 में विभिन्न संकाय में उत्तीर्ण 50 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया गया। वहीं स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 1061 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) प्रवीन चंद्र त्रिवेदी थे। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आशीष गौतम (भैया), अध्यक्ष, दिव्य प्रेम मिशन, हरिद्वार, (उत्तराखंड) और संत शिरोमणि प्रदीप कौशिकजी महाराज, देवघर (झारखंड) उपस्थित रहे।

### एक शहर दो कानून




**रांची।** राजधानी रांची में दिन में नो एंट्री लागू है पर कुछ खास बसों को मेन रोड और रातू रोड जैसे अतिव्यस्त और जाम वाली सड़कों में बेरोकटोक आते जाते देखा जाता है।इन बसों में कुछ दबंग और पहुंच वाले लोगों की बसों के अलावा वातानुकूलित बसें शामिल हैं।

### सड़क सुरक्षा को लेकर एडीजी अभियान ने की समीक्षा बैठक, कहा

# यातायात नियमों का हो पालन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सड़क सुरक्षा को लेकर एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने समीक्षा बैठक की। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को हुई, जिसमें सभी जिले के एसपी शामिल हुए। बैठक में जिला में घटित सड़क दुर्घटनाओं की चर्चा और चिन्हित ब्लैक स्पॉट और अगल-अलग स्थानों में एमवी एक्ट के तहत गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही सभी थानों में फर्स्ट एड किट, ब्रेथ एनालाइजर, स्पीड गन मीटर उपलब्धता और प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की संख्या की समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश के साथ समाज में यातायात संबंधी नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया।



## जारी किए गए कई दिशा निर्देश

शराब सेवन कर वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने एवं सीट बेल्ट न लगाने वालों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाय। ब्रेथ एनालाइजर, स्पीड गन और अन्य उपकरणों का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित की जाये। बगैर सीट बेल्ट और शराब का सेवन कर वाहन चलाने जैसी अनियमितता तथा अपराध को रोकने के लिए विधिवत अभियोजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये। जनवरी 2025 में सभी जिलों के डीएसपी को सड़क सुरक्षा से संबंधित विशेष प्रशिक्षण का कार्यक्रम, रांची में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त दिसम्बर और जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निर्देश भी दिये गये।

# रांची : 102 केंद्रों पर माध्यमिक और 57 पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक की। बैठक में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी तृप्ति कुमारी, अध्यक्ष जिला मदरसा संघ, अध्यक्ष रांची जिला इंटरमीडिएट शिक्षक संघ, अध्यक्ष रांची जिला संस्कृत शिक्षक संघ एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने बैठक में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए निर्धारित केंद्र प्रखण्डवार एवं अनुमंडलवार समीक्षा कि गई।



- वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के लिए निर्धारित केंद्र एवं छात्रों का प्रखंडवार केंद्रों कि संख्या कुल- 102, कुल संलग्न विद्यालय कि संख्या- 314, कुल छात्र संख्या- 38139 हैं।
- वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए निर्धारित केंद्र प्रखण्डवार एवं अनुमंडलवार (रांची अनुमंडल, बुंडू अनुमंडल, खलारी, सिल्ली) कुल केंद्रों कि संख्या-57, कुल संलग्न विद्यालयों कि संख्या- 115, कुल छात्र कि संख्या- 42121 हैं।

1. कला संकाय में सम्मिलित परीक्षार्थियों की कुल संख्या - 27146
2. वाणिज्य संकाय में सम्मिलित परीक्षार्थियों कि कुल संख्या- 5836
3. विज्ञान संकाय में सम्मिलित परीक्षार्थियों की कुल संख्या- 9139

### आज / कल




# आज बारिश के बाद घने कोहरे की चपेट में रहेगा झारखंड, अलर्ट जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में शीतलहर का सितम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण शुक्रवार को राज्य के दक्षिणी भागों में आंशिक बादल छाये रहने और कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। जिसके तहत पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां में बारिश होने की संभावना है।

## बारिश के बाद रहेगा कोहरा



मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के बाद राज्य में घने कोहरे की चपेट में रहेगा। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। शनिवार की सुबह राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं मध्य भागों में सुबह में कहीं-कहीं पर घना कोहरा होने की संभावना है। इस दौरान रांची समेत गुमला, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा, पलामू और रामगढ़ में कोहरा रहने की संभावना है। वहीं 22 दिसंबर को राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य एवं दक्षिणी भागों में सुबह में कोहरा रहने की संभावना है। इस दौरान गुमला, रांची, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में कोहरा रहने की संभावना है। इस दौरान सुबह में गाड़ी संभलकर चलाने की बात कही गई है। साथ ही विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की बात कही है।

## निगम के विस्तार से लोगों पर पड़ेगा टैक्स का भार

रांची। रांची नगर निगम क्षेत्र का विस्तार रिंग रोड तक होने की बात चल रही है। हलांकि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसकी चर्चा जोरों पर है। इससे उस क्षेत्र के लोगों को निगम क्षेत्र की तमाम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निगम से निर्गत होंगे। रोड नाली का काम नगर निगम के टेंडर से होगा। डोर टू डोर कचड़े का उठाव होगा। निगम क्षेत्र में बस चलाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर लोगों का मानना है कि सरकार अपने राजस्व में वृद्धि करने के हथकंडे अपना रही है। निगम क्षेत्र का विस्तार होने से दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस निगम से लेनी पड़ेगी, होल्डिंग टैक्स, पानी टैक्स आदि देना होगा,अनेकों टैक्स का भार पड़ेगा।

# रांची-गया के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन का कल से होगा परिचालन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये, यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 03640/03639 गया- रांची- गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा।

- ट्रेन संख्या 03640 गया - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 19/22/23/ 25/ 26/27/ 28 एवं 29 दिसंबर को गया से प्रस्थान करेगी।
- इस ट्रेन का गया प्रस्थान 14:45 बजे, कोडरमा आगमन 15:55 बजे प्रस्थान 15:57 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 16:28 बजे प्रस्थान 16:30 बजे, गोमो आगमन 17:30 बजे प्रस्थान 17:32 बजे, धनबाद आगमन 18:30 बजे प्रस्थान 18:50 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 20:35 बजे प्रस्थान 20:40 बजे, मूरी आगमन 21:40 बजे प्रस्थान 21:45 बजे एवं रांची आगमन 23:00 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 03639 रांची - गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 21/ 23/ 24/26/27/ 28/29 एवं 31 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी।
- इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 00:30 बजे, मूरी आगमन 01:30 बजे प्रस्थान 01:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:50 बजे प्रस्थान 02:55 बजे, धनबाद आगमन 04:50 बजे प्रस्थान 05:10 बजे, गोमो आगमन 05:35 बजे प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजे प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे प्रस्थान 06:52 बजे एवं गया आगमन 08:30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच एवं सामान्य श्रेणी के 14 कोच, कुल 16 कोच होंगे।



## एक नजर

### रांची जिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 22 को

**रांची।** रांची जिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 22 दिसंबर को हॉस्टल गेट होटवार से कराई जाएगी। इसमें पुरुष वर्ग 10 किमी, 20 वर्ग बालक 8 किमी, 18 वर्ग बालक 6 किमी, 16 वर्ग बालक 2 किमी, महिला वर्ग 8 किमी, 20 वर्ग बालिका 6 किमी, 18 वर्ग बालिका 4 किमी, 16 वर्ग बालिका 2 किमी की रेस प्रतियोगिता रखी गई है। सभी प्रतियोगी अपना जन्म प्रमाण पत्र, और एएफआई कार्ड लेकर आएंगे। बिना एएफआई कार्ड के किसी को खेलने नहीं दिया जाएगा क्योंकि राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में एएफआई कार्ड के बिना इंट्री नहीं हो सकेगा। प्रतियोगिता सुबह आठ बजे से शुरू होगी। 16 वर्ष में 13.1.2009 से 12.1.2011, 18 वर्ष में 13.1.2007 से 12.1.2009 के बीच व 20 वर्ष में 13.1.2005 से 12.1.2007 के बीच होना चाहिए।

### मां बूढ़ी कुम्बा जतरा महोत्सव आज तैयारियां पूरी

**लापुंग। लापुंग** प्रखंड के कातिंगकेला गांव में 20 दिसंबर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एवं धार्मिक मां बूढ़ी कुम्बा जतरा महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मां बूढ़ी कुम्बा जतरा को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सत्यनारायण महतो, कोषाध्यक्ष शिवचरण भगत, सचिव नितेश कुमार महतो, संरक्षक के रूप में वैद्य बाबा खिलेश्वर सिंह खेरवार जगन्नाथ उरांव, , शिवलोचन सिंह खेरवार कलेश्वर गोप, महेंद्र उरांव, कार्तिक गोप, कामख्या नारायण सिंह, संदीप उरांव, महावीर गोप, मनोज महतो, राजेन्द्र तुरी, मनबहाल तुरी एवं शशी गोप को कमेटी में रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा ? इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जतरा का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

### समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गिरिडीह।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों के चहुमुखी विकास के लिए ग्राम स्तरीय चिन्हित समस्याओं का समाधान आवश्यक है। इसके लिए आज तिलकडीह पंचायत अंतर्गत संचालित कुल 13 बाल मित्र ग्रामों के युवा मंडल, महिला मंडल,बीएमही समिति तथा बाल पंचायत के प्रतिनिधियों की अगुवाई में तिलकडीह पंचायत भवन में, पंचायत मुखिया विनोद हेम्ब्रोम के साथ गोष्ठी आयोजित की गई । इस दौरान सभी बाल मित्र ग्रामों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार सभी के बीच रखा। तथा सम्बन्धित ग्राम कि समस्याओं की लिखित सूची पंचायत मुखिया को सौपा तथा उसे ग्राम विकास पंजी में शामिल करते हुए समाधान की अपील की । पंचायत मुखिया विनोद हेम्ब्रोम ने कहा कि, यह बहुत ही बढ़िया प्रयास कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन की ओर से किया गया है कि, गांवों के विकास के लिए वहां कि समस्याओं को गांव के प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत में उठा रही है। मै हर संभव प्रयास कर लिखित रूप में प्राप्त सनस्याओं के निराकरण का प्रयास करूंगा।

---

अतिथि शिक्षकों के साथ न्याय को लेकर संघ का प्रतिनिधि मंडल कुलपति से मिला

# उच्च शिक्षा विभाग व विवि प्रशासन की कार्यशैली अलोकतांत्रिक : डॉ धीरज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से झारखंड प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी के नेतृत्व में मिला।इस दौरान डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। साथ ही डॉ. सूर्यवंशी ने कुलपति के समक्ष पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से लंबित मानदेय की भुगतान अविलंब करने की बात रखी। डॉ. सिंह ने कहा की लंबे समय से विवि प्रशासन द्वारा मानदेय भुगतान के अभाव में समुचित इलाज नहीं हो पाने की वजह से गत दिनों संघ के अध्यक्ष के पुत्र व पूर्व में एक अतिथि शिक्षिका असमय काल कवलित हो गयी। साथ ही डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने झारखंड उच्च न्यायालय की गत 11 -07 -2024 एवं 09 दिसम्बर 2024 के याचिकाकर्ताओं - अतिथि शिक्षकों के संदर्भ में स्टे की रांची विवि के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अवमानना का मामला प्रमुखता से उठाया। डॉ. धीरज ने कहा कि झारखंड प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग व विवि प्रशासन की अलोकतांत्रिक कार्यशैली एवं कार्यवाही से अतिथि शिक्षकों को अपूरणीय क्षति हुई है। संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी ने अतिथि शिक्षकों के संवैधानिक हक एवं अधिकारों को संरक्षित एवं संवर्धित करने की वकालत भी विवि प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखी। ज्ञातव्य है संघ के संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी के द्वारा गत दिनों देश-प्रदेश के सभी प्रमुख नीति नियंताओं एवं प्रशासकों को अतिथि शिक्षकों की संवैधानिक मांगों से संदर्भित 30 सूत्री ज्ञापन-मेमोरेंडम प्रेषित किया है।इसी क्रम में गत दिनों महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार एवं आज पुनः कुलपति को ज्ञापन सौंपी गई। इस मौके पर जहां कुलपति कक्ष में कुलसचिव विनोद नारायण, प्रॉक्टर मुकुंद चंद मेहता एवं विवि पदाधिकारी सह डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य राज कुमार शर्मा थे तो वहीं झारखंड प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल में संयोजक डॉ. धीरज सिंह सूर्यवंशी आदि थे।

# महिला उद्यमिता उप समिति ने महिलाओं के साथ हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की महिला उद्यमिता उप समिति की बैठक एग्जीक्यूटिव मेम्बर एवं महिला उप समिति अध्यक्ष आस्था किरण के अध्यक्षता में बुधवार को चैम्बर भवन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से हाल के दिनों में शहर में महिलाओं के साथ हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गयी। वहीं कहा गया कि महिलाओं पर हो रही ऐसी घटनाएं चिंता का विषय है और सरकार को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रही ऐसी घटनाओं को रोकने वाले कानूनों को समझना होगा। इसके लिए कानूनी प्रावधानों एवं शिकायत की प्रक्रिया को भी समझने पर जोर दिया गया। इसके लिए कार्यशालाओं के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने की बात कही गई। झालसा और डालसा एवं महिला कानून एवं शक्ति एप्प की जानकारी के साथ साथ महिला हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 181 महिलाओं एवं बच्चों तक पहुंचाने की बात कही गयी। मौके पर चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, उप समिति चेयरमैन आस्था किरण, सदस्य बरखा सिन्हा ह्यूमन राइट्स मिशन नॉएडा की महिला अध्यक्ष, अमीषा साव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### जल्द ही सभी उग्रवादी पुलिस के हत्थे चढ़ेंगे : डीआईजी



**ठाकुरगांव ।** गुरूवार को बुढ़मू प्रखंड सभागार भवन में डीआईजी अनूप बिरथरे ने अंचलाधिकारी सचिदानंद कुमार वर्मा, डीएसपी आरएन चौधरी, इंस्पेक्टर, बीडीओ धीरज कुमार और आसपास के थाना के थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीआईजी ने बताया कि विगत कुछ समय में बुढ़मू, ठाकुरगांव, खलारी, मैक्लूस्कीगंज, पिपरवार, केरेडारी थाना क्षेत्र के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन की गतिविधि बढ़ी है और दिसंबर माह के पहले सप्ताह में पहाड़ी जी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा में दुकानों को बंद करा दिया था जिसके बाद प्रतिबंधित संगठन का सफाया करने के लिए रणनीति बनाई गई। डीआईजी ने कहा कि जल्द ही सभी उग्रवादी पुलिस के हत्थे चढ़ेंगे और नहीं तो इन्हें इनकाउंटर करके मार दिया जाएगा। इनके संबंध में कोई भी सूचना देने वालों के लिए जल्द ही रिवार्ड की घोषणा की जाएगी। आने वाले कुछ समय में इन क्षेत्र में इनका पूरी तरह से सफाया होगा। बैठक में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, बेड़ो डीएसपी, मांडर के सर्किल इंस्पेक्टर शशिभूषण चैधरी, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार, ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार, खलारी, मैक्लूस्कीगंज, बेड़ो सहित आसपास के थाना प्रभारी मौजूद थे।

### खूंटी पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये का डोडा पकड़ा



खूंटी। थाना क्षेत्र के सिलादोन और चामड़ी गांव के बीच पुलिस ने अवैध रूप से तस्करी किये जा रहे डोडा को जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है य। अफीम तस्कर दो पिकअप वैन में लाद कर डोडा रांची की ओर ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस को देखकर दोनों वाहनों के चालक चलती गाड़ी से कूदकर भाग गये ध। चालक के कूदने से एक पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई।

### अवैध अफीम की खेती व सड़क सुरक्षा को लेकर टूर्नामेंट का आयोजन



**अड़की।** अड़की थाना प्रभारी ने ग्राम कुंजियांबा में फुटबॉल टूर्नामेंट मैच के अवसर पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने लोगों को संबोधित किया और उन्हें अवैध अफीम के संबंध में कानूनी पहलू और इसके नुकसान के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने सड़क सुरक्षा और डायल 112 के महत्व पर भी जोर दिया और लोगों को इसके बारे में जागरूक किया। उन्होंने डायना प्रथा के बारे में भी बताया और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया।

### पुलिस ने 25 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट



**अड़की।** 26 वाहिनी सशस्त्र सिमा बल के कमांडेंट एसडी शेर खान के निर्देश पर उप कमांडेंट दिनेश कुमार पुन्या के नेतृत्व में एफ कम्पनी अड़की के कैम्प प्रभारी इंस्पेक्टर सामल, विश्वास कैम्प के जवान एवं अड़की थाना ने हूंट गांव में लगभग 25 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। वहीं गांव वालों को अफीम की खेती नहीं करने की नसीहत दी। अभियान में सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी अड़की के जवान और अड़की थाना पुलिस शामिल रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में खीस्त विश्वासियों का योगदान महत्वपूर्ण : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईसाई समुदाय के खीस्त विश्वासियों का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ को आगे बढ़ाने अपना योगदान दे रहा है। ये बातें गुरुवार को संत जेवियर स्कूल डोरंडा में आंल चर्चेस क्रिसमस गैदरिंग में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी देश के लोगों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहा है। देश के विकास और शिक्षा को बेहतर बनाने काम कर रहे हैं। आर्च बिशप विंसेंट आईंद ने कहा कि चरनी के आसपास नम्रता भरी दिखाई देती है। चाहे वह जोसेफ, माता मरियम हो। इन सभी ने प्रेम पूर्वक, नम्रता और शांति से बालक यीशु को स्वागत किया है। इसलिए नम्रता के साथ क्रिसमस मनायें और आनंद उठायें। मौके पर संत मरिया महागिरजा चर्च के पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो, फादर अजित कुमार खेस, फादर सुधीर कुजूर, फादर जस्टिन कुजूर समेत पांच सौ से अधिक धर्म संघी मौजूद थे।

### क्रिसमसः मेले में पारंपरिक परिधान का जलवा, नागपुरी गीत पर झूमे लोग

**रांची।** लोयला मैदान में आगमन उत्सव सह क्रिसमस मेला में दूसरे दिन गुरुवार को फैशन का जलवा रहा। आदिवासी पारंपरिक परिधान में मंच में जनजातीय संस्कृति उतरी। पत्थलकुदवा और मनोज सामरी की टीम ने नृत्य की प्रस्तुति दी। संदीप बैंड और सेनेरिटी द बैंड ने लोगों को झूमाया। इसके बाद नागपुरी गीतों की महफिल सजी। दीपक तिर्की ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल में रंग भर दिया। पल्ली खेल समिति द्वारा आयोजित मेला लोगों को आकर्षित कर रहा है। पूरा मेला परिसर रंग बिरंगी लाइट से जगमग है। स्टॉल पर लजीज व्यंजनों की बिक्री हो रही है। लोग सपरिवार मेले का आनंद उठा रहे हैं।

### जिप सदस्य ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली पूर्वी क्षेत्र के बिसरिया पंचायत के कुटाम गांव में कृष्णा मुंडा के घर के सामने गुरुवार को सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने 460 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। जिसकी कुल लागत लगभग 9 लाख रुपए है। जिप सदस्य ने बताया कि इस पीसीसी पथ निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा काफी लंबे समय से किया गया था जिसको आज विकास की कड़ी में पूरा कर दिया गया। जिप सदस्य ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के अंदर ही काम पूरा करने को कहा तथा ग्रामीणों से भी सहयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने जमींदाता कृष्णा सिंह मुंडा और कर्मा महतो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बिसरिया पंचायत की मुखिया जितनी देवी, झामुमो के प्रखंड प्रवक्ता फखरुद्दीन राय, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, अखिल महतो, अघनु मुंडा, नौशाद मोमिन, बसीर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी,शेख मूसा, रऊफ अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

मांडर विधानसभा में भाजपा के दो लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य तय

# दोगुनी मजबूती के साथ जनता की सेवा के लिए हम सभी तत्पर हैं : सन्नी टोप्पो



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग के भाजपा कार्यालय में गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी की चुनावी समीक्षा एवं आगामी सदस्यता अभियान के निमित्त भाजपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी अभियान के दौरान हुए कार्यों एवं चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई। लापुंग प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुछ कमियां रह गई जिसके कारण हम विजय प्राप्त नहीं कर सके परंतु क्षेत्र में जनता का हमें जो समर्थन मिला वह समर्थन हमें नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहा है। झारखंड प्रांत में चल रहे सदस्यता अभियान के निमित्त रणनीति बनाई गई एवं पूरे मांडर विधानसभा में दो लाख सदस्यता पूर्ण करने के लिए योजना के साथ लगने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। इस मौके पर सन्नी टोप्पो कार्यकताओंको संबोधित करते हुए कहा कि कुछ कमियां रही जिससे हम सब विधानसभा में विजय हासिल करने में चूक गए।

# झारखंड भोजपुरी विकास केंद्र ने मनाई भिखारी ठाकुर जयंती



**नवीन मेन संवाददाता। रांची**

भोजपुरी सम्राट भिखारी ठाकुर की 137 वीं जयंती पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ सुरेश प्रसाद सिंह थे, जिन्होंने अपनी सारगर्भित व्याख्यान से लोक गायक गीतकार भिखारी ठाकुर के विभिन्न पक्षों को रखा। भोजपुरी में पत्रिका प्रकाशित करवाने के प्रस्ताव का सभी ने समर्थन किया। अध्यक्षता निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने किया और अपने उद्बोधन में भिखारी ठाकुर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। बिनोद कुमार गहवार ने उपस्थित साहित्यिकारों का सुंदर शब्दों से स्वागत किया। सुनीता श्रीवास्तव जागृति ने बिनोद कुमार गहवार लिखित सरस्वती वंदना को अपना मधुर स्वर देकर पटल पर मां शारदे से साक्षात्कार करवा दिया। पूनम वर्मा का सधा हुआ उत्साह पूर्वक संचालन मंच को गरिमा प्रदान की। डॉ उर्मिला सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी साहित्यकारों का उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिये आभार प्रकट किया। पुष्पा पाण्डेय, डॉ उर्मिला सिन्हा, रश्मि सिन्हा, गीता चौबे गूंज, डॉ शिप्रा, अर्पणा सिंह, सीमा सिन्हा , रिम्मी वर्मा, बिनोद कुमार गहवार, हरेन्द्र, सुनीता श्रीवास्तव जागृति, पूनम वर्मा सभी कलमकारों ने भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की जयंती पर उन्हीं की रचनाओं को सस्वर सुनकर उन्हें सुरीली भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

---

गोस्सनर, डोरंडा, एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज सेमीफाइनल में

# बीएस कॉलेज के प्रेम कुमार ने जड़ा शतक गोस्सनर के उत्कर्ष ने हैट्रिक समेत 7 विकेट झटके



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 में गुरुवार को गोस्सनर, डोरंडा और बीएस कॉलेज ने अपने मुकाबले को जीतकर एसएस मेमोरियल के साथ सेमी फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को गोस्सनर बनाम बीएस कॉलेज और डोरंडा और एसएस मेमोरियल के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। गुरुवार को हुए मुकाबले का पहला शतक बीएस कॉलेज के प्रेम कुमार ने जड़ा। वहीं मुकाबले का पहला हैट्रिक गोस्सनर कॉलेज के उत्कर्ष कुमार ने लिया। उन्होंने मुकाबले में कुल सात विकेट झटके। गुरुवार को गोस्सनर कॉलेज और जेएन कॉलेज के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें गोस्सनर ने 8 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में जेएन कॉलेज 87 रन पर सिमट गई। दिन का दूसरा मुकाबला मारवाड़ी कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया। मारवाड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में डोरंडा कॉलेज ने 3 विकेट खोकर 152 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिन का तीसरा मैच बीएस कॉलेज और पीपीके कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें बीएस कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 222 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीपीके कॉलेज निर्धारित ओवर ने 9 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी।

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

# खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखता है : शालिनी विजय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग के छात्रों के लिए वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता ह्यएथलेकिड्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सबद और अरदास के साथ हुई। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्राथमिक स्तर की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने अपने संबोधन में कहा कि खेल एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित और स्वस्थ रखता है। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से पांचवी के सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के रेसों में भाग लिया। हुलाहुप दौड, मार्बल दौड, ऑक्टोपस रेस, टर्टल रेस, स्किपिंग रेस, बाधा दौड़, कोन रेस, इत्यादि। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा अभिभावकों के लिए भी रेस का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने रेस में बड़ी उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दिखाई। सभी विजयी अभिभावकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सभी सदस्य मौजूद थे।

# सकारात्मकता को साथी बना कर देखो, जो चाहो पा लोगे : चौहान

**तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते**



**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव**

गुरुवार को भवानी शंकर प्लस टू उवि व प्रोजेक्ट बालिका उवि ठाकुरगांव में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए। उन्होंने कहा कि मुस्कान को सदैव अपने चेहरे पर सहेजे रखें। जादू की छड़ी है यह मुस्कान। आपके व्यक्तित्व को निखार देती है। यह मुस्कान सकारात्मकता और खुशियों से ही उपजेगी। उन्होंने छात्रों से कहा, आप किसी भी प्रश्न को तनाव में हल करने की कोशिश करना। कभी नहीं कर पाओगे। जब खुश होकर सकारात्मक भाव से प्रश्न का हल ढूंढोगे तो 99 प्रतिशत हल कर ही लोगे। 1 प्रतिशत अगर नहीं भी कर पाए तो यह रास्ता जरूर पता चल जाएगा कि प्रश्न सॉल्व कैसे होगा। अंत में छात्रों ने संकल्प लिया कि वो सकारात्मकता, खुशी के साथ आगे बढ़ेंगे। विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला सकारात्मक भाव से ही करेंगे। साथ ही यही संदेश अपने घर और समाज को भी देंगे।

## एक नजर

### जिले के अवैध ईंट-भट्ठों की जांच कराएं डीसी : धनंजय

**रामगढ़।** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ डीसी को आवेदन देकर जिले में अवैध तरीके से चल ईंटझभट्ठों की जांच कराने की मांग की है. उन्होंने डीसी से इसके बाद ही ईंटझभट्ठों के संचालन की अनुमति देने का आग्रह किया है. उन्होंने आवेदन में कहा है कि जिला में चलने वाले ईंटझभट्ठे गैरकानूनी कार्यों के केन्द्र बन गए हैं. ईंट-भट्ठा चलाने वालों का गिरोह सरकारी राजस्व को बड़ा नुकसान पहुंचा रहा है. ये ईंट-भट्ठे प्रदूषण मानको को पूरा नहीं करते. वहां मजदूरों को उचित पारिश्रमिक भी नहीं मिलता है. बगैर वैध कागजात वाले ट्रैक्टरों इनमें ढुलाई कार्य में लगते हैं. साथ ही अवैध कोयला का उत्खनन व उपयोग करते हैं.

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आईं 106 समस्याएं, 10 का निबटारा

**रामगढ़।** रामगढ़ के सिदो-कान्हू मैदान में बुधवार को झारखंड पुलिस की अनूठी पहल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डीसी चन्दन कुमार व एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में लोगों की शिकायतें सुनी गईं. कुछ निबटारा भी किया गया. कार्यक्रम में कुल 106 लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं. पुलिस पदाधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 मामलों का ऑन स्पॉट निबटारा किया. कार्यक्रम में रामगढ़ जिला मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ, पतरातू के प्रशिक्षु डीएसपी, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र, मांडू पुलिस इंस्पेक्टर, पतरातू सीओ समेत जिले के सभी थाना व ओपी प्रभारी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे.

### बीडीओ ने कर्रा में किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

**रामगढ़/ खूंटी।** कर्रा लैम्पस स्थित गोदाम में गुरुवार को धान अभिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन कर्रा की प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नागेसिया और प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीडीओ स्मिता नागेशिया ने कहा कि किसान औने-पौने दाम पर बिजोलियों को धान की बिक्री न करें। आप सभी किसान लैंपस में आकर धान का बिक्री करें, ताकि आपको सरकार के द्वारा 24 रु प्रति किलो धान का मूल्य मिले। मौके पर 20सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी ने कहा कि गांव-देहात के भोलेभाले किसानों को बिचौलिया बरगलाकर औन-पौने दाम में धान खरीद कर बाजार में अच्छी कीमत पर बेचते हैं और अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं। इसलिए आप सभी से निवेदन है कि आप लोग सरकार के जरिये निर्धारित मूल्य 24 रुपये प्रति किलो की दर ही नजदीकी लैम्पस में जाकर धान का बिक्री करें।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

# 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीकरण करने का दिया निर्देश

*18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने गर्भवती एवं धात्री माताओं को वितरित किए जा रहे पोषाहार के तहत उनकी आधार टैगिंग, 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर पंचायत वार प्रज्ञा केंद्रों को टैग करते हुए अभियान मोड शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त एक सप्ताह के अंदर पंचायत बार प्रज्ञा केंद्रों को टैग करने का कार्य पूर्ण करते हुए रोस्टर तैयार करने संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने 10 वर्ष से पूर्व बनाए गए आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में आधार अपडेट करने का कार्य भी शिविर के दौरान सम्पन्न करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सहायक प्रबंधक यूआइडीएआइ क्षेत्रीय कार्यालय रांची, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने किया विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राज्य परियोजना निदेशक रांची के निर्देश के आलोक में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025-26 के निर्माण के लिए राज्य स्तरीय टीम द्वारा 19 एवं 20 दिसंबर को जिला अनुश्रवण कार्यक्रम निर्धारित है। उक्त के आलोक में गुरुवार को मुकेश कुमार सिन्हा ओएसडी मध्याह्न भोजन रांची की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय टीम द्वारा रामगढ़ जिला का भ्रमण किया गया। राज्य स्तरीय टीम द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थी पंजी, टोला टैगिंग, यूडीआईएसई , आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हितीकरण, जीरो ड्रॉप आउट स्कूल, अपार आईडी निर्माण, मध्याह्न भोजन, विद्यालय विकास योजना आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। राज्य स्तरीय टीम में अनुराधा रानी, कपिलदेव प्रसाद, शिवेंद्र मिश्रा जैसीइआरटी रांची के साथ जिला स्तर से एडीपीओ नलिनी रंजन, एपीओ कुमार राज, बीईओ सुलोचना कुमारी, बीपीओ मिथुन सागर उपस्थित थे। टीम द्वारा मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय रामगढ़, आदर्श मध्य विद्यालय बरकाकाना, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गड़के, मध्य विद्यालय नयानगर आदि विद्यालयों का निरीक्षण के साथ टीम द्वारा जिला स्तर पर सभी बीईओ, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी के साथ समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### हाथियों के झुंड ने आलू, राहर गोभी की फसल को रौंदा



**रामगढ़।** भुचुंगडीह गांव के आस पास के क्षेत्र में जंगली हाथियों ने आलू, गोभी, राहर की फसल को खाने के साथ साथ पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हाथियों को गांव से जंगल की ओर खदेड़ा। हाथियों का झूंड भुचुंगडीह जंगल में डेरा डाले हुए है। शाम होते ही जंगली हाथियों के चिघाड़ से लोग भयभीत हो रहे हैं। गांव में जंगली हाथियों ने ठाकुरदास महतो, जगरनाथ महतो, केशव महतो, त्रिभुवन महतो, कुलेश्वर, तुलेश्वर, वीरेंद्र महतो, भरत लाल रविदास, राजू कुमार, ज्ञानी महतो, टिकेंद्र महतो समेत अन्य किसानों के खेतों को नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने वन विभाग से हाथियों को दूर जंगल में खदेड़ने की मांग की है। हाथियों द्वारा फसल को बर्बाद किए जाने से किसान एवं ग्रामीण काफी चिंतित हैं। उन्होंने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग से टॉर्च की मांग भी की है।

### धूमधाम से मनाई गई स्वतंत्रता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की 140 वीं जयंती



**हजारीबाग।** महान स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की 140 वीं जयंती पर स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में सागर भक्ति संगम के तत्वधान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने बाबू राम नारायण सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर संगम के सदस्यों ने एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री को एक पत्र लिख कर स्व सिंह की एक आदम कद प्रतिमा हजारीबाग में लगाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद केसी मेहरोत्रा ने कहा कि बाबू राम नारायण सिंह स्वाधीनता आंदोलन के अप्रतिम योद्धा थे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदा देशवासियों का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। वे आजीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते रहे। उन्होंने सदा अन्याय का प्रतिकार किया था। यह मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे उन्हें देखने और सुनने का मौका मिला था। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि बाबू राम नारायण सिंह के जीवन से हम लोगों को सबक लेनी चाहिए । वे सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारत की आजादी के नाम कर दिया था। मौके पर मौजूद बाबू राम नारायण सिंह के सुपौत्र डॉ प्रमोद सिंह ने कहा कि बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी के संघर्ष और देश की आजादी के बाद आजाद भारत की रक्षा के इर्द-गिर्द घूमता रहा।

### वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर जारी है ग्रामीणों का विरोध, सीओ ने दिया अल्टीमेटम



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोबरदहा गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। गुरुवार को पुलिस फोर्स और मशीन के साथ जब अधिकारियों के टीम वहां पहुंची तो ग्रामीणों ने एक बार फिर इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से मना कर दिया। करोड़ों रुपए की लागत से गोबरदहा गांव में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है। यहां पतरातु डैम से पानी लाकर उसे फिल्टर किया जाएगा। इसके बाद रामगढ़ नगर परिषद और छावनी परिषद क्षेत्र में घर-घर सप्लाई किया जाएगा। ग्रामीणों के द्वारा लगातार इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है कि गंदे पानी को फिल्टर करने के दौरान उस इलाके में गंदगी का अंबार लग जाएगा। साथ ही गांव का वातावरण प्रदूषित हो जाएगा। मौके पर पहुंचे रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप एक्का ने ग्रामीणों को समझने का काफी प्रयास किया। साथ ही वहां कार्य शुरू करने के लिए सहमति देने की भी बात कही। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उनकी बात नहीं मानी। इस दौरान अंचल अधिकारी से 48 घंटे का वक्त मांगा गया।

---

# उत्पाद विभाग का छापा भारी मात्रा में शराब बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिले की गोला प्रखंड में अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही थी। इसकी सूचना लगातार उत्पाद विभाग को ग्रामीणों के जरिये दिए जा रही थी। इस सूचना के आधार पर गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के निर्देश पर एक्साइज इंस्पेक्टर कौंग्रेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की। गोला प्रखंड के हेटगढ़ा और जोभिया गांव में छापेमारी के दौरान अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली ब्लैक डायमंड एंड ब्लैक टाइगर शराब की 194 बोतल, 90 लीटर स्पीरिट, 10 बोरा में विभिन्न ब्रांड एवं साइज के 1200 खाली बोतल जब्त किए गए। हेटगढ़ा गांव से शंकर साहू और जोभीया गांव से ताराचंद महतो एवं अन्य के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इस छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही नरेश महतो, कमलेश कुमार, विनय सिंह, प्रेम सिंह एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

समुदाय आधारित ऋण वापसी प्रणाली सह बीमा शिविर का हुआ आयोजन

# ग्रामीणों को ऋण व केसीसी ऋण की जानकारी दी गई

*सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ और उनके आवेदन की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पलाश-जेएसएलपीएस एवं जेआरजीबी बैंक की पहल पर 19 दिसम्बर को पंचायत भवन बीचा में समुदाय आधारित ऋण वापसी प्रणाली सह बीमा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान समूह ऋण वापसी, बचत खाता खोलने, केसीसी ऋण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पलाश-जेएसएलपीएस की समूह दीदियों एवं ग्रामीण ने सामूहिक रूप से ऋण की वापसी, बचत खातों का संचालन एवं वित्तीय लेनदेन में भागीदारी की। बैंक सखी गायत्री कुमारी द्वारा ग्रामीणों को समूह ऋण एवं केसीसी ऋण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ और उनके आवेदन की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम में जेआरजीबी बैंक के शाखा प्रबंधक कुनाल किशोर ने वित्तीय जागरूकता पर विचार साझा किया। बीचा पंचायत की मुखिया सोनामती देवी, पंचायत समिति के सदस्य सीताराम मुंडा, पंचायत सेवक राजेंद्र जी और वार्ड सदस्या सुष्मिता देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। ग्राम संगठन की कार्यकारी सदस्यों, जिनमें करिश्मा देवी, प्रिया देवी, राजमुनी देवी, संपति देवी, अनीता देवी और सुनीता देवी शामिल थीं, उन्होंने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

21 दिसंबर को होगा पेशनर्स समाज का 10वां वार्षिक अधिवेशन

# 75 वर्ष से ऊपर वाले पेशनर्स होंगे सम्मानित, पेशनर्स डे पर होगी चर्चा : अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड राज्य पेशनर्स समाज अनुमंडल शाखा बरही का 10वां वार्षिक अधिवेशन सह सम्मान समारोह 21 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा. उक्त जानकारी संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र रुखरियार ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे से मध्य विद्यालय बरही के प्रांगण में प्रारंभ होगा. जिसमे बरही अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड से पेशनर्स समाज के सदस्य शामिल होंगे. वार्षिक अधिवेशन में 75 वर्ष से ऊपर के 8 पेंशनधारियों को सम्मानित किया जायेगा. इसके साथ ही 17 दिसंबर को मनाया जाने वाला पेंशनर्स डे की महत्ता और उद्देश्यों पर चचाएं होंगी. पेशनर्स समाज के सदस्य अपनी समस्याओं और सुझाव से संगठन को अवगत कराएंगे. जिसे संगठन के माध्यम से आवश्यकतानुसार सरकार तक पहुंचाने का काम किया जायेगा. उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके संगठन के बरही अनुमंडल इकाई में करीब 80 पेंशनधारी सदस्य है. उनके संगठन ने अब तक करीब 25 लोगो को सम्मानित करने का कार्य किया है. अध्यक्ष श्री रुखरियार ने निर्धारित तिथि को सभी सदस्यों से समय पर पहुंच कर अधिवेशन सह सम्मान समरोह को सफल बनाने की अपील किया है.

प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन

# अध्यक्ष बने किशोर प्रसाद, संयोजिका अनिता देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के कपका स्थित प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। इसमें 12 सदस्यों का चयन किया गया। चयनित 12 सदस्यों के बीच से किशोर कुमार को अध्यक्ष, सरीता देवी उपाध्यक्ष एवं अनिता देवी को संयोजिका पद पर चयन किया गया। पर्यवेक्षक सीआरपी फलजीत राणा के द्वारा नवगठित प्रबंधन समिति सदस्यों को उनके कार्य एवं दायित्व से अवगत कराया गया। मौके पर मुखिया कमलेश कुमार ने कहा कि विद्यालय में एसएमसी की बैठक नियमित रूप से होना चाहिए। विद्यालय के विकास व कार्ययोजना निर्माण में एसएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर अशोक सिंह,दशरथ प्रसाद, सीताराम मंडल, सरिता देवी, किरण देवी, सुखदेव प्रसाद, आरती देवी,कनिजा खातून, बालेश्वर महतो, राजेन्द्र ठाकुर समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांसद ने जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने की मांग की



**बरही ।** स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखंड एवं रामगढ़ जिला में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने को लेकर पत्र सौंपा है. सौंपे पत्र में सांसद ने मंत्री को अवगत कराया है कि हजारीबाग और रामगढ़ जिले की जनसंख्या लगभग 30 लाख है. जहां बेहतर शिक्षा व्यवस्था के अभाव में कई छात्र-छात्राएं गुणवत्ता युक्त शिक्षा लेने से वंचित रह जाते हैं. सांसद ने मंत्री से दोनों निर्धारित स्थल पर जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की मांग किया है. जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करने में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े और बच्चों को सही रूप से शिक्षा मिल सके। जब सही शिक्षा का निर्माण नहीं होगा तब तक समाज विकसित नहीं होगा।

---

विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ आगाज

# खेल से अनुशासन व टीम वर्क में काम करने की मिलती है सीख : निदेशक

*महोत्सव के पहले दिन विद्यार्थियों ने रेस और रिले आदि जैसे खेल का आयोजन किया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गड़लाही स्थित रेनबो विद्यालय में गुरुवार से तीन दिवसीय छठा खेल महोत्सव का आगाज हुआ. जिसका शुभारंभ निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा व विद्यालय के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से मशाल प्रज्ज्वलित कर किया. तीन दिन तक चलने वाले इस खेल प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो खो आदि सहित दर्जनों खेल का आयोजन किया जायेगा. जिसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षा के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगे. बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा. उक्त जानकारी निदेशक श्री कुशवाहा ने अपने संबोधन में दिया. उपस्थित विद्यार्थियों का हौसलावर्द्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई और खेल दोनों ही एक दूसरे के अनुपूरक है. दोनों में कैरियर की असीम संभावनाएं निहित है. पढ़ाई मानसिक तो खेल शारीरिक रूप से दुरुस्त करता है. उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन और टीम वर्क की भावना में विकास होता है. सभी विद्यार्थियों को खेल को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर भविष्य की कामना किया. महोत्सव के पहले दिन विद्यार्थियों ने रेस और रिले आदि जैसे खेल का आयोजन किया गया. खेल महोत्सव को सफल बनाने में कर्मी गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी केशरी, सतीश कुमार, मानसी केशरी, अरमान आलम, रानी कुमारी, शैलवी कुमारी आदि विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी समर्पित भाव से लगे हुए हैं.

एक दिवसीय मेगा नेत्र व चिकित्सक शिविर का आयोजन

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से स्वस्थ समाज का निर्माण हमारा लक्ष्य : हर्ष अजमेरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आरोग्यम अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने और समुदाय के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय, बीएसएफ मेरु कैंप में एक दिवसीय मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 650 से भी अधिक मरीजों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। शिविर में आरोग्यम अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों ने भाग लिया। जनरल फिजिशियन के रूप में डॉक्टर निखिल आनंद ने मरीजों की सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, खांसी, जुकाम, और पेट दर्द का इलाज किया। नेत्र विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर विवेक कुमार ने नेत्र जांच की और मरीजों को उनकी आंखों से जुड़ी समस्याओं जैसे दृष्टि दोष और मोतियाबिंद के लिए परामर्श दिया। ईएनटी विशेषज्ञ ने शिविर में कान, नाक, और गले से संबंधित बीमारियों के निदान एवं उपचार के लिए ईएनटी सेवाएं उपलब्ध थीं। दंत चिकित्सक (ऑर्थोडॉन्टिस्ट) दांत क्षय, मसूड़ों की समस्या और दांतों की सफाई जैसी सेवाओं के लिए विशेष परामर्श दिया गया।

कराटे प्रशिक्षक स्वामी विवेकानंद प्रेरणा सम्मान से सम्मानित

# 30 हजार से अधिक लड़कियों को सिखा चुके हैं आत्म रक्षा की कला

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** कराटे प्रशिक्षण में झारखंड के ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक शिहान उदय कुमार स्वामी विवेकानंद सम्मान से सम्मानित किए गए. यह सम्मान स्टार अप शिक्षा फाउंडेशन नई दिल्ली ने श्री कुमार को बेहतर कराटे प्रशिक्षण एवं उपलब्धि दिया. इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु एवं विश्व कराटे संघ के कोच हानसी प्रेमजीत सेन को देते हुए शिहान श्री कुमार ने बताया कि आत्म रक्षा के साथ शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए लोगों को कराटे अवश्य सीखनी चाहिए. विशेषकर महिलाओं के लिए तो कराटे सबसे बड़ा कवच है. उहोने बताया कि बीते 30 वर्षों से लगातार झारखंड के विभिन्न जिलों में वह कराटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं. सैकड़ों छात्रों ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं. उनके कई छात्र मलेशिया, सिंगापुर आस्ट्रेलिया में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं.



महिलाओं को सशक्त व आत्मसुरक्षित बनाने के लिए वह प्रारंभ से हीं प्रयासरत रहे है, अब तक तक तीस हजार लड़कियों एवं महिलाओं का वह प्रशिक्षण दे चुके हैं. जिसमें सैकड़ों महिला प्रशिक्षक बनकर अन्य जगहों पर प्रशिक्षण देने के कार्य कर रही है. ज्ञात हो कि शिहान श्री कुमार कुछ वर्ष झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल एवं

*अब तक तक तीस हजार लड़कियों एवं महिलाओं का वह प्रशिक्षण दे चुके हैं. जिसमें सैकड़ों महिला प्रशिक्षक बनकर अन्य जगहों पर प्रशिक्षण देने के कार्य कर रही है.*

वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष तीन बार इनके छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है. जिसका महामहिम ने छात्राओं सहित शिहान के कार्य को भी काफी सराहा था. श्री कुमार के इस सम्मान के लिए विष्णुगढ़ केजीबीवी की वार्डेन ज्योति वर्मा, आईलेक्स के निदेशक शैलेश कुमार, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, सॉफ्टेक कंप्यूटर के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा आदि सहित हजारीबाग जिले के कई बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

## डीसी ने राजस्व संग्रहण से संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक बोले

# सरकार के दिए लक्ष्य के अनुरूप हो राजस्व वसूली : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मेंगुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन, मोटरयान निरक्षक, नीलम पत्र, जिला मत्स्य, राज्य कर गुमला -सह- सिमडेगा, नगर परिषद, जिला खनन, अवर निबंधक विभाग सहित भू-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन, आपसी बंटवारा/उत्तराधिकारी बंटवारा एवं पीएम किसान ई-केवाईसी की समीक्षा की गई। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि जिला अंतर्गत विशेष हेलमेट, सीटबेल्ट अभियान प्रत्येक प्रखंड में नियमित रूप से चलाए जाय। इसके साथ ही ओवरलोडिंग, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन व अन्य कार्यों से जुड़े राजस्व वसूली में वृद्धि लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने मोटरयान निरक्षक द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 की वार्षिक लक्ष्य 121.56 लाख के विरुद्ध अब तक की कुल वसूली 19.26 लाख है जो कि 12.18 प्रतिशत है। उपायुक्त ने मोटरयान निरक्षक को लगातार वाहनों की जांच कर सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं जिला खनन विभाग द्वारा भी वार्षिक लक्ष्य 2229.39 लाख के विरुद्ध अब तक कुल 969.61 लाख का ही वसूली किया गया जो 43.30 प्रतिशत है। उपायुक्त महोदय जिला खनन पदाधिकारी को बालू, पत्थर इत्यादि की अवैध खनन परिवहन करने वाले पर सख्ती से करवाई करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने जिस विभाग द्वारा अबतक 50% से कम राजस्व की वसूली की तो उससे संबंधित पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। जमीनों के म्युटेशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए 30 दिन से अंचलाधिकारी के पोर्टल लंबित मामलों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त द्वारा भूमि की अनियमित, अवैध जमाबंदी को नियमित व रद्द करने से संबंधित मामलों की समीक्षा की।अंत में उपायुक्त कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र से जमीन विवाद, भूमि सुधार करने इत्यादि से संबंधित मामलों मेरे जनता दरबार में आते हैं। जिसको कि मेरे द्वारा संबंधित सीओ को मार्क किया जाता है।

जनता दरबार के मामले के साथ - साथ आपके पास जनता के द्वारा आने वाले भूमि संबंधी जितने भी मामले आते उसे प्रायोरिटी के साथ समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी आम लोगों को बार-बार ऑफिस का चक्कर लगाने जैसे कार्य करें ,ऐसा बिल्कुल भी ना हो इसे सुनिश्चित करें। जो कार्य नहीं होने वाला है उसका कारण उसे स्पष्ट बता दें। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, एलआरडीसी अरुणा कुमारी सहित परिवहन पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी सभी अंचलाधिकारी, सभी हल्का कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## आम जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार



सिमडेगा :आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, आवास योजना का लाभ दिलाने, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण करने, बैंक द्वारा वृद्धा पेंशन की राशि की निकासी पर रोक लगाने, एवं कर्नाटक राज्य के अस्पताल से प्रवासी मजदूर को वापस लाने हेतु मदद करने से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

## परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान वसूले 71000 जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के समीप डीटीओ संजय कुमार बाखला एवं मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के क्रम में कई वाहनों के दस्तावेज अधूरे पाए गए। साथ ही कई दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते हुए पकड़े गए। नियम संगत वाहन न चलाने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जुर्माना किया गया।इस दौरान वैसे वाहन जिनका पथ कर(रॉड टैक्स),फिटनेश,इंश्योरेंस, पॉल्यूशन इत्यादि कागजात अधूरे पाए गए,उनपर जुर्माना किया गया।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कुल 42 वाहनों की जांच की गई।जिसमें कुल 35 वाहनों से 71000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।मौके पर डीटीओ संजय कुमार बाखला,एमवीआई प्रकाश रंजन,परिवहन कर्मी देवशरण चंद्र डे,शिद्धार्थ राज,राजेश कुमार एवं जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## भाजपा सदस्य बनाकर संगठन को करें मजबूत श्रद्धानन्द बेसरा

**कुरडेग।** संगठन महापर्व भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कुरडेग मंडल में गुरुवार को बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कुरडेग मंडल अध्यक्ष सह मंडल सदस्यता अभियान संयोजक सकलराम बड़ाईक ने किया।उन्होंने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार पूरे झारखंड में 22 दिसंबर से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा,कार्यकर्ता 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर एसएमएस के द्वारा प्राप्त लिंक पर जाकर विवरण भर कर भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर भाजपा सदस्य बनाना है अलग-अलग पदाधिकारी के लिए प्रदेश द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान कार्य प्रारंभ कर देना है।

# आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की बैठक की गई ।बैठक में 17 मंत्रालयों के द्वारा 25 विषयों की योजनाओं में अभिसरण के माध्यम से 30 राज्यों में 549 जिलों के2911 प्रखंडों के अधीन 63,843 गांवों में पांच वर्षों 2024-25 से 2028-29 तक अभियान चलाना है। सिमडेगा जिले में यह अभियान सभी प्रखंडों के 292 गांवों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्य योजना बनेंगे। इसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन के तहत पेयजलापूर्ति, विद्युतीकरण ,सोलर एनर्जी, चलंत चिकित्सा इकाई, आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जान आरोग्य योजना,प्रधान मंत्री उज्वाला योजना,पोषण अभियान,छात्रावासों का निर्माण ,समग्र शिक्षा अभियान,पोषण वाटिका, भारत नेट, कौशल विकास, कृषि, मत्स्य, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, पर्यटन में जनजातीय होम स्वदेश दर्शन,तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं सहित राज्य की योजनाओं को उन गांवों में चलाई जाएगी। आज की बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक,जनजातीय विकास अभिकरण सरोज तिर्की,अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, सिविल सर्जन रामदेव पासवान,परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला,समाज कल्याण पदाधिकारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिमडेगा कांग्रेस कमेटी ने झूलन सिंह चौक में जलाया गृह मंत्री का पुतला



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार की शाम सिमडेगा झूलन सिंह चौक में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगवाई में देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया ।इस मौके पर जमकर नारेबाजी की गई ,मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को जिस तरह से अपमान किया है, वह एक कुंठित और द्वेष भरी मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। गृह मंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निर्माता का अपमान करना बताता है कि भाजपा के नेताओं में दलित के प्रति कितनी नफरत और घृणा भारी है ।उन्होंने कहा कि यह बाबा साहब का नहीं बल्कि देश के करोड़ दलित शोषित वंचितों का अपमान है ,जिसको कांग्रेस पार्टी नहीं सहेगी ।उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करना भाजपा एवं आरएसएस की परंपरा का हिस्सा है। संघ की शाखों में यही सिखाया जाता है ।गरीब दलित आदिवासियों पर अत्याचार करना यह लोग अपना अधिकार समझते हैं। कार्यक्रम में जोनसन मिंज, अध्यक्ष डेविड तिर्की, सामरोम पॉल टोपनो, प्रदीप केशरी ,कौशल किशोर रोहिल्ला , मनोज जयसवाल, शिशिर मिंज रणधीर रंजन, संतोष सिंह , विजय बड़ाईक, तनवीर खान, जमीर हसन, सोनल लकड़ा,शैलेश कुजूर ,लखन गुप्ता,

# संत दोमिनिक इंटर कॉलेज लचरागढ़ परिसर में मनाया क्रिसमस गैदरिंग सह नृत्य प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** संत दोमिनिक इंटर कॉलेज लचरागढ़ परिसर में गुरुवार को पल्ली स्तरीय क्रिसमस गैदरिंग सह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लचरागढ पल्ली एरिक जोसेफ कुल्लू उपस्थित हुए जिन्होंने उद्घाटन कैंडल जला व केक काट कर किया। इस अवसर पर चरनी सजाई गयी।नृत्य का आयोजन किया गया कार्यक्रम में संत दोमनिक इंटर कालेज, संत अन्ना मध्य व उच्च विधालय, आरसी बालक मध्य विधालय, मोन्टफोर्ट इंगलिश मिडियम व संत वियान्नी उच्छ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।मुख्य अतिथि फादर डीन एरिक जोसेफ कुल्लु ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस खुशियों का त्यौहार है क्रिसमस जीवन मे खुशियां लाता है क्रिसमस का त्योहार बड़ा दिन के रूप में मनाया जाता है क्रिसमस मे हर ओर खुशहाली होती है हमें क्रिसमस का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु सच्चे पथ प्रदर्शक हैं प्रभु यीशु ने मानव जीवन के कल्याण के लिए धरती पर अवसरित होकर मानव जीवन की सेवा किया ।तथा कल्याण किया।अतिथयो का स्वागत युवा संघ व संत दोमनिक के छात्राओ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलबिनुस लुगुन ने किया।इस अवसर पर फादर क्लेमेंट लकडा, रैव्ह बेंजामीन केरकेट्टा, रैव्ह फादर अलबिनुस केरकेट्टा, सिस्टर सुषमा तिग्गा, रेश्मा डुंगडुंग, अमुल्या होबो, सिमोन बडिंग, ब्रदर बेजामीन समद, ब्रदर आरोग्यम, ब्रदर बिनोद कुल्लु के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। निर्णायक की भुमिका त्योफिल डांग, जोसेफ सोरैंग, खिस्तोफर सिंदुरिया, जगदीश डांग, शशि तोपनो, आनंद डुंगडुंग, मनोरमा कुल्लु ने निभमी। स्वागत भाषण फादर अलबिनुस केरकेट्टा व धन्यवाद ग्यापन अलबिनुस लुगुन ने दिया।।मंच संचालन प्रमोद, एडमोन डांग, सोनाली, सलीम, स्नेहा, ने किया।

# केंद्र सरकार के निर्देश पर ‘प्रशासन गांव की ओर’ का का प्रखंडों में हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के निदेश के आलोक में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के आदेश पर गुरुवार को सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत “प्रशासन गांव की ओर” अभियान का आयोजन प्रखंडों में प्रारंभ किया गया। यह अभियान 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस दौरान प्रखंड स्तर पर आयोजित सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत “प्रशासन गांव की ओर” अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में आम जनों की शिकायत एवं विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान आम जनता के द्वारा जॉब कार्ड, जाति, आय, एवं स्थानीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने, राशनकार्ड में सदस्य जोड़ने, नया राशनकार्ड बनाने, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने एवं आधार सुधार करना से संबंधित मामलों आये। सभी मामलों का कार्यक्रम निष्पादन सुनिश्चित किया जा।

सिमडेगा प्रखंड के “प्रशासन गांव की ओर” कार्यक्रम में कुल 469 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया। पाकरटांड़ में कुल 299 आवेदन प्राप्त हुए जिसके तहत मौके पर 271 आवेदन का निष्पादन किया गया। तथा लंबित व प्रक्रियाधीन आवेदनों की संख्या 28 है। बानो में कुल 731 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन हुआ वही जलडेगा में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए जिसके तहत मौके पर 108 आवेदन का निष्पादन किया गया। तथा लंबित व प्रक्रियाधीन आवेदनों की संख्या 14 है। ठेठईटांगर में कुल 421 मामले से संबंधित आवेदन दिये गया। जिसका मौके पर शत प्रतिशत आवेदनों निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को कानून के प्रति किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभातफेरी निकालकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया गया। शहर में निकाले गए प्रभातफेरी में शामिल जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल के बच्चों ने लोगों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर नारेबाजी की। शहर के नीचे बाजार,घोचोटोली,चर्च रोड आदि इलाकों का परिभ्रमण कर बच्चों ने कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने की कोशिश की। ग्रामीणों को शिक्षा के अधिकार,बच्चों के अधिकार,लोगों के मौलिक अधिकार,प्राधिकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित कर पारा लीगल वोलेंटियर ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी दी। कहा गया कि विधिक सहायता हासिल करने के लिए प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इधर ग्रामीण क्षेत्रों केरसई, कुरडेग,बानो,कोलेबिरा प्रखंड के गांवों में भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि झालसा रांची के निर्देशानुसार 90 दिवसीय आउट रिच विशेष डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विभिन्न लीगल लिट्रेसी क्लब द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इधर केरसई में राजकीय कृत+2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य समीर चन्द्र मांझी के नेतृत्व में निकाली गई प्रभातफेरी में लीगल लिट्रेसी क्लब के सदस्य,सभी शिक्षक और पी एल वी उपेन्द्र कुमार एवं विष्णु प्रसाद शामिल रहे। वहीं सिमडेगा शहर में निकाले गए प्रभातफेरी में कैम्ब्रिज विद्यालय के निदेशक शीतल प्रसाद,पीएलवी अजित,सुरजीत,काजल,दीपक आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### लोकपाल ने मनरेगा की संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण



**बानो।** सिमडेगा लोकपाल पुष्पा सिंह ने गुरुवार को लचरागढ़ पंचायत दौरा किया। मनरेगा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया लोकपाल पुष्पा सिंह बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी गाय शेड का निरीक्षण किया जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बीपीओ संगीता देवी मुखिया जीरेन मड़की, पंचायत सचिव संजीव कुमार जेइ दीपक बडाइक, रोजगार सेवक करिश्मा बडाइक,राजेश महतो अजीत साहू के अलावा अन्य लोगों उपस्थित थे।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने किया जल शुद्धीकरण केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की ए एन एम एवं जी एन एम की छात्राओं को जल शुद्धीकरण संयंत्र (पंप हाउस), बानो का भ्रमण कराया गया जहां पंप हाउस रेलवे स्टेशन बानो के इंजीनियर बिरुआ जी ने शुद्ध जल की उपयोगिता, दूषित जल का नुकसान , वॉटर प्युरीफिकेशन की प्रक्रिया ,दूषित जल को एलम, बालू, कोयला ग्रेवल्स एवं क्लोरीन गैसके माध्यम से जल शुद्धिकरण किया जाता है। फिल्टर किए गए जल शुद्धिकरण के टीडीएस के बारे में विस्तार रूप से बताते हुए जल संचयन को लेकर भी छात्राओं को प्रेरित किया गया। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने दूषित जल का शरीर में नुकसान तथा दूषित जल से वैक्टरिया जनित रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर प्रेमानंद उपाध्याय, मगदली खेस संस्थान की प्राचार्या एरेन बेक, रविकांत मिश्रा अल्बीना तोपनो वंदना धनवार अमृता वार्डन मटिल्डा तिर्की, बिनीता कुमारी एवं सभी छात्राएं शामिल रहीं।

### ब्राह्मण सेवा संघ ने मृतक के परिवार को सहायता राशि प्रदान कर किए




**कोलेबिरा।** निवासी दिव्यांग राजेश पंडा की कुछ दिनों पहले आकस्मिक मौत हो गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के पदाधिकारि मृतक की तेरहवीं पर स्वर्गीय राजेश पंडा के घर कोलेबिरा पहुंचकर उनके परिजनों को 5100 रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष केदार माहंती ने बताया कि संघ के किसी भी प्राथमिक सदस्य के निधन पर संघ में सहयोग प्रदान करने का प्रावधान रखा गया है। इस दौरान संघ के संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राही, सिमडेगा जिलाध्यक्ष विद्या बंधु शास्त्री, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी , कोलेबिरा प्रखंड समिति के उपसचिव लखेश्वर पंडा उपस्थित रहे वहीं संघ के द्वारा स्वर्गीय राजेश पंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार को सांत्वना प्रदान किया गया।

### कुरडेग प्रखंड करने सभागार में मनरेगा संचालित योजनाओं को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में चल रहे मनरेगा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मुखिया,पंचायत सचिव एवं तकनीकी विशेषज्ञों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को हुआ ।प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मनरेगा बेबसाइट पर जॉब कार्ड बनाने, जॉब कार्ड से आधार सीडिंग करने और अकाउंट अपडेट करने,डिमांड भरना, मास्टर रोल निकालना ,खाता फ्रीज करना, योजनाओं का क्रियान्वयन करना सहित अन्य जानकारी दी गई, ।प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ नैमन कुजूर ने कहा कि मनरेगा का सारा कार्य पंचायत भवनों से ही किया जाएगा ।प्रशिक्षण अच्छे से लें और अपने कार्य को जल्द से जल्द पंचायत से शुरु करें जिससे कार्य करने वाले मजदूरों को प्रखण्ड का चक्कर नही लगाना पड़े ।साथ ही जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्रों के सभी आवेदन को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षक के रूप में शिशिर टोप्पो ,रोशनी कुल्लू उपस्थित थे। प्रशिक्षण में सभी पंचायतों के मुखिया,पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### अघरमा ज्योति उच्च विद्यालय में हुआ जार्ट क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन



**रांची।** कोलेबिराः प्रखंड के ज्योति उच्च विद्यालय में जार्ट क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का अयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा उपस्थित हुए। जहां पर विद्यालय की ओर से उनका स्वागत किया गया । खेल में एथलेटिक्स एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे जितुटोली, रामपुर, तुरबुंगा और अघरमा के उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।मौके पर मुख्य अतिथि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन से और अधिक खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे। देश दुनिया मे परचम लहरायेंगे। सिमडेगा का नाम रौशन करेंगे। राज्य सरकार एवं विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के साथ साथ नौकरी देने का काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को पूरा सम्मान देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा में लगातार निखार लाएं। आप बेहतर खिलाड़ी है तो आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। झारखंड सरकार ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उन्होंने नशापान सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया ।मौक पर मुख्य रूप से अघरमा पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर लीनो फर्नांडिस, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक जमीर खान, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी,जिला सचिव अल्पसंख्यक जमीर हसन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, सुनील जोजो, फादर सिसिर इंदवार, फादर कल्याण, सिस्टर रजनी, सिस्टर दयामनी,फादर जैसन,सभी शिक्षक,विद्यार्थी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**
भाजपा के सदस्यता अभियान को ले गावां व माल्डा मण्डल में भाजपा की बैठक का आयोजन किया गया। गावां मंडल की बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रंजन एवं माल्डा मण्डल की बैठक में भाजपा नेता मनोज यादव मुख्यरुप से उपस्थित थे। बैठक में सभी पंचायतों में भाजपा के नए सदस्य बनाने पर चर्चा की गई। तय किया गया कि अधिक से अधिक लोगो को पार्टी से जोड़ा जाएगा। अभियान की सफलता के लिए सभी पंचायतों के लिए प्रभारी नियुक्त किये गए। वहीं सभी पंचायतों में बैठक करने का भी निर्देश दिया गया। तय किया गया कि कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर भाजपा के नए सदस्य बनाएंगे व भाजपा के नीतियों व सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। तय किया गया कि 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती एवं 29 दिसंबर को हर बूथ पर मन की बात सुनने का भी निर्णय लिया गया। गावां मण्डल की बैठक में श्रीराम यादव, मुन्ना सिंह, ललित पांडेय, कॉग्रेस यादव, चंद्रिका यादव, मनोज सिंह, विशाल राणा, राजेन्द्र चौधरी, देवनन्दन सिन्हा, राजकुमार यादव एवं माल्डा मण्डल की बैठक में अमरदीप निराला, योगेंद्र प्रसाद, बालकिशुन साव, अशोक साव, बिनोद मिष्टकार, उदय यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# फुटपाथ पर चल रही महिला को कार ने ठोकर मारकर किया घायल, इलाज के दौरान हुई मौत



*पूर्व मंत्री बेबी देवी शोक संतप्त परिवार से मिलकर दी सांत्वना*

**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
डुमरी थाना क्षेत्र के करिहारी में गुरूवार को एक कार (जेएच 10 सीएस 8047) ने दुकान से सामग्री ले कर पैदल आ रही करिहारी निवासी सह डीलर संघ के उपाध्यक्ष व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष झामुमो चंदेश्वर महतो की पत्नी शांति देवी (58) को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बोकारो ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की खबर सुनकर पूर्व मंत्री बेबी देवी शोक संतप्त परिवार से मिल सांत्वना दी। पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया साथ ही कार को जब्त कर थाना ले गयी ।घटना की खबर सुन डीलर संघ से जुड़े दर्जनों सदस्य,जनप्रतिनिधि, झामुमो कार्यकर्ता, विभिन्न दलों से जुड़े नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी। इधर कुरमी चेतना मंच के अध्यक्ष जिवाधन महतो सचिव दुर्योधन महतो कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो छोटू कुड़मी समाज व वृहत झारखंड कुडमी आदिवासी मंच के जिलाध्यक्ष बैजनाथ महतो, धनेश्वर विद्यार्थी, टुपलाल महतो, राजकमल महतो, करमचन्द महतो, बिरेन्द्र प्रसाद महतो, बलदेव महतो, भुनेश्वर महतो आदि ने शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी ।बताया जाता है कि मृतका दुकान से पैदल आ रही थी कि उक्त कार उन्हें ठोकर मारते हुए एक ट्रक से जाकर टकरा गया।

## ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 39 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजा कॉलोनी निवासी मोहम्मद शाहनवाज खान और मोहम्मद अकील अहमद शामिल हैं। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि आजाद बस्ती के एक जर्जर मकान में ब्राउन शुगर का सेवन और कारोबार हो रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोहम्मद शाहनवाज को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 16 ग्राम ब्राउन शुगर और 1000 रुपए नकद बरामद हुए। शाहनवाज की निशानदेही पर पुलिस ने मोहम्मद अकील अहमद को उसके घर से पकड़ा, जहां तलाशी के दौरान 23 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी को ले जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




**गिरिडीह।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया साथ इस इस्तीफे की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि 17 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निमार्ता के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करना निंदनीय है, संवैधानिक पदाधिकारी की ओर से इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक है और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है। धनंजय सिंह ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर समानता न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक हैं यह हमारे देश की सामाजिक सद्भावना के लिए खतरा है। कार्यक्रम में अशोक विश्वकर्मा, ऋषिकेश मिश्रा, अमित सिंह, मदन लाल विश्वकर्मा,प्रोफेसर मंजूर अंसारी, प्रोफेसर कमलनयन सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभय, यश सिन्हा, चंद्रशेकर सिंह, बरूण सिंह, बेलाल, सुजीत मंडल सहित कई लोग थे


## जिला पशुपालन कार्यालय, खूँटी।

### आम सूचना

जिला खूँटी अन्तर्गत सभी आमजनो को सूचित किया जाता है। भारत साकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पत्राचार स0–T-1014/1/2022-AHS_DADF दिनांक–17.10.2024 एवं पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 1624 नि0 दिनांक–19.12.2024 के निदेशानुसार सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य सहित जिला खूँटी में दिनांक–20.12.2024 से भारत सरकार के दिये गये निदेशों के आलोक में चिन्हित एवं प्रशिक्षित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा सभी प्रखण्डों एवं नगर प्रखण्ड में 21वीं पशुधन गणना का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है।

अतः सभी आमजनो से अनुरोध है कि इस कार्य हेतु आपके घर–घर पहुँचने वाले प्रगणको और पर्यवेक्षक को माँगे गए संबंधित जानकारियों को साझा किया जाय। स्थानीय जन प्रतिनिधि उस कार्य में आवश्यक सहयोग करना चाहेंगे, ताकि इसे निदेशानुसार ससमय कराया जा सकें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी।

PR 342419 (Animal Husbandry) 24-25 (D)


# आंगनबाड़ी केंद्र को बनाएंगे मॉडल आंगनवाड़ी केन्द्र : रागिनी सिन्हा



**नवीन मेल संवाददात। बिरनी गिरिडीह।** बिरनी बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत अंतर्गत अंबाटांड में स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाएगा इसकी जानकारी पेशम पंचायत की मुखिया श्रीमति रागिनी सिन्हा ने दी उन्होंने बताई आज विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें वार्ड सदस्य अनिता देवी एवं ग्रामिणों का भी सहयोग रहा साथ ही मुखिया रागिनी सिन्हा ने ग्रामीणों के साथ बैठक की जिसमें विद्यालय के चारों और सुरक्षा की दृष्टि कौन से जालीदार तार से घेराव एवं बाउंड्री वाल के लिए विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराने का निर्णय लिया गया साथ ही विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के अगल बगल फुल के पौधे एवं वृक्षारोपण किया जाएगा ताकि शुद्ध एवं स्वच्छ वातावरण में बच्चे पढ़ाई कर सकें आंगनवाड़ी सहायिका बसंती देवी पोषणसखी पिंकी वर्मा वार्ड प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा स्कूल गुड्डू सिन्हा शिक्षक लुटन मोदी नीलमनी वर्मा रामकिशोर यादव अनिल पाण्डेय शामिल हुए।

## मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

# विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य होंगे प्रशिक्षित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों (जिले के सभी बीआरपी एवं सीआरपी एवं डाइट बगोदर संकाय के सभी सदस्य) का दो दिवसीय प्रशिक्षण सर जेसी बॉस विज्ञान भवन गिरिडीह में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि समुदाय के सभी लोगों में किसी न किसी कार्य का विशेष गुण पाया जाता है और सभी विशिष्ट गुण वाले व्यक्ति अगर एक साथ मिलकर कोई कार्य करेंगे, तो वह कार्य जरूर सफल होगा। आवश्यकता है हमें अपने प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को विद्यालय के विकास एवं प्रबंधन में सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण एवं दक्षता निर्माण करने की बात कही गई। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य, प्रशिक्षण की रणनीति, प्रशिक्षण देने की विधि एवं प्रशिक्षकों के लिए ध्यान देने वाली बातों पर सर्वप्रथम परिचर्चा की गयी। पुनः सत्र के प्रथम सत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का ' सपनों का विद्यालय ' कैसा होगा? विद्यालय प्रबंधन समिति की जरूरत क्यों है, इसकी संरचना क्या है, उसके अहर्ता क्या है, विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य दायित्व क्या है? इस पर विस्तृत चर्चा की गई।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(सामान्य शाखा)

### –: आवश्यक सूचना :–

उपायुक्त, हजारीबाग की अध्यक्षता में दिनाक 06.12.2024 को नियुक्ति समिति की बैठक के कंडिका 13 में लिये गये निर्णय के अनुसार बरही अंचल अन्तर्गत बीट संख्या–3/9, जिसमें 14 आवेदन स्वीकृत थे, किन्तु दिनांक 20.09.2024 को अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार उस बीट के मृत चौकीदार के आश्रित को चौकीदार के पद पर नियुक्त किया गया है, जिसके आलोक में संबंधित बीट की रिक्ति समाप्त हो गयी।

दिनांक 14.12.2024 को उक्त बीट से संबंधित सभी 14 (चौदह) स्वीकृत अभ्यर्थियों का टंककीय भूलवश प्रवेश पत्र निर्गत हो गया है।

अतः बरही अंचल अन्तर्गत बीट सख्या–3/9 के कुल 14 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को रदद् किया जाता है। सभी अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है:–

| Sl No. | Roll no. | Centre Code | Centre name | Form No. | Candidate's Name | Father's/ Husband Name |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 653 | 10653 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 1814 | ABHISHEK PASWAN | NIRANJAN PASWAN |
| 658 | 10658 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 1681 | AMIT KUMAR | BALESHWAR YADAV |
| 687 | 10687 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 1816 | PINTU KUMAR | MAHADEV YADAV |
| 689 | 10689 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 7382 | PUSHPA DEVI | SANJAY GIRI |
| 693 | 10693 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 4730 | RAHUL KUMAR | NARESH YADAV |
| 697 | 10697 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 4728 | RANJEET KUMAR | RAJU YADAV |
| 699 | 10699 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 1815 | RANJIT KUMAR | CHANDRA YADAV |
| 703 | 10703 | 03 | संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय,हजारीबाग। | 3754 | ROHIT KUMAR | PURAN YADAV |
| 3368 | 20201 | 01 | ईंटर साईंस कॉलेज, जबरा, हजारीबाग। | 3748 | CHANDAN KUMAR | BINOD YADAV |
| 3370 | 20203 | 01 | ईंटर साईंस कॉलेज, जबरा, हजारीबाग। | 3741 | CHOTAN KUMAR | RUPAN YADAV |
| 3371 | 20204 | 01 | ईंटर साईंस कॉलेज, जबरा, हजारीबाग। | 4694 | KISHOR KUMAR YADAV | SUKHDEV YADAV |
| 3372 | 20205 | 01 | ईंटर साईंस कॉलेज, जबरा, हजारीबाग। | 1211 | MUKESH KUMAR | MAHENDRA THAKUR |
| 3379 | 20212 | 01 | ईंटर साईंस कॉलेज, जबरा, हजारीबाग। | 1688 | SUDHIR KUMAR | MUNSHI YADAV |
| 3381 | 20214 | 01 | ईंटर साईंस कॉलेज, जबरा, हजारीबाग। | 1682 | SWATI KUMARI | MUNSHI YADAV |

ह0/–
उप विकास आयुक्त, हजारीबाग –सह– अध्यक्ष,
परीक्षा संचालन समिति,
चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2024।

PR 342381 District(24-25)D


## विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ ढाई दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज




**बरही।** विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ विभाग का लगातार छापेमारी अभियान जारी है. बुधवार को कोनरा, रानीचुआ, बरही पश्चिमी आदि विभिन्न पंचायतों में सघन छापेमारी अभियान चलाए गए. इस दौरान 30 लोगो को टोका लगाकर विद्युत ऊर्जा चोरी करते पाया गया. जिनके खिलाफ बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है. कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा. उपभोक्ता वैध कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपभोग करे अन्यथा पकड़े जाने पर विधिसम्मत कानूनी कारवाई की जायेगी.

## भिखारी ठाकुर के 137वें जन्मदिवस पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**गुमला।** भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर के 137वें जन्मदिवस के अवसर पर झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी ने गुमला कॉलेज के शिक्षा संकाय के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कलाकारों, साहित्यकारों, प्रशिक्षु शिक्षकों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भिखारी ठाकुर के जीवन और कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी से हुई, जिसमें छात्रों और वक्ताओं ने उनके योगदान को याद किया। भिखारी ठाकुर द्वारा समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज को मंच तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की गई। रंगमंडल के कलाकारों ने भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध नाटकों जैसे बिदेसिया, गंगा स्नान और विधवा विलाप का मंचन किया, जिसने दर्शकों को उनकी रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों से जोड़ दिया। इन नाटकों ने दर्शकों को समाज सुधार की दिशा में भिखारी ठाकुर के दृष्टिकोण से परिचित कराया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव डॉ. दीपक प्रसाद ने कहा की भिखारी ठाकुर सिर्फ नाटककार नहीं थे, बल्कि समाज सुधारक भी थे। उनके नाटक आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन भिखारी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुआ, जहां कलाकारों और उपस्थित अतिथियों ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## सब्जी दुकानों को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने किया सड़क जाम

**गुमला।** गुमला के जशपुर रोड में बंगाली क्लब के सामने सड़क किनारे लगने वाले सब्जी दुकान को हटाने के लिए नगर परिषद द्वारा दिए गए अल्टीमेटम के विरोध में सब्जी विक्रेता महिलाओं ने गुरुवार दिन के 2 बजे को पटेल चौक को जाम कर दिया। जाम का नेतृत्व झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सह गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी कर रही थी। सब्जी बिक्रेता महिलाओं की ओर से देवकी देवी का कहना था कि राज्य और केंद्र की सरकार महिलाओं को रोजगार के लिए लोन दे रही है। महिलाएं लोन लेकर अपना कारोबार कर रही हैं। शहर का सौंदर्यीकरण के नाम पर सब्जी कारोबारियों को अन्यत्र हटाने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। कहा कि बंगाली क्लब के सामने महिलाएं वर्षों से सब्जी बेचने का काम कर रही है। दूसरे स्थान पर सब्जी की बिक्री नहीं होती है। उन लोगों को वहां से हटाए जाने पर सब्जी व्यापारी का व्यापार बंद हो जाएगा और वे कर्ज में डूब जाएंगे।

# पंचायती के दौरान हुई मारपीट, दो लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के टाटो गांव में जमीन विवाद को लेकर पंचायत के दौरान हिंसक झड़प हुई। कैलाश प्रसाद वर्मा ने बिरनी थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया कि विवाद के दौरान बैकुठ वर्मा ने धारदार हथियार से उनके माथे पर हमला किया। उनके बेटे विकास वर्मा ने कैलाश को पकड़कर दूसरा वार करने का प्रयास किया। कैलाश की पत्नी बीच-बचाव करने आईं तो मन्नू वर्मा और सुनीता देवी ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि सुनीता देवी ने कैलाश की पत्नी को जमीन पर गिराकर उनके कपड़े फाड़ दिए, जिससे उनकी लज्जा भंग हुई। इसके अलावा, गले से सोने की चेन भी छीन लिया। जब घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो दिलीप वर्मा ने रास्ते में बाधा पहुंचाई। इस मामले में बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज ने कहा कि दोनों पक्षों से आवेदन देकर आरोप प्रतिआरोप लगाया। जांच पड़ताल के दोषी पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस का कहना था कि पुलिस कार्रवाई उसी समय करेगी जब तक किसी तरह का मामला साफ नहीं हो जाता है। पुलिस इस संबंध में जांच में जुट गयी है जो भी दोषी पाया जायेगा उसपर कार्रवाई की जायेगी। अभी किसी तरह का कदम उठाना उचित नहीं होगा।

## हिंदुओं को एकजुट होने का दिया संदेश

# हजारीबाग से देवघर यात्रा के लिए निकले चार सनातनी



*आज के समय में जिस तरह बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है यह बहुत चिंता का विषय है। इसके लिए वहां की सरकार की निंदा करनी है*

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
हिंदुओं को एकजुट होने के लिए हजारीबाग से देवघर तक की पद यात्रा पर निकले हैं 4 सनातनी हिन्दू। उन्होंने हजारीबाग से पद यात्रा करते हुए गुरुवार को बिरनी पहुंचे जहां स्थानीय दुकानदारों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने हिंदुओं को बटेंगे तो घटेंगे का नारा देकर एकजुट होने का संदेश दिया। हिंदुओं को जागरूक करने की मुहिम हजारीबाग जिला के 4 युवाओं अजय दास सनातनी, रौशन झा, रामचरित्र प्रसाद दांगी एवं छोटू राम ने की है। इस दौरान अजय दास सनातनी ने कहा कि आज के समय में जिस तरह बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार,यातनाएं एवं निर्मम हत्या की जा रही है वह बहुत ही पीड़ादायक है। यह देखकर हत्या की जा रही कि तुम सिर्फ हिन्दू हो चाहे बच्चे, बूढ़े, बीमार ही क्यों न हो और वहां की युनूस सरकार हाथ धरे बैठी है। इतना ही नही युनुश सरकार भारत को यह कहकर धमकी दे रही है कि बंगाल, झारखंड और बिहार को भी बांग्लादेश में शामिल कर लेंगे इसलिए आज के समय मे हिंदुओं को एकजुट रहने की जरूरत है। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने उनके साथ पद यात्रा करते हुए बरहमसिया चौक पहुंचे।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–52/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण उअभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू॰) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू॰) | अग्रधन की राशि (रू॰) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fixing of GI Shed, Parking Tiles of Vehicle for Various Department in the Campus of Engineering Hostel No.-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 15,90,000.00 | 5000.00 | 32000.00 | 2 Months |
| 2 | Renovation of Dresser & Compounder Qtr. No.-95 at Doctor's Colony, Bariyatu, attached to RIMS, Ranchi | 4,97,900.00 | 750.00 | 10000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of Qtr. No.-52 (G.F) Located at Doctor's Colony, Bariatu, Ranchi | 18,93,200.00 | 5000.00 | 38000.00 | 2 Months |
| 4 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-3 (First Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,98,450.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of "B" Type Qtr. NO.-879 (F. F) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,97,500.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 6 | Renovation of "CD" Type Qtr. No.-450 (S.F) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 6,35,000.00 | 1250.00 | 13000.00 | 1 Month |
| 7 | Renovation of "CD" Type Qtr. No.-665 (S.Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 5,96,500.00 | 1250.00 | 12000.00 | 1 Month |
| 8 | Renovation of "B" type Qtr. No.-1521 (First Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,97,900.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 9 | Campus Development and Miscellaneous Work in the Campus of E Type Qtr. No.-103 at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 8,45,500.00 | 1250.00 | 17000.00 | 1 Month |
| 10 | Renovation of Roof treatment of UG Girls Hostel No.-6 (SITA) attached to RIMS, Ranchi | 20,49,000.00 | 5000.00 | 41000.00 | 3 Months |
| 11 | Renovation of Roof treatment of UG Girls Hostel No.-5 (RANI) attached to RIM, Ranchi | 20,49,000.00 | 5000.00 | 41000.00 | 3 Months |
| 12 | Construction of Partition Wall, Grill gate between SBI and Kelly Bunglow 1 and Construction of New Gate and approach Road, Kelly Bunglow-1 at RIMS, Ranchi | 11,70,400.00 | 2500.00 | 23500.00 | 2 Months |
| 13 | Renovation of Qtr. No.-19 (G.F) located at Doctor's Colony in RIMS, Bariatu, Ranchi | 18,97,500.00 | 5000.00 | 38000.00 | 3 Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 342370 Building(24-25)#D

> किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने से पूर्व आपको मौन में बैठकर, परमपिता से उनके आशीर्वाद के लिये प्रार्थना करनी चाहिये। तब आपकी शक्ति के पीछे ईश्वर की शक्ति, आपके मन के पीछे ईश्वरका मन, एवं आपकी इच्छा-शक्ति के पीछेउनकी इच्छा-शक्ति होगी। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**



संपादकीय

## वन नेशन वन इलेक्शन के बाद वन यूनिफॉर्म

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में 'एक देश, एक चुनाव' के लिए 129वां संविधान संशोधन बिल पेश किया। इसके बाद संसद में खूब हंगामा हुआ। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध किया। बिल को असंवैधानिक बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। बाद में इस बिल को जेपीसी में भेज दिया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' का विचार दिया था। जानकारों का कहना है कि अगर देश में 'एक देश, एक चुनाव' की प्रक्रिया लागू कराने में केंद्र सरकार को सफलता मिलती है तो 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' की अवधारणा भी आगे बढ़ सकती है। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के एलान से पहले मार्च में 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। अक्तूबर 2022 में पीएम मोदी ने हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित चिंतन शिविर में 'एक पुलिस, एक वर्दी' का विचार दिया था। विभिन्न राज्यों के गृह मंत्रियों, गृह सचिवों और शीर्ष पुलिस अधिकारियों के समक्ष पीएम मोदी ने कहा था, 'पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' सिर्फ एक विचार है। इसे राज्यों पर थोपा नहीं जा रहा है। पांच, पचास या सौ वर्षों में इस बाबत आगे बढ़ा जा सकता है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा था कि सभी राज्यों को इस पर विचार करना चाहिए। उसके बाद संसद में भी यह सवाल पूछा गया। जब पीएम मोदी ने देश के समक्ष 'एक देश-एक वर्दी' का विचार रखा तो उस पर गंभीरता से चर्चा होने लगी। पुलिस एवं सुरक्षा बलों के बीच एक बहस चालू हो गई। कई सांसदों ने इस बाबत सरकार से सवाल किया था। भारत में 'एक देश-एक वर्दी' का फॉमूर्ला लागू होगा या नहीं, इस बाबत एक-दो नहीं, बल्कि लोकसभा में सात सांसदों ने यह सवाल पूछा था। इन सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा था कि 'एक देश-एक वर्दी' के लिए क्या रूपरेखा तैयार की गई है। क्या इस संबंध में राज्य सरकारों के साथ कोई परामर्श किया गया है। इसका उत्तर देते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा था, 'पुलिस', राज्य का विषय है। राज्यों की पुलिस के लिए एक समान वर्दी के मुद्दे पर विचार करने के मकसद से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में चर्चा की गई थी। लोकसभा सांसद बिद्युत बरन महतो, श्रीरंग आप्पा बारणे, धैर्यशील संभाजीराव माणे, संजय सदाशिवराव मांडलिक, प्रतापराव जाधव, सुब्रत पाठक और सुधीर गुप्ता ने पूछा था, क्या सरकार का 'एक देश-एक वर्दी' की अवधारणा के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में पुलिस व सुरक्षा बलों के ड्रेस कोड में एकरूपता लाने का विचार है। क्या सरकार ने इस संबंध में सामने आ रही चुनौतियों का अध्ययन किया है और इसके लिए कोई रुपरेखा तैयार की गई है। क्या केंद्र सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकारों के साथ कोई परामर्श किया है। यदि ऐसा है तो उसका ब्यौरा क्या है। विभिन्न राज्य सरकारों की क्या प्रतिक्रिया है। क्या प्रभावी पुलिसिंग के लिए पुराने कानूनों की समीक्षा और संशोधन करने का कोई विचार है। मानवीय इंटेलिजेंस को मजबूती प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

# संसद परिसर में सांसद का रक्त गिरना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं



आज की बात



नीरज कुमार दुबे

अक्सर कुर्ते की बाहें चढ़ा कर विरोधी दलों पर हमला बोलने वाले राहुल गांधी ने आज जिस तरह संसद में भाजपा सांसदों के साथ बर्ताव किया गया वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बन गया। संयोग देखिये कि यह सब तब हुआ जब हाल ही में संसद ने 'भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा की। देखा जाये तो यह कांग्रेस का दोमुंहापन नहीं तो और क्या है कि एक ओर उसके सांसद जय भीम के नारे लगा कर प्रदर्शन कर रहे थे तो दूसरी ओर पार्टी के नेता संविधान और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गुंडागर्दी पर उतर रहे थे। बात-बात पर संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उसमें कहां लिखा है कि संसद में या संसद परिसर में हिंसा की जाये या किसी को धक्का दिया जाये? दिन-रात संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि संविधान में कहां लिखा है कि महिला सांसद के साथ बदतमीजी की जाये?

> देखा जाए तो यह कांग्रेस का दोमुंहापन नहीं तो और क्या है कि एक ओर उसके सांसद जय भीम के नारे लगा कर प्रदर्शन कर रहे थे तो दूसरी ओर पार्टी के नेता संविधान और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गुंडागर्दी पर उतर रहे थे।

राहुल गांधी ने आज जो कुछ किया है वह सब देश के सामने है। देश को निर्णय लेना ही होगा कि संसद में उसे कैसे प्रतिनिधि चाहिए? जनता के लिए सरकार से भिड़ना अलग बात है लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी के साथ हिंसा करना अलग बात है। राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर कराई गयी है। देखना होगा कि उनके खिलाफ जांच में क्या निकल कर आता है लेकिन इतना तो तय है कि उन्होंने विपक्ष के नेता पद की गरिमा को तार-तार कर दिया है। इतिहास उन्हें विपक्ष के ऐसे नेता के रूप में याद रखेगा जिसने मयार्दाओं और लोकतांत्रिक परम्पराओं की कभी परवाह नहीं की। देखा जाये तो भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी का सिर्फ माथा नहीं फूटा है बल्कि उनका जो रक्त संसद परिसर में गिरा है उससे लोकतंत्र के मंदिर की गरिमा को बड़ी ठेस पहुँची है और यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। बहरहाल, आज की घटना यह भी दशार्ती है कि भविष्य में सांसदों को राहुल गांधी से सचेत रहने की जरूरत है। वैसे तो संसद में अब तक माइक तोड़ने, पर्चे फाड़ने या शोर मचाने जैसे वाकये सामने आते थे लेकिन अब जिस तरह धक्का मुक्की होने लगी है उसने भारत की संसदीय प्रणाली पर सवालिया निशान भी खड़ा कर दिया है। सोनिया गांधी चूंकि विपक्ष की नेता रही हैं इसलिए उन्हें अपने पुत्र को समझाना चाहिए कि मुद्दों का हल हिंसा से नहीं वार्ता और चर्चा से निकलेगा। निश्चित ही आज वायनाड और रायबरेली के मतदाता भी पश्चाताप कर रहे होंगे कि उन्होंने क्यों राहुल गांधी की बातों पर विश्वास करके उन्हें चुन लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वास्थ्य की बात

## देहरादून के वैद्य वेद प्रकाश गोयल की मधुमेह की दवा हुई पेटेंट



राम प्रताप मिश्र साकेती

उत्तराखंड की जड़ी-बूटियों का दोहन बाहरी राज्यों के लोग ज्यादा कर रहे हैं लेकिन इस प्रदेश के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो जड़ी-बूटियों के माध्यम से लोगों को नवजीवन देने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों में एक नाम वेद प्रकाश गोयल का है जिनकी जड़ी-बूटी को सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस (सीसीआरएएस) द्वारा पेटेंट कर दिया गया है। वेद प्रकाश गोयल उन लोगों से हैं जो घर से ही आयुर्वेदिक दवा बनाकर लोगों को स्वस्थ करने की इच्छा से सेवा करते हुए वर्षों से इस साधना में लगे रहे हैं। आज लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वह आयुष सेवा में जुटे हैं। आयुर्वेद की दवा का पेटेंट प्राप्त कर चुके वैद्य वेद प्राकश गोयल का कहना है कि लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वे चाहते हैं कि लोग निरोगी रहें। अपना संस्मरण बताते हुए वेदप्रकाश गोयल का कहना है कि उनके माता-पिता की इच्छा थी कि वे डॉक्टर बनें लेकिन ऐसा न हो सका। उसी इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने आयुर्वेदिक ग्रंथों का अध्ययन किया, जड़ी-बूटियों की पहचान कर उनके गुणों को परखा। समय-समय पर पुराने हकीमों, वैद्यों की शरण में जाकर उनके अनुभवों द्वारा रोगियों के उपचार और जड़ी बूटियों के संगठकों को मिलाकर औषधियां तैयार करने का तरीका सीखा। आज भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वेदप्रकाश गोयल ने पेटेंट प्राप्त करने के लिए 31 मार्च 2017 को आवेदन किया था और उन्हें पेटेंट मिल गया है। आयुर्वेदिक हर्बल फामूर्लेशन (आयुष-डी) फॉर दी मैनेजमेंट ऑफ डाइबिटीज नामक आविष्कार के लिए पेटेंट अधिनियम 1970 के उपबंधों के अनुसार 20 वर्ष की अवधि के लिए यह पेटेंट प्रदान किया गया है। कंट्रोलर ऑफ पेटेंट ने अनुदान की तिथि 31 अगस्त 2023 दी है। इसे संयोग कहेंगे कि सीसीआरएएस द्वारा इस वर्ष 11 औषधियों का पेटेंट किया गया है जिसमें 7वीं औषधि आयुष-डी जो डाइबिटीज टाइप-2 के मरीजों के लिए स्वीकृत की गई है। आयुष मंत्रालय की रिसर्च संस्था द्वारा इस दवा को स्वीकार्यता दिया जाना वैद्य वेद प्रकाश ही नहीं, उत्तराखंड के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभाग द्वारा वेद प्रकाश गोयल से विधिवत अनुबंध किया गया है। वेद प्रकाश गोयल ने पहले अस्थमा की दवा बनाई थी लेकिन अब शुगर की दवा का पेटेंट मिलने के बाद अपना विशेष प्रभाव जमाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी दवा नाम से बनी इस दवा के बारे में वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि 12 से अधिक जड़ी-बूटियों से निर्मित यह दवा मधुमेह से मुक्ति के लिए सफल मानी गई है। आयुर्वेद को बेहतर चिकित्सा बताते हुए वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि जड़ी-बूटियों में इतनी शक्ति है कि वह बड़े से बड़े रोग में लाभकारी है, साथ ही अन्य दवाओं से अधिक किफायती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अलग बात

## राष्ट्रीय एकता के अभाव मे राष्ट्र भी टूट जाता है



अशोक 'प्रवृद्ध'

संघे शक्ति युगे युगे- षोडश कलायुक्त योगेश्वर श्रीकृष्ण का यह अमर उद्घोष भले ही द्वापर युग में हुआ हो, लेकिन इस उद्घोष का मूल तत्व- संघ में ही शक्ति है- प्राणीमात्र के लिए इस सृष्टि में आदि सृष्टि काल से मार्गदर्शक रहा है। सतयुग हो या त्रेतायुग या द्वापर या फिर कलयुग हो, सभी युगों में हर समाज व हर देश में यह सफलता का मूल मंत्र प्राणी मात्र को सफलता की मंजिल पर आसीन कराता है। संगठन ही सभी शक्तियों की जड़ है। इतिहास में एकता के बल पर ही अनेक राष्ट्रों का निर्माण हुआ है। प्रत्येक वर्ग में एकता के बिना देश कदापि उन्नति नहीं कर सकता। एकता में महान शक्ति है। एकता के बल पर बलवान शत्रु को भी पराजित किया जा सकता है। राष्ट्र के सभी घटकों में भिन्न-भिन्न विचारों और विभिन्न आस्थाओं के होते हुए भी आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का बना रहना ही राष्ट्रीय एकता है। राष्ट्रीय एकता में केवल शारीरिक समीपता ही महत्वपूर्ण नहीं होती, बल्कि उसमें मानसिक,बौद्धिक, वैचारिक और भावात्मक निकटता की समानता आवश्यक है। एकता की इस महता को भारत सहित सम्पूर्ण विश्व ने पहचाना है। इसीलिए वैश्विक क्षेत्र में एकजुटता के महत्व के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 20 दिसम्बर को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एकजुटता को मौलिक और सार्वभौमिक मूल्यों के रूप में 22 दिसम्बर 2005 को अपने संकल्प 60/209 के माध्यम से मान्यता देते हुए एकता का संदेश देने के लिए 20 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस घोषित किया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह दिन दुनिया भर में मौजूद एकता और विविधता का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। यह सरकारों को अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए एक अनुस्मारक के रूप में भी कार्य करता है। इसका मुख्य लक्ष्य संबद्ध देशों को गरीबी को कम करने के लिए गरीबों के सार्वभौमिक मूल्यों को पहचानना और स्वतंत्र राज्यों द्वारा हस्ताक्षरित के रूप में इसके प्रतिरूपों को तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को विविधता में एकता का महत्व बताते हुए जागरूकता फैलाना हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

किसी मित्र के साथ कभी भी कटाक्ष न करें। जब तक उसे प्रोत्साहित करना लक्ष्य न हो, उसकी चापलूसी न करें। जब वह गलत हो तो उसके साथ सहमत न हों। सच्चे बनें, निष्ठावान बनें और मित्रता धीरे-धीरे बढ़ेगी। सच्चाई के विषय पर श्रीयुक्तेश्वरजी के साथ एक परिचर्चा मुझे याद है।

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

आप उसकी अच्छा बनने की किसी इच्छा को भी समाप्त कर सकते हैं। अपने मित्र की सहायता उसके लिए मानसिक, सुरुचिपूर्ण तथा आध्यात्मिक प्रेरणा बन कर करें। किसी मित्र के साथ कभी भी कटाक्ष न करें। जब तक उसे प्रोत्साहित करना लक्ष्य न हो, उसकी चापलूसी न करें। जब वह गलत हो तो उसके साथ सहमत न हों। सच्चे बनें, निष्ठावान बनें और मित्रता धीरे-धीरे बढ़ेगी। सच्चाई के विषय पर श्रीयुक्तेश्वरजी के साथ एक परिचर्चा मुझे याद है। मैंने कहा था, सच्चाई ही सब कुछ है। नहीं, उन्होंने प्रत्युत्तर दिया, सच्चाई और विचारशीलता मिल कर सब कुछ है। वे कहते गए, मान लें आप अपने घर के बाहरी बैठक में बैठे हैं और फर्श पर एक नया सुन्दर कालीन बिछा है। बाहर वर्षा हो रही है। एक मित्र जिसे आपने कई वर्षों से नहीं देखा है, धक्का मार कर दरवाजा खोलता है और आपका अभिवादन करने के लिए कमरे में भागता हुआ आता है। यह सब ठीक है, मैंने कहा। परन्तु मेरे गुरुदेव को अपनी बात अभी कहनी थी। आप एक दूसरे को देख कर वास्तविक रूप से प्रसन्न थे, उन्होंने कहा, परन्तु क्या आप इसे अधिक पसन्द न करते कि यदि वह विचारशील होकर कमरे में आने और कालीन खराब करने से पहले कीचड़ से सने अपने जूते उतार लेता? मुझे सहमत होना पड़ा कि वे सही थे। किसी व्यक्ति के बारे में आप चाहे कितना भी अच्छा सोचें, या उस व्यक्ति से आपकी कितनी भी घनिष्ठता क्यों न हो, उस सम्बन्ध को अच्छे शिष्टाचार और विचारशीलता से मधुर बनाना महत्त्वपूर्ण है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




### आज का दोहा

**बड़ी ठंड है, राह भी, धुंध भरी है आज।**
**धीरे धीरे हांकते, रथ सूरज महाराज।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

(19 दिसंबर, महान स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की 140 वीं जयंती पर विशेष)

## बाबू राम नारायण सिंह ने देश की आजादी के संघर्ष में सब कुछ न्योछावर कर दिया था



विजय केसरी

स्वाधीनता आंदोलन के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य , झारखंड अलग प्रांत के प्रथम पक्षकार, वरिष्ठ समाजसेवी एवं गरीबों के मसीहा बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी एवं समाजोत्थान को समर्पित रहा था । वे आजादी के पक्के दीवाने थे । आजादी उनके जीवन का मकसद बन चुका था । उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था । उनकी राजनीति सिर्फ देश हित के लिए ही कदम बढ़ा दी थी । सत्य और अहिंसा का प्रथम पाठ उन्होंने गांधीजी से ही सीखा था ।इस धर्म का पालन उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक किया था। आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोक होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी ।वे देश की आजादी के बाद स्वाधीनता की रक्षा एवं समाज सेवा से जुड़े रहे थे । उनकी राजनीति का अर्थ, सिर्फ सत्ता प्राप्ति न थी, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच सके। देश की आजादी के बाद वे जीवन पर्यंत समाज के शोषित, दबे कुचले वर्ग के लिए लड़ते रहे थे।

वे देश के तमाम बड़े नेताओं महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, आचार्य कृपलानी, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुभाष चंद्र बोस, विनोबा भावे, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाई लड़े थे। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रिय साथी थे । बाबू राम नारायण सिंह के पोता डॉ प्रमोद सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं दादा जी के बीच हुए पत्राचार की प्रति जब दिखाया, उन चिट्ठियों को पढ़कर मन तृप्त हो गया । किस तरह देश के दो बड़े नेता कितने सहज, सरल शब्दों में अपनी भावनाओं एवं देश की चिंता से एक दूसरे को अवगत कराया करते थे । बाबू राम नारायण सिंह मंच पर पहुंचते ही, उन्हें देखने और सुनने वालों की भीड़ लग जाती थी। अंग्रेजो के खिलाफ बेबाक खुलकर बोला करते थे। ब्रिटिश हुकूमत को तुरंत भारत की धरती खाली करने का हुक्म सुनाया करते थे । उनका स्पष्ट मत था कि ब्रिटिश हुकूमत ने छलावा, कूटनीति- राजनीति के बल पर भारत को गुलाम बनाया था। भोले - भाले भारतीयों को अपने व्यवसाय के भंवर जाल में फंसाकर धीरे-धीरे ब्रिटिश हुकूमत ने सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले लिया। अब भारतीय उनके भंवर में फंसने वाले नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुस्तानी मिलजुलकर अंग्रेजी हुकूमत को भारत से खदेड़ कर ही दम लेंगे।



बाबू राम नारायण सिंह महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। महात्मा गांधी के विचारों के प्रबल समर्थक थे। महात्मा गांधी की तरह ही उनका आचरण था ।कम से कम सुविधा लिया करते थे । आमजन की तरह रहना और भोजन करना उन्हें पसंद था ।वे समय के बड़े पाबन्द थे। हर काम को समय पर किया करते थे । लोगों को भी समय से काम करने की सीख दिया करते थे । वे उद्योगों से ज्यादा खेती गृहस्थी को प्राथमिकता दिया करते थे। वे देशभर के किसानों के बिल्कुल निकट थे। स्वाधीनता आंदोलन में देशभर के किसानों को एक मंच पर लाने में हुए सफल हुए थे। बाबू राम नारायण सिंह एक कृषक के पुत्र थे। बचपन से ही उन्हें खेती गिरस्ती से गहरा लगाव था। किंतु उनके पिता उन्हें पढ़ा लिखा कर एक काबिल व्यक्ति बनाना चाहते थ इसी के अनुरूप उनकी पढ़ाई हुई। महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से उन्होंने ऊंची डिग्री जरूर ले लिया था, किंतु अपने पिता के इच्छा के विपरीत स्वाधीनता आंदोलन का मार्ग का चयन किया । वे मृत्यु से पूर्व तक भारतीय राजनीति में सक्रिय रहे। बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति जनसेवा से ओतप्रोत रही थी। जनसेवा के संदर्भ में देश के नेताओं को सीख दिया करते थे कि नेतागण की राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति का ध्येय न बने और न ही सुख चैन से जीवन बिताने का साधन बने , बल्कि राजनीति के माध्यम से करोड़ों भारतवासियों का जीवन स्तर सुधारा जा सके । उन्होंने जो कहा आजीवन उसी मार्ग का अनुसरण किया। उन्होंने जिन मूल्यों व सिद्धांतों को प्रतिपादित व स्थापित किया, उस पर कड़ाई के साथ अमल भी किया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ से पहले मदन मोहन मालवीय पार्क का होगा सौंदर्यीकरण

**एजेंसी। महाकुंभनगर (आईएएनएस)**



महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज में 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा की तिथि से होने जा रहा है। इसे लेकर महाकुंभ मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में निर्माण कार्य, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य तीव्र गति से हो रहे हैं। इसी क्रम में वन विभाग यमुना बैंक रोड पर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय पार्क का सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। पार्क में प्रयागराज की महान विभूति महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही पार्क के नए प्रवेशद्वार, वन्य जीवों की कलाकृतियां और महिला व पुरुष प्रसाधन का भी निर्माण किया जाएगा। यह महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुखद अनुभव और उन्हें प्रयागराज की महान विभूतियों से परिचित करवाने का प्रयास है।

प्रत्येक बारह वर्ष पर महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज वासियों के लिए हमेशा गर्व और सम्मान का विषय रहा है। प्राचीन काल से महाकुंभ के आयोजन में साधु-संन्यासी, राजा-महाराज और तीर्थपुरोहितों के साथ प्रयागराज की महान विभूतियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उनमें से महामना मदन मोहन मालवीय का नाम सर्वप्रथम है। मालवीय ने अंग्रेजों के विदेशी शासन के दौर में भी महाकुंभ की सनातन परंपरा को खंडित नहीं होने दिया, बल्कि अंग्रेज शासकों को महाकुंभ का आयोजन करने के लिए सशर्त तैयार भी किया। सीएम योगी की नीति राष्ट्रीय संस्कृति के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों का सम्मान करने की रही है। इसी क्रम में प्रयागराज की महान विभूति महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा लगाई जाएगी। उनकी प्रतिमा वन विभाग के यमुना बैंक स्थित मदन मोहन मालवीय पार्क में लगाई जाएगी।प्रयागराज के जिला वन अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महाकुंभ के अवसर पर मदन मोहन मालवीय पार्क का लगभग 2 करोड़ रुपए की राशि से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। पार्क में महामना की मूर्ति निर्माण के साथ पार्क के मुख्य प्रवेश द्वार का भी निर्माण किया जाएगा। साथ ही पार्क में बच्चों के ज्ञानवर्धन और मनोरंजन के लिए वन्य जीवों की कलाकृतियां भी बनाई जाएगी। जिनसे परिचित होकर बच्चे वन्य जीवों के संरक्षण की ओर प्रेरित होंगे। इसके अतिरिक्त पार्क में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए महिला और पुरुषों के टॉयलेट भी बनवाए जाएंगे। सीएम के निर्देश के मुताबिक ये कार्य महाकुम्भ से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

## दिव्य और भव्य महाकुंभ योगी सरकार का संकल्प, विधानसभा में होगी चर्चा : केशव मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि हमारी सरकार की कोशिश दिव्य और भव्य महाकुंभ को सफल बनाने की है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन 2019 के महाकुंभ में हो रहा है। इस बार के महाकुंभ में दुनिया भर से लोग यहां आने वाले हैं। 2019 के अर्धकुंभ से बेहतर इस बार महाकुंभ में व्यवस्था की गई है। विधानसभा में इसको लेकर चर्चा होगी। मुझे उम्मीद है कि इस दौरान कुछ अच्छे सुझाव भी आएंगे। हमारी सरकार की कोशिश दिव्य और भव्य महाकुंभ को सफल बनाने की है। संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ मेला 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए तैयारियों में जुटी हुई है। वहीं लखनऊ में कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन में शामिल पार्टी कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यकर्ता की मौत दुखद है। मुकदमा दर्ज किया गया है। मुझे रिपोर्ट के विवरण के बारे में जानकारी नहीं है। अगर कोई दोषी होगा तो उसके ऊपर कार्रवाई होगी। इस घटना से जुड़े परिवार के प्रति मैं सहानुभूति व्यक्त करता हूं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म और विरासत की दुश्मन रही है। वह पिछड़े वर्गों, दलितों और वंचितों की भी दुश्मन रही है।

# संघ परिवार जोड़ने वाला, तोड़ने वाला नहीं : एकनाथ शिंदे

**एजेंसी। नागपुर(आईएएनएस)**



महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। भाजपा के भी कई कद्दावर यहां पहुंचे थे। इस दौरान महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने संघ की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि संघ परिवार जोड़ने वाला है, ना कि तोड़ने वाला। उन्होंने कहा, "यह हमारे लिए बहुत ही पवित्र भूमि है। हम इसका दिल से सम्मान करते हैं। यहां आने के बाद हमें आनंद की अनुभूति प्राप्त हो रही है। मैं कहना चाहूंगा कि यहां आने के बाद हर व्यक्ति को ऊर्जा और आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है। उन्होंने आगे कहा, "संघ परिवार हमें यह सिखाता है कि निरपेक्ष भाव से हमें सेवा कैसे करनी है। यह हमें संघ परिवार सिखाता है। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मेरे लिए संघ परिवार कोई नया नहीं है। मेरी शुरुआत ही शाखा से हुई है। इस बात का मुझे अभिमान है कि मैं हमेशा से ही संघ परिवार का हिस्सा रहा हूं। संघ ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। शिंदे ने संघ के निस्वार्थ सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा, "अगले साल संघ परिवार को पूरे 100 साल हो रहे हैं। यह बहुत ही गर्व की बात है कि संघ को पूरे 100 साल होने जा रहे हैं। देश में कई तरह की संस्थाएं शुरू होती हैं। लेकिन, फिर बाद में बंद हो जाती है। कोई भी संस्था लंबे समय तक अपना सफर तय नहीं कर पाती है। लेकिन, संघ ने ऐसा करके दिखाया है। आगे भी संघ इसी तरह से देश की सेवा करता रहेगा। उन्होंने कहा, "देश में जहां कहीं भी कोई आपदा आती है, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता सबसे पहले दौड़कर जाता है और लोगों की मदद करता है।

# संसद की कार्यवाही फिर चढ़ी हंगामे की भेंट

## विरोध के बीच राज्यसभा और लोकसभा दिनभर के लिए किया गया स्थगित

**● अलग-अलग विवादों को लेकर संसद के दोनों सदनों में हुआ हंगामा**

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

संसद की कार्यवाही गुरुवार को एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह की अंबेडकर पर टिप्पणी से जुड़े अलग-अलग विवादों को लेकर हंगामे के बीच राज्यसभा और लोकसभा दोनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

गुरुवार को उच्च सदन की कार्यवाही दोबारा दोपहर दो बजे शुरू होते ही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बार हंगामे का मुद्दा बदला हुआ था। संसद में बाबा साहेब को लेकर विरोध प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और भाजपा सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की की घटना का मुद्दा राज्यसभा में उठाया गया। सभापति ने सचिव को सदन के पटल पर रखे गए उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 10 दिसंबर को प्राप्त संचार पर राज्यसभा के उपसभापति द्वारा दिया गया विस्तृत निर्णय रखने को कहा। इसके बाद सदन में सबसे पहले सभापति ने भाजपा के राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक को बोलने का मौका दिया।

कोन्याक ने सदन में बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उनके सम्मान और स्वाभिमान को गहरी ठेस पहुंचाई है। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बारे में सभापति से भी लिखित शिकायत कर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार का ब्यौरा दिया।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राहुल गांधी ने आज भाजपा के दो सांसदों को धक्का दिया, जो अब अस्पताल में भर्ती हैं। राहुल गांधी के व्यवहार के लिए पूरी कांग्रेस को संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए। संसद कुश्ती का अखाड़ा नहीं है। यह लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन है। राहुल गांधी और कांग्रेस को इस बारे में पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने भाजपा सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की घटना की निंदा करते हुए कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने इस पर निंदा प्रस्ताव पेश करने की बात कही। इस बीच, लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह की अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने शाह पर अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए उनसे माफी की मांग की। स्पीकर ओम बिरला द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री ईवीकेएस एलंगोवन को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन में व्यवस्था बहाल करने के प्रयासों के बावजूद विरोध जारी रहा। स्पीकर ने सत्र को दोपहर 02:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया, लेकिन सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद भी विरोध जारी रही। प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के सदस्यों ने अंबेडकर के पोस्टर लेकर नारेबाजी की। हंगामा थमता न देख पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।



### जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को उपसभापति हरिवंश ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि 14 दिन का नोटिस नहीं दिया गया था और धनखड़ का नाम सही ढंग से नहीं लिखा गया था। इसे विपक्ष के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा सदन में पेश किए गए अपने फैसले में उपसभापति ने कहा कि यह अनुचित कार्य है। इसमें गंभीर खामियां हैं और यह उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम है। सूत्रों ने कहा, महाभियोग नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और मौजूदा उपराष्ट्रपति को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। सूत्रों ने बताया कि उपसभापति हरिवंश ने कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस भी आयोजित की गई थी। अस्वीकृति के कारणों को बताते हुए हरिवंश ने कहा कि 14 दिन का नोटिस, जो इस तरह के प्रस्ताव को पेश करने के लिए अनिवार्य है, नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि धनखड़ का नाम भी सही ढंग से नहीं लिखा गया था। हालांकि, एक प्रोटोकॉल जिसका सही ढंग से पालन किया गया था, वह यह था कि पिछले हफ्ते जब प्रस्ताव पेश किया गया था, तो उस पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर थे।

# अंबेडकर विवाद पर अरविंद केजरीवाल ने नायडू और नीतीश को लिखी चिट्ठी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गृहमंत्री अमित शाह के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान पर विपक्षी पार्टियां लगातार भाजपा को घेर रही हैं और जगह-जगह विरोध प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल ने एनडीए के सहयोगी दलों को पत्र लिखकर उनका साथ छोड़ने के लिए कहा है। क़ेजरीवाल ने अंबेडकर विवाद को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखा है। केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा कि गृह मंत्री अमित शाह का बयान न केवल अपमानजनक है बल्कि भाजपा की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है। देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू एनडीए सरकार के अहम सहयोगी हैं। उन्हें भाजपा से अपना समर्थन वापस लेने पर विचार करना चाहिए। ये बयान देने के बाद अमित शाह ने माफी मांगने की बजाय अपने बयान को उचित ठहराया। अपने पत्र में केजरीवाल ने आगे लिखा, "मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं, जो न केवल हमारे संविधान बल्कि बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है। हाल ही में संसद में, देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब के नाम पर की गई टिप्पणी ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उनका यह कहना कि "अम्बेडकर-अम्बेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है', यह न केवल अपमानजनक है बल्कि भाजपा की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है। केजरीवाल ने आगे लिखा, 'बाबासाहेब के बारे में ऐसा कहने का साहस आखिर भाजपा ने कैसे किया? इससे देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

### जयपुर में आयकर विभाग की 20 से अधिक स्थानों पर छापेमारी

**जयपुर।** आयकर विभाग ने गुरुवार को जयपुर में एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें वेडिंग प्लानर, प्रमुख टेंट व्यवसायी और लग्जरी मैरिज इवेंट्स से जुड़ी कंपनियों को निशाना बनाया गया है। कुल 20 से अधिक ठिकानों पर अधिकारियों की टीम जांच कर रही है। इस रेड में करीब 190 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। आयकर विभाग की टीम ने तालुका टैंट, भावना चारण, प्रितेश शर्मा, आनंद खंडेलवाल, गुंजन सिंघल, जय ओबरॉय कैटरर्स जैसे बड़े नामों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# सपा सांसद जियाउर्रहमान पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**एजेंसी। संभल (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के संभल में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर बिजली विभाग की छापेमारी के बाद अब बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जांच में गड़बड़ी मिली है। बिजली विभाग ने सपा सांसद के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। इसके साथ ही उनके सहयोगियों पर विभाग के अधिकारियों को भी धमकाने का आरोप लगा है। धमकी देने के मामले में सपा सांसद के पिता के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को देख लेने की बात कही थी। विभाग की तरफ से दी गई तहरीर में लिखा है दिनांक 19 दिसम्बर को प्रातः 7.30 बजे लगभग विद्युत उपभोक्ता जियाउर रहमान पुत्र ममलूक रहमान निवासी मो. दीपा सराय बल्ले के पुलिया थाना नखासा जिला संभल पर 2 किलोवाट घरेलू सयोजन पर परिसर की जांच करने पर कुल विद्युत भार 16480 वाट पाया गया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# लालू यादव के अमित शाह पर बयान से बिहार की सियासत गरमाई, भाजपा : जदयू

**एजेंसी। पटना (आईएएनएस)**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान के बाद प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। भाजपा और जदयू के नेताओं ने राजद नेता लालू यादव पर जोरदार सियासी हमला बोला है। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लालू यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि लालू यादव शारीरिक रूप से तो कमजोर थे ही, मानसिक रूप से भी कमजोर हो गए हैं। लालू यादव को यह पता नहीं है कि उन्होंने कांग्रेस की गोद मे बैठकर देश को आतंकवादियों के हवाले किया था, यह वही गृहमंत्री अमित शाह हैं, जिन्होंने आतंकवादियों और उग्रवादियों से भारत को मुक्त किया है। यह वही गृहमंत्री हैं, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत, श्रेष्ठ भारत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव जैसे लोग देश को कमजोर करते हैं। लालू यादव हों या अरविंद केजरीवाल, सब कांग्रेस के चरित्र के स्वरूप में वातावरण को दूषित करने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब को केवल सम्मान ही नहीं दिया, इनके पांच तीर्थ भी बनाए। बिहार के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने लालू यादव के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो जैसा 'समझदार' रहेगा, वह वैसा ही बोलेगा। वहीं, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव राजनीतिक तौर पर एक चोर की तरह साबित हुए हैं, ऐसे लोग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को क्या बोलेंगे? लालू यादव बिहार के खजाने को चुराने वाले एक चोर हैं, जिसने चोरी करके बिहार के गरीबों का पैसा चुराने का काम किया।

# यूपी विस अनिश्चित काल के लिए स्थगित हंगामे के बीच पास हुआ अनुपूरक बजट

**एजेंसी। लखनऊ(आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र की कार्यवाही गुरुवार को शुरू होते ही समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने गृहमंत्री अमित शाह के संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर पर दिए गए बयान पर जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की। सपा सदस्य विधानसभा में डॉ. अंबेडकर की फोटो लेकर पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही के दौरान जमकर हंगामा होता रहा। हंगामे के बीच ही अनुपूरक बजट पास कर दिया गया और इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, सपा सांसदों से विधानसभा अध्यक्ष ने कई बार शांत रहकर चर्चा में शामिल होने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह लोग मन बनाकर आए हैं कि आज सदन नहीं चलने देंगे। सदन में चर्चा नहीं करेंगे। हंगामा करेंगे। वित्त मंत्री ने अनुपूरक बजट मंजूर करने का प्रस्ताव पेश किया। हंगामे के बीच ही अनुपूरक बजट बिना चर्चा के पारित हुआ और विधानसभा अध्यक्ष ने सर्व सम्मति के बजट पारित करने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष ने सपा विधायकों के हंगामे के बीच कहा कि कुंभ विपक्ष का एजेंडा नहीं है। इसलिए वह चर्चा नहीं करना चाहता है। लेकिन अनुपूरक बजट पर चर्चा करें। मेरा काम है कि अनुपूरक बजट पर चर्चा हो। सुरेश खन्ना ने कहा की कुंभ पर चर्चा से भागना संस्कृति और सनातनी लोगों का अपमान है।

# 'हमारा बिहार, हमारी सड़क' ऐप के जरिए बुनियादी ढांचों के विकास में होगी जनता की भागीदारी : नीतीश

**एजेंसी। पटना (आईएएनएस)**




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि जनता की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आएगी। दरअसल, ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत एंड्रॉयड आधारित एक मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है। यह ऐप पूरे राज्य में उपलब्ध होगी और लोगों को आसानी से सड़क संबंधी समस्याओं को साझा करने का एक प्लेटफार्म प्रदान करेगी। ऐप पर किसी भी सड़क की खराब स्थिति का विवरण और उसकी तस्वीरें अपलोड की जा सकेंगी। मोबाइल ऐप निर्मित करने का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की देखभाल और रखरखाव में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

मोबाइल ऐप के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी सड़क मेंटेन रहें, इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता द्वारा जो शिकायतें प्राप्त होंगी, उसका त्वरित समाधान करना सुनिश्चित हो और समस्याओं का समाधान करने के लिये लगातार मॉनिटरिंग भी की जाए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप की कार्य पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से आमजन अब सड़कों की खराब स्थिति की रिपोर्ट विभाग को कर सकेंगे।

यह ऐप राज्य के सभी प्रखंडों के अनुरक्षणाधीन 65,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की सूची प्रदान करेगी। उपयोगकर्ता अपने प्रखंड की सड़क का चयन कर सकते हैं और गड्ढों या अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं। इस ऐप के माध्यम शिकायत दर्ज करने के बाद, संबंधित अधिकारी के द्वारा उस समस्या को तय समय सीमा में हल किया जाएगा और समस्या समाधान की स्थिति को भी ऐप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। एक बार समस्या हल हो जाने के बाद, संबंधित अधिकारी पुनः मरम्मत स्थल की तस्वीर अपलोड करेंगे। इससे ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण एवं रखरखाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

### ग्राम पंचायतों में बनेगा खेल मैदान सीएम नीतीश ने किया का शुभारंभ

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5,671 ग्राम पंचायतों में 6,659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों के 5,671 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में 6,859 खेल मैदानों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही दी गयी थी। इसके निर्माण में 63,827.35 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इन खेल मैदानों के निर्माण कार्य में अनुमानित 41 लाख मानव दिवस का सृजन होगा। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल कूद के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ खेल की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। खेल मैदान के विकास के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उत्साहवर्धन भी होगा।

### 'बोट हादसे में पिता की गई जान, कैसे चलेगा परिवार' बेटी का छलका दर्द

**मुंबई।** मुंबई बोट हादसे में जान गंवाने वाले दीपचंद वाघचौरे के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर के अकेले कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार स्तब्ध है। बेटी तन्वी ने उन मुश्किल पलों के बारे में बताया जब उन्हें हादसे की खबर मिली। बेटी ने कहा अब हमारे सामने सवाल एक ही है कि परिवार कैसे चलेगा? बोट हादसे में जान गंवाने वाले दीपचंद वाघचौरे की बेटी तन्वी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मेरे पिता की इस हादसे में जान चली गई। उनका बोट नेवी के शिप से टकरा गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। मेरे पिताजी की मृत्यु हो चुकी है। मेरे पिताजी को छोटे मोटे कॉन्ट्रैक्ट मिलते थे। मैं कॉलेज से लौटी, तो मैंने अपने पिता को फोन किया। लेकिन, वहां से कोई रिस्पांस नहीं आया। इसके बाद मैंने उनके दोस्तों को फोन किया। मैं 7 से 9 बजे तक के लिए क्लास में गई थी और जब क्लास करके आई, तो मैंने घर पर देखा कि मेरे पिताजी नहीं आए हैं। इसके बाद मैंने फिर से उनके दोस्तों को फोन किया। इसके बाद मेरे पिताजी के सभी दोस्त आए, और वो उन्हें खोजने गए।

# मेलबर्न एयरपोर्ट पर पत्रकार से भिड़े विराट कोहली



**मेलबर्न, (आईएएनएस)।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने पर कथित तौर पर मीडियाकर्मी पर गुस्सा निकाला। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट गाबा में ड्रा समाप्त होने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय दोनों टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में सीरीज के चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न में अपने अगले मुकाबले के लिए रवाना हुईं। मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने पर कोहली की एक पत्रकार के साथ तीखी नोकझोंक हुई, क्योंकि वह अपने परिवार पर कैमरों की मौजूदगी से परेशान दिखाई दिए। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का साक्षात्कार ले रहे थे, जब विराट कोहली और उनका परिवार पास में ही देखा गया। कैमरों का ध्यान कोहली पर गया, जो अपने परिवार को सार्वजनिक स्थान पर फिल्माए जाने से नाखुश दिखाई दिए और एक रिपोर्टर के साथ तीखी नोकझोंक में उलझ गए। चैनल 7 के एक रिपोर्टर ने स्थिति पर और प्रकाश डाला। 7न्यूज पर उन्होंने कहा, जब कोहली कैमरों को देखकर थोड़ा गुस्से में आ गए, तो उन्हें लगा कि मीडिया उन्हें उनके बच्चों के साथ फिल्मा रहा है। यह एक गलतफहमी है। 7न्यूज के अनुसार, कोहली ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। मेरे बच्चों के साथ मुझे थोड़ी गोपनीयता की आवश्यकता है, आप मुझसे पूछे बिना फिल्म नहीं बना सकते। बाद में, जब मीडिया ने बताया कि उनके बच्चों को फिल्माया नहीं जा रहा है, तो भारतीय स्टार ने मीडिया के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट की और जाने से पहले कैमरामैन से हाथ मिलाया। ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत पर्थ में शतक के साथ करने वाले कोहली का प्रदर्शन खराब रहा है और पिछले तीन मैचों में उन्होंने केवल 21 रन बनाए हैं।

## यूरोपीय पुरुष हैंडबॉल युवा चैम्पियनशिप 2026 की मेजबानी करेगा रोमानिया

**बुखारेस्ट,(हि.स.)।** रोमानिया क्लुज-नेपोका और टुरडा में 2026 यूरोपीय पुरुष हैंडबॉल युवा चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा, रोमानियाई हैंडबॉल महासंघ (एफआरएच) के महासचिव निकोला लुका ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह 2026 में रोमानिया में आयोजित होने वाला दूसरा प्रमुख यूरोपीय हैंडबॉल आयोजन होगा, साथ ही महिला सीनियर यूरोपीय चैम्पियनशिप भी होगी, जिसकी मेजबानी देश चेक गणराज्य, पोलैंड, स्लोवाकिया और तुर्किये के साथ करेगा। एफआरएच के अध्यक्ष कॉन्स्टेंटिन दीन ने सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए एक ठोस आधार तैयार करने के लिए पुरुषों की युवा चैंपियनशिप के महत्व पर प्रकाश डाला, और आने वाली पीढ़ी की क्षमता में विश्वास व्यक्त किया। अपने कार्यकाल के दौरान, दीन ने रोमानिया के लिए चार प्रमुख यूरोपीय हैंडबॉल स्पधाएँ हासिल की हैं, जिनमें 2022 में पिटेस्टी और क्रायोवा में आयोजित महिला युवा यूरोपीय चैम्पियनशिप भी शामिल है। रोमानियाई पुरुषों की सीनियर टीम जनवरी 2025 में स्पेन में एक तैयारी टूनामेंट में भी भाग लेगी, जिसमें नॉर्वे और मिस्त्र जैसी शीर्ष-स्तरीय टीमों का सामना होगा।

# सार्थक छिब्बर, आदिल बेदी और एन थंगराजा को संयुक्त बढ़त



**जमशेदपुर, (आईएएनएस)।** दिल्ली के सार्थक छिब्बर, चंडीगढ़ के आदिल बेदी और श्रीलंका के एन थंगराजा ने 3 करोड़ रुपये की टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 के पहले राउंड के बाद छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। टाटा स्टील पीजीटीआई का यह सीजन-एंडिंग इवेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर बराबरी पर रहे चार खिलाड़ी पुणे के रोहन ढोल पाटिल, दिल्ली के शमीम खान, बेंगलुरु के एम धर्मा और बांग्लादेश के जमाल हुसैन हैं। दो बार के टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप विजेता उदयन माने, टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर वीर अहलावत और एसएसपी चौरसिया, चार अंडर 67 के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। गत विजेता और दो बार के विजेता गगनजीत भुल्लर ने 71 का इवन-पार स्कोर किया और 34वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में खिलाड़ियों ने गोलमुरी गोल्फ कोर्स में अपने पहले नौ होल और बेल्डीह गोल्फ कोर्स में दूसरे नौ होल खेले, जबकि खिलाड़ियों ने पहले बेल्डीह और फिर गोलमुरी में खेला। जमशेदपुर में होने वाले टूर्नामेंट के अगले तीन राउंड में भी यही प्रारूप अपनाया जाएगा, जिसमें राउंड का पार 71 होगा। इस सीजन में तीन बार शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले पीजीटीआई की मेरिट सूची में 27वें स्थान पर मौजूद सार्थक छिब्बर ने पहले छह होल में तीन बर्डी लगाकर शुरूआत की और अधिकांश मौकों पर करीब से हिट किया। आठवें होल पर बोगी के बाद, उन्होंने नौवें होल पर बर्डी बनाने के लिए शानदार चिप के साथ वापसी की। अपनी बेहतरीन बॉल-स्ट्राइकिंग के साथ, 26 वर्षीय सार्थक, जो अपना पहला खिताब

# हाइब्रिड मॉडल पर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन पर बनी सहमति

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर आईसीसी आखिरकार एक निर्णय पर पहुंच गई है, जिसके अनुसार आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारत के मैचों का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर कराए जाने की सहमति बन गई है। इसके बदले में भारत द्वारा आईसीसी इवेंट की होने वाली मेजबानी में पाकिस्तान के मैच भी भारत के बाहर आयोजित किए जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने समझौते से जुड़े प्रस्ताव को देखा है, जिस पर आईसीसी बोर्ड में वोटिंग की जाने की उम्मीद है। इसके तहत 2024-27 के चक्र के दौरान पाकिस्तान में होने वाले भारत के सभी मैच तटस्थ वेन्यू पर खेले जाएंगे और इसके बदले में भारत द्वारा आयोजित किसी भी इवेंट में पाकिस्तान से जुड़े सभी मैच भारत के बाहर खेले जाएंगे। यह समझौता पाकिस्तान में 2025 में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी, भारत में 2025 में महिला वनडे वर्ल्ड कप और 2026 में भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त तौर पर आयोजित किए जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप पर लागू होगा। यह 2028 में खेले जाने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप पर भी लागू हो सकता है। यह अगले चक्र का पहला आईसीसी इवेंट होगा और इसकी मेजबानी पाकिस्तान के पास है। आईसीसी ने यह भी कहा है कि उसे भारत, पाकिस्तान और किसी अन्य एशियाई पूर्ण सदस्य देश के बीच त्रिकोणीय या किसी एसोसिएट एशियाई देश को शामिल करते हुए चतुष्कोणीय टी20 टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन ऐसी स्थिति में यह टूर्नामेंट तटस्थ वेन्यू पर आयोजित किए जाएं।



## पाकिस्तान के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज से बाहर हुए केशव महाराज



**जोहानसबर्ग, (हि.स.)।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शेष बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्योंकि पहले वनडे के लिए वार्मअप करते समय उनके बाएं पैर में खिंचाव आ गया था। श्रृंखला के अंतिम दो वनडे के लिए उनके स्थान पर स्लो लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स ब्योर्न फोर्टुइन को टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान के अनुसार, महाराज पुनर्वास के लिए डरबन लौटेंगे और 26 दिसंबर को सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले उनका मूल्यांकन किया जाएगा। महाराज को तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। प्रोटियाज वर्तमान में डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं, और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-0 से हारने के बाद, पाकिस्तान ने वापसी की और पहला वनडे तीन विकेट से जीत लिया। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे गुरुवार को केपटाउन में खेला जाएगा, जबकि तीसरा वनडे 22 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की वनडे टीमः टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, टोनी डी जोरजी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, ब्योर्न फोर्टुइन, क्वेना मफाका, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, एंडिले फेहलुकवायो, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन।

## न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे बारिश के कारण रद्द

**वेलिंगटन, (हि.स.)।** न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला वनडे गुरुवार को वेलिंगटन में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के बीच दूसरा एकदिनी 21 और तीसरा व आखिरी मैच 23 दिसंबर को खेला जाएगा। यह श्रृंखला वर्तमान आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है और मैच रद्द होने से दोनों टीमें निराश हैं, क्योंकि वे अगले वर्ष होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही 2025 के आयोजन के लिए क्वालीफाई कर चुका है, लेकिन न्यूजीलैंड में शेष मुकाबलों में से दो में जीत के साथ महिला चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकता है। भारत ऑस्ट्रेलियाई टीम से 10 अंक पीछे है, लेकिन उसे अभी भी छह मैच खेलने हैं और उन सभी मैचों में जीत के साथ वह मौजूदा विश्व कप चैंपियन से आगे निकल सकता है।

## द हंड्रेड: नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स महिला टीम की मुख्य कोच नियुक्त हुईं लिसा केइटली

**लंदन, (हि.स.)।** लिसा केइटली को नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स महिला टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। केइटली, जो 2019 से 2022 तक इंग्लैंड महिला टीम की मुख्य कोच थीं, डैनी हेजेल की जगह लेंगी, जो टीम के साथ चार साल बिताने के बाद अपने अनुबंध के अंत में सुपरचार्जर्स को छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का हेड कोच बनने का अवसर एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं पिछले चार वर्षों में रखी गई ठोस नींव पर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं। हंड्रेड एक गेम-चेंजर रहा है। इसने महिलाओं के खेल को एक शानदार मंच प्रदान किया है और खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए वह मंच दिया है जिसकी वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, हेडिंग्ले इस बात का एक शानदार उदाहरण रहा है कि प्रशंसकों ने इस रोमांचक प्रतियोगिता को कैसे अपनाया है, और मैं वास्तव में अगले साल वहां होने का इंतजार कर रही हूं। एक टीम के रूप में हमारा लक्ष्य प्रतियोगिता जीतना है, और हम डेडलाइन डे से पहले कोर स्क्वाड को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं, साथ ही हम हंड्रेड ड्राफ्ट के माध्यम से जिन खिलाड़ियों की भर्ती करेंगे।

# हरियाणा ने मणिपुर को दस विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएससीए की मेजबानी में यहां चल रहे हैं बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज हरियाणा ने मणिपुर को आसानी से दस विकेट से हरा दिया। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, केरल एवं दिल्ली ने भी आसान जीत दर्ज की। मेकन ग्राउंड में खेले गए मैच में मणिपुर ने पहले खेलते हुए 20.2 ओवर में मात्र 58 रन बनाए । मणिपुर की ओर से डोमिनिक ने 11 रन बनाए। हरियाणा की ओर से पियूष दाहिया ने 15 रन देकर चार एवं विकास कामरा में 7 रन देकर चार विकेट लिए। अनुज ठकराल को दो विकेट मिला। जीत के लिए आवश्यक रन हरियाणा ने मात्र 6 ओवर में बिना कोई विकेट खोए बना लिए। अर्ष रंगा ने दो छक्के एवं दो चौके मदद से नाबाद 30 तथा यशवर्धन ने दो छक्के व तीन चौके की मदद से नाबाद 29 रन बनाए।



**आंध्र प्रदेश, केरल व दिल्ली ने भी अपने - अपने मैच जीते**

**बीसीसीआई अंडर- 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट**

जेएससीए स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली ने सौराष्ट्र को पांच विकेट से हराया। सौराष्ट्र ने टॉस जीत का पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 293 रन बनाए।अंश गोसाई ने एक छक्का एवं 14 चौके की मदद से 78, गज्जर समर ने 8 चौक की मदद से 87 व रक्षित मेहता ने 60 एवं पी चौहान ने 25 रन बनाए। दिल्ली की ओर से अखिल चौधरी ने 48 रन देकर चार एवं अर्पित राणा ने 72 रन कर दो विकेट लिए। जवाब में दिल्ली ने आयुष दोसेजा एवं मयंक के शानदार शतकों की बदौलत आवश्यक रन बना लिए। आयुष ने 14 चौके की मदद से 115 एवं मयंक ने तीन छक्के एवं 10 चौके मदद से 117 रन बनाए। मयंक अंत तक नाबाद रहे । दोनों ने 212 की साझेदारी निभाई। इसके अलावा तेजस्वी ने 34 रनों को योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से ए एस जडेजा ने दो विकेट लिए ।

ओवल मैदान में खेले गए मैच में केरल ने उत्तराखंड को 80 रनों से हराया। केरल ने पहले खेलते हुए 49.4 ओवर में 309 रन बनाए । केरल की ओर से अक्षय टी के ने 10 छक्का एवं चार चौके की मदद से शानदार 118 रनों की पारी खेली। उमर अबू बकर ने 38 एवं वरुण नारायण ने 52 रनों को योगदान किया। उत्तराखंड की ओर से हर्ष पटवाल ने 53 रन देकर पांच एवं अवनीश सुधा ने 63 रन लेकर तीन विकेट लिया। जवाब में उत्तराखंड की टीम 43.2 ओवर में 229 रन ही बना सकी । हितेश ने दो चौके एवं तीन छक्के की मदद से 37, शाश्वत डंगवाल ने दो छक्के एवं 6 चौके की मदद से 50 , रविंद्र ने 27 एवं अभिषेक ने 29 रन बनाए । केरल की ओर से अभिजीत प्रवीण ने 60 रन देकर चार एवं असवंथ शंकर ने 56 रन देकर तीन विकेट लिया। पवन राज को दो विकेट मिला।

उषा मार्टिन मैदान में आंध्र प्रदेश ने नागालैंड को सात विकेट से हराया। नागालैंड ने पहले खेलते हुए 46.2 ओर में केवल 159 रन बनाए । विशाल साहनी ने दो छक्के व एक चौके की मदद से 47 एवं तो तोहुका ने तीन चौके की मदद से 27 रन बनाए। आंध्र प्रदेश की ओर से एम हेमंत रेड्डी ने 19 देकर 5 तथा साकेत राम एवं नायडू ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में आंध्र प्रदेश ने 32.1 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। आंध्र प्रदेश की ओर से जीएसपी तेजा ने 10 चौके की मदद से नाबाद 89 एवं के एसपी राजू ने नाबार्ड 20 रन बनाए । एम हेमंत रेड्डी ने एक छक्का पांच चौके की मदद से 51 दोनों का योगदान दिया।

## खालरी की टीम ने 7 विकेट से टूर्नामेंट जीता



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में खालरी सीसी बनाम यूनिक सीसी के बीच खेला गया। यूनिक सीसी की टीम ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन बनाया। जाकिर ने 44, दानिश ने 36 व सचिन ने 27 रन बनाया। राम, सुरेश और सुमित ने 2-2 विकेट लिए। खालरी सीसी की टीम ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 178 रन बनाया। राम ने 83, सुरेश ने 32 व अमित ने 25 रन बनाएं। सचिन ने दो विकेट लेकर 45 रन बनाया। खालरी की टीम ने 7 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

## हरा खिताब जीतने वाले यश किंगर बने प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सात दिवसीय 17वां जेड स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में आज समापन हुआ। यह टूर्नामेंट हर साल डॉ मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में अलग अलग इवेंट्स निम्न विजेता एवं उपविजेता रहे-मास्टर स्नूकर यश किंगर ने अरमान को हराया, मास्टर सिक्स रेड्स में यश किंगर ने दिव्या ज्योति (टीपू) को पराजित किया, नील सिन्हा मिनी सिक्स रेड्स में अनुज को हराया। अनुज ने मिनी स्नूकर में आदर्श को हराया। 9 बॉल्स में चाहत ने रोहित चौधरी को हराया। इमर्जिंग प्लेयर का ट्रॉफी यश दास मिला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ चौधरी ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी, गिफ्ट और ईनाम राशि देकर उनका उत्साह बढ़ते हुए कहा कि स्नूकर-पूल एक एकाग्रता, अनुशासन और कौशल का खेल है उसी अपनी ज़िंदगी के लक्ष्य प्राप्ति पर भी अमल में लाएं ।क्लब की ओर से विजेताओं और उपविजेताओं को मेंबरशिप दिया गया। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद जाकिर, यश किंगर, इंद्रजीत, नील, सुमित, अरमान, यश दास, समीर, अंकित, तनवीर, रुस्तम सहित सभी खिलाड़ी मौजूद थे।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# भारत का फार्मा सेक्टर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री

### 2023-24 में 50 बिलियन डॉलर हुआ बाजार मूल्य

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत की फार्मा इंडस्ट्री मात्रा के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री मानी जाती है और वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का मूल्य 50 बिलियन डॉलर हो गया है।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का घरेलू उपभोग मूल्य 23.5 बिलियन डॉलर और निर्यात मूल्य 26.5 बिलियन डॉलर रहा। भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की वैश्विक स्तर पर मजबूत उपस्थिति है। यह उत्पादन के मूल्य के मामले में भी 14वें स्थान पर है, जिसमें जेनेरिक दवाएं, बल्क ड्रग्स, ओवर-द-काउंटर दवाएं, टीके, बायोसिमिलर और बायोलॉजिक्स शामिल हैं।



**स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की शिक्षा को स्थापित किए गए हैं सात एनआईपीईआर**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2024 के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए स्थिर मूल्यों पर फार्मास्युटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट के लिए कुल उत्पादन 4,56,246 करोड़ रुपये है, जिसमें से 1,75,583 करोड़ रुपये वैल्यू एडेड है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान फार्मास्युटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट उद्योग में 9,25,811 लोग लगे हुए थे।

इस बीच, राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि फार्मास्युटिकल्स विभाग ने राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में सात राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) स्थापित किए हैं। ये संस्थान स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की शिक्षा प्रदान करते हैं। साथ ही, विभिन्न फार्मा विशेषज्ञताओं में उच्च स्तरीय शोध भी करते हैं।

इसके अलावा, विभाग ने फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में रिसर्च, विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय नीति भी तैयार की है। इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में इनोवेशन के लिए एक इकोसिस्टम बनाना भी है, ताकि भारत एक उद्यमशील वातावरण तैयार कर दवा खोज और इनोवेटिव मेडिकल डिवाइस में अग्रणी बन सके।

### गौतम अदाणी ने 'एक्स' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया पोस्ट

# परिवर्तन की हवा यहां बह रही है, हम करके दिखाते हैं

**कहा, हमारे काम में निहित हैं हमारे वादे**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ऐसे वादे करती है, जो न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के बारे में है, बल्कि लाखों भारतीयों के लिए आशा, प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण भी करती है। विंड टर्बाइन और रिन्यूएबल एनर्जी पर एक आउट ऑफ द बॉक्स (कुछ अलग-सा) विज्ञापन इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसी विज्ञापन को लेकर गौतम अदाणी ने 'एक्स' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, 'परिवर्तन की हवा यहां हैं।'

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, हमारे काम में हमारे वादे निहित हैं।



वादे जो केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में नहीं हैं, बल्कि आशा, प्रगति और उज्ज्वल कल के बारे में हैं। परिवर्तन की हवा यहां बह रही है। हम करके दिखाते हैं!

करीब डेढ़ मिनट का यह वीडियो, जिसका टैगलाइन है 'पहले पंखा आएगा, फिर बिजली आएगी', दर्शकों को आश्चर्यचकित करता है और यह भी दिखाता है कि कैसे क्लीन एनर्जी पर्यावरण को प्रदूषित किए बिना जीवन को रोशन कर सकती है।

यह छोटा लेकिन प्रभावी वीडियो एक गांव के युवा लड़के टमटू की कहानी बताता है, जो अपने पिता के साथ अंधेरे में रातें बिता रहा है और बिजली के अपने दरवाजे पर दस्तक देने का इंतजार कर रहा है। बेहतर भविष्य बनाने की बात करें, तो वर्ष 2016 में, कंपनी ने तमिलनाडु में 648 मेगावाट कामुथी सोलर प्लांट पूरा किया, जो उस समय दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-साइट सोलर पावर प्रोजेक्ट था। आज, ग्रुप पश्चिमी गुजरात के खावड़ा में एक और रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) प्लांट का निर्माण कर रहा है। यह पेरिस के आकार से 5 गुना से भी अधिक है और पूरा होने पर, यह 30 गीगावाट क्लीन एनर्जी उत्पन्न करेगा, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा मानव निर्मित ऊर्जा स्रोत बन जाएगा।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन कमजोरी, बड़ी गिरावट का शिकार हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी जबरदस्त कमजोरी के साथ हुई थी। इसकी वजह से सेंसेक्स 80 हजार अंक और निफ्टी 24 हजार अंक से नीचे लुढ़क गए। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए शेयर बाजार की स्थिति सुधरती नजर आई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। इस बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.20 प्रतिशत और निफ्टी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# वर्ष 2024 में रियल एस्टेट सेक्टर में 4.2 अरब डॉलर हुआ पीई निवेश

**सालाना आधार पर 32 प्रतिशत हुई वृद्धि**

**नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की है रिपोर्ट**



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4.2 अरब डॉलर हो गया है। इसकी वजह वेयरहाउसिंग सेक्टर में मांग मजबूत होना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में पीई निवेश हासिल करने में वेयरहाउसिंग सेक्टर सबसे आगे रहा, जिसकी कुल निवेश में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके बाद कुल निवेश में रेजिडेंशियल सेक्टर की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत और ऑफिस सेक्टर की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2024 में रेजिडेंशियल सेक्टर में निजी इक्विटी निवेश दोगुने से अधिक बढ़ा है। इस दौरान पीई निवेश में 104 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो इस वर्ष 1.2 अरब डॉलर हो गया, जो इस क्षेत्र में निवेशकों के विश्वास को दशार्ता है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि निवेशकों के फोकस और सेक्टर की प्राथमिकताओं में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। पीई निवेश में वेयरहाउसिंग सेक्टर ने ऑफिस सेक्टर को पीछे छोड़ दिया, जिसकी वर्ष 2017 से पीई निवेश में उच्चतम हिस्सेदारी थी, जो भारतीय रियल एस्टेट बाजार में वेयरहाउसिंग के बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। मुंबई की कुल पीई निवेश में हिस्सेदारी 50 प्रतिशत रही है। इसकी वजह वेयरहाउसिंग में निवेश बढ़ना है। वर्ष 2024 में देश की आर्थिक राजधानी में 2 अरब डॉलर का पीई निवेश आया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वर्ष 2024 में मुंबई में आए कुल पीई निवेश में से 74 प्रतिशत वेयरहाउसिंग सेक्टर में आया है। इसकी वैल्यू 1.5 अरब डॉलर रही है। वहीं, शहर में रेजिडेंशियल सेक्टर में 406 मिलियन डॉलर का पीई निवेश हुआ है।

# रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की ठगी का आरोप

## थाना में मामला दर्ज, पुलिस से छानबीन शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने पांच लाख का फर्जीवाड़ा कर लेने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगाड़ा गांव निवासी रामउदीत राम ने रांची के लालपुर थाना क्षेत्र निवासी दानिश उर्फ सोनू के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि मेरी बेटी रानी कुमारी आरटीसी हाई स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी, इस क्रम में मेरी बेटी की जान पहचान सोनू से हो गई, जो अपने



आप को आरपीएफ रांची में नौकरी करने को बताया। उसने मोबाइल फोन से हमारे मोबाइल फोन पर बोला की आपके लड़का को रेलवे में नौकरी लगवा देंगे, कई लोगों को नौकरी लगवा चुके हैं। वह उसकी बातों में आ कर फोन पे के माध्यम से 19/3/24 से 12/ 10/24/तक उसको पांच लाख रुपए फोनपे नंबर पर भेजा । रुपया देने के बाद जब नौकरी की बात उसके मोबाइल नंबर 7543836787 पर किया तो टालमटोल करने लगा। अब मोबाइल भी रिसीव नहीं कर रहा है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# नगर आयुक्त ने सफाई कर्मियों के बीच किया गर्म वस्त्र वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच नगर आयुक्त जावेद अहमद ने ठंड से बचाव हेतु जैकेट वितरित किए। वर्तमान में क्षेत्र में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इस कठिन परिस्थिति में सफाई कर्मचारी, सुपरवाइजर एवं अन्य निगम कर्मियों को कार्य के दौरान ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई।जैकेट वितरण के बाद नगर आयुक्त जावेद अहमद ने कहा, 'नगर निगम न केवल शहर की स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि जरूरतमंदों और कर्मियों की भलाई का भी ध्यान रखती है। यह जैकेट उन कर्मियों के समर्पण और सेवा के प्रति हमारी सराहना का प्रतीक हैं। ठंड के इस मौसम में भी ये कर्मी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं,



जिसके लिए हम उनके आभारी हैं।' उन्होंने कर्मियों को ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्य करने की सलाह भी दी।

सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर सफाई कर्मियों को ठंड से राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह पहल न केवल निगम कर्मियों को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास है। इस कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान चला ठेले वालों पर लगाया जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को हुसैनाबाद शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें एसडीओ कृष्णकांत कनवाड़िया, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस के नेतृत्व में शहर के जेपी चौक,थाना रोड, अंबेडकर चौक तक सड़क किनारे अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान सड़क के बीच में ठेला लगाकर सड़क अवरुद्ध करने वालों को जुर्माना भी लगाया गया। इस अभियान से सड़क किनारे कई दुकानों और ठेला के सामनों को नगर पंचायत ने जब्त किया। नगर पंचायत द्वारा इस कार्रवाई को देखते हुए लोगों ने स्वंय अपने अपने दुकान और ठेला के सामनों को हटाने लगे।

## पेज एक के शेष

### अब हर मार्केटिंग...

इससे एसएमएस डिलीवरी में देरी से समझौता किए बिना प्रत्येक मैसेज की उत्पत्ति से लेकर उसकी डिलीवरी तक की एंड-टू-एंड ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित होगी। ट्राई का कहना है कि सभी प्रमुख संस्थाओं ने अब अपनी मैसेज ट्रांसमिशन शृंखलाएं एक्सेस प्रदाताओं के साथ पंजीकृत कर ली हैं। 11 दिसंबर 2024 से प्रभावी अपंजीकृत के माध्यम से भेजे गए एसएमएस ट्रैफिक को स्वीकार नहीं किया जाता है।

### धक्का-मुक्की में...

मुकेश राजपूत को भी अचेतावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। राज्यसभा में नागालैंड से भाजपा सदस्य एस फांगनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी के धक्का मुक्की करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उनके बहुत करीब आ गए थे। इस पर सभापति ने कहा कि वे उनसे मिलने भी आई थीं और वे इस विषय को देख रहे हैं। इस मुद्दे को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और नेता सदन जेपी नड्डा ने भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि हमारे दो सांसद घायल हुए हैं और एक को अस्पताल जाना पड़ा है। राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों पर आरोप लगाए। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सांसद अराजकता पैदा करने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निशाना बनाने और उन पर हमला करने के इरादे से पहुंचे। जैसे ही वह अंदर घुसे भाजपा सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। खरगे पर यह खुला हमला भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है। इससे पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में आज संसदीय दल की बैठक हुई। बाद में आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने डॉ भीम राव अंबेडकर की मूर्ति से लेकर संसद के मकर द्वार तक मार्च निकाला। उन्होंने हाथ में पोस्टर पकड़े हुए थे और जय भीम के नारे लगा रहे थे। इसी बीच, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता में राज्यसभा की कार्यवाही में अमित शाह के बयान को पढ़कर सुनाया। श्रीनेत ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य को किसी प्रकार से तोड़ा-मरोड़ा नहीं गया है। इस वक्तव्य का साक्ष्य राज्यसभा की वेबसाइट पर है। अमित शाह को इस अक्षम्य अपराध के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

**खरगे ने स्पीकर को लिखा पत्र, कहा- मेरे घुटनों में लगी चोट** : संसद परिसर में गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान हुई धक्का-मुक्की में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी चोटिल हो गए। इस मामले में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। इस पत्र में खरगे ने आरोप लगाया है कि उन्हें भाजपा सांसदों ने धक्का दिया और जमीन पर बैठने के लिए मजबूर किया। इसकी वजह से उनके घुटनों में चोट आई है, जिनका पहले ही ऑपरेशन हो चुका है। खरगे ने कहा कि इसके बाद कांग्रेस के सांसद मेरे लिए एक कुर्सी लेकर आए और मुझे उस पर बैठाया गया। बड़ी मुश्किल से और अपने सहयोगियों मदद से मैं लंगड़ाते हुए दिन में 11:00 बजे सदन (राज्यसभा) में पहुंचा। उल्लेखनीय है कि 82 वर्षीय खरगे का जून 2017 में दिल्ली के एम्स में बाएं घुटने का ऑपरेशन हुआ था। खरगे ने पत्र में कहा कि मैं आपसे (स्पीकर) इस घटना की जांच का आदेश देने का आग्रह करता हूं, जो न केवल मुझ पर व्यक्तिगत रूप से हमला है, बल्कि राज्यसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष पर भी हमला है।

### दोनों नेता आईसीयू...

और उन्हें गहरा जख्म भी था, इसलिए उन्हें टांके लगाने पड़े। दूसरे सांसद के स्वास्थ्य के बारे में उन्होंने कहा, मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे। फिलहाल वे होश में हैं, लेकिन उन्हें चक्कर आ रहे हैं और बेचैनी हो रही है। उनका रक्तचाप बढ़ गया था।

### भाजपा और कांग्रेस...

वहीं, कांग्रेस ने भी भाजपा के नेताओं के खिलाफ गुरुवार को संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया गया कि भाजपा नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ दुर्व्यवहार किया। दिग्विजय सिंह, मुकुल वासनिक, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी सहित कांग्रेस सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने व्यक्तिगत रूप से शिकायत दर्ज कराई। उस समय, भाजपा नेताओं का एक समूह नई दिल्ली के डीसीपी देवेश कुमार महला से मिल रहा था, जिससे कांग्रेस नेताओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने से पहले एसीपी के कमरे में इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। प्रमोद तिवारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 84 वर्षीय दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे को धक्का दिया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। हम इस कृत्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र में कांग्रेस सांसदों ने घटना की जांच की मांग की।

### कांग्रेस-भाजपा ने किया...

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेसवार्ता में आज संसद में हुए घटनाक्रम को कांग्रेस की गिरती हुई सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने एक बुजुर्ग और एक आदिवासी महिला के साथ अशोभनीय व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि आज संसद में हुआ घटनाक्रम कल्पना से परे है। यह अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार है, इस आचरण की सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता। वह स्वयं कई बार लोकसभा और विधानसभा के सदस्य रहे हैं, लेकिन उन्होंने आज तक संसद या विधानसभा में इस तरह का आचरण नहीं देखा। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता कर इस घटनाक्रम के बारे में बताया। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेहरू और अंबेडकर को लेकर झूठ फैलाने का काम कर रही है। उन्हें तथ्य देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अपने बयान से डॉ अंबेडकर का अपमान किया है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और अगर वह इस्तीफा नहीं देते हैं, तो प्रधानमंत्री को उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने सुबह हुई धक्का-मुक्की की घटना को लेकर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा है कि विपक्षी गठबंधन की महिला सांसदों को संसद के अंदर जाने से रोका गया। उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और स्वयं उनके साथ भी दुर्व्यवहार हुआ, उनका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गए। इसके उलट भाजपा हम पर आरोप लगा रही है कि हमने धक्का दिया। अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूरे देश में आंदोलन होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मुद्दों से ध्यान भटकने के लिए ऐसा कर रही है।

## अमित शाह के बयान के खिलाफ पलामू कांग्रेस का प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** गृह मंत्री अमित शाह के विवादित बयान के विरोध में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने पुतला दहन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ. बिट्टू पाठक ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। पाठक ने कहा कि अमित शाह का बयान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की दलित-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने इसे संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के प्रति घृणा का प्रतीक बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस देश के दलित, शोषित और वंचित समुदाय को अब यह समझना होगा कि वे बाबा साहेब के संविधान और उनके आदर्शों के साथ हैं या भाजपा- आरएसएस की विचारधारा के। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मेदिनीनगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान, बाजार क्षेत्र में की गई बड़ी कार्रवाई**

# अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : नगर आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को मेदिनीनगर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने पुलिस की मदद से शहर के बाजार क्षेत्र और उसके आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर कई अस्थाई दुकानों को हटाया गया और फुटपाथ पर बांस-बल्ली और प्लास्टिक की छप्पर लगाकर चलाए जा रहे काउंटरों को भी जेसीबी और निगमकर्मियों की मदद से तोड़ा गया।



यह अभियान छः मुहान से साहित्य समाज चौक तक चलाया गया और इसका उद्देश्य शहर को जाम मुक्त करना था। इससे पहले निगम की टीम ने सभी व्यापारियों से अपील की थी कि वे अपने अतिक्रमण को स्वयं हटा लें, जिसके बाद यह अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाने के इस अभियान की अगुवाई सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने की, जबकि इस अभियान को सफल बनाने में सिटी मैनेजर कुमार अनुराग की अहम भूमिका रही। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा, ताकि शहर में किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो और सार्वजनिक स्थानों को मुक्त किया जा सके।

अतिक्रमण हटाए जाने के बाद मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि अतिक्रमण करने का अधिकार किसी को नहीं है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है, और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में सहयोग करें। नगर आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे और अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण करने से न केवल यातायात की समस्या बढ़ती है, बल्कि यह शहर के सौंदर्य को भी नुकसान पहुंचाता है।

## जिप सदस्य ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम बूढ़ी सखूवा में चबूतरा से लेकर जामुन टाड़ तक डीएमएफटी मद से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण का गुरुवार को शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रमेश राम, जिला उपाअध्यक्ष देवनंदन प्रसाद व मंडल उपाअध्यक्ष किशोर प्रसाद ने विधिवत पूजा अर्चना व शिलापट का अनावरण कर किया। इस मौके पर जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि क्षेत्र में चारों तरफ विकास का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों को कठिनाई न हो। पीसीसी पथ बनने से ग्रामीणों को बरसात में कीचड़ से निजात मिलेगी।

# सुशासन सप्ताह : 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का शुभारंभ

**19 से 24 दिसंबर तक चलेंगे विशेष शिविर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आज से 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए नोडल पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने सभी बीडीओ और सीओ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिशा-निर्देश दिए।

इस अभियान का उद्देश्य आमजनों को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार करना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। यह अभियान 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान सभी प्रखंडों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें जन शिकायतों के निस्तारण, सीपी ग्राम पोर्टल से जुड़े मामलों और सरकारी सेवाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

अभियान के तहत सुशासन और जन शिकायत समाधान से जुड़ी सफलता की कहानियों का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

# 6 दिनों पहले लापता युवक का शव नदी में तैरता मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय के पास गुरुवार को कोयल नदी में युवक का तैरता हुआ शव देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निर्देश पर एसआई सुरेंद्र तिवारी ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। जिसकी पहचान कादलकुर्मी गांव निवासी 21 वर्षीय प्रेमचंद यादव के रूप में की गई।,जो 13 दिसंबर से ही लापता था। इस संबंध में उसकी बहन प्रियंका कुमारी ने 14 दिसंबर को भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शव के मिलते ही गांव व परिवार में शोक का माहौल कायम



हो गया है। मां और बहन का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि इस परिवार की हालत बेहद नाजुक है। पिता पिछले 10 वर्षों से लापता हैं। मां किसी तरह खेती करके परिवार का भरण पोषण करती हैं। पति के खो जाने और अब पुत्र की मौत से उन पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। घटना की जांच में जुट गई है। गांव से लापता युवक का पास की नदी में ही शव मिलना ग्रामीणों के बीच इसकी जांच को लेकर चर्चा का विषय बन गया है।

## कांग्रेस ने गृह मंत्री शाह का पुतला दहन किया

**लातेहार।** जिला कांग्रेस पार्टी ने समाहरणालय गेट के पास केंद्रीय गृहमंत्री अमीत शाह का पुतला दहन किया। डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रति केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा किये गये अमार्यादित बयान के विरोध में गुरुवार को पुतला दहन किया गया। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब के लिए की गयी टिप्पणी भाजपा की दोहरे चरित्र को दिखाता है। एक ओर भाजपा संविधान की दुहाई देती है, तो दूसरी ओर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भरी सदन में अपमान करती है। भाजपा हमेशा से संविधान के खिलाफ बोलती और संविधान के साथ खिलवाड़ करते आई है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि सदन में जिस तरह का भाषा का प्रयोग बाबा साहब के लिए केंद्रीय गृहमंत्री ने किया है, वह निंदनीय और बर्दाश्त करने के काबिल नहीं है। भाजपा की मानसिकता का पता चलती है कि वह संविधान के प्रति क्या सोचती है। प्रखंड अध्यक्ष मनिका दरोगी यादव ने कहा कि इस देश में सारा सिस्टम संविधान से ही चलता है, जिसे भाजपा बदलना चाहती है।

# चुनाव हारे हैं हौसला नहीं : अमित गुप्ता

**● भाजपा का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा मंडल कमेटी ने गुरुवार को सदस्यता अभियान को लेकर पथ निर्माण विश्रामागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने की। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ.



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदवा मंडल सदस्ता प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन राम उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान बड़े पैमाने पर चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में लातेहार विधानसभा में हमलोग आप सभी के अथक प्रयास से जीते है। झारखंड में हमारी सरकार नहीं बन पाई। चुनाव हारे हैं हौसला नहीं हारे हैं। लोकतंत्र में हार जीत होते रहता है। भाजपा का 22 राज्य में सरकार है। एक राज्य में चुनाव हारे हैं तो क्या हुआ केन्द्र में हमारी सरकार है। जिला उपाध्यक्ष ब्रजमोहन राम ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनना गौरव की बात है।आप सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों पर भाजपा का सदस्य बने और बनाए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कई कार्यक्रम होंगे जिसकी तैयारी भी हमें करनी है। बताया गया कि सदस्यता अभियान प्रत्येक बूथों पर चलाना हैं और सबको अपने अपने मोबाइल से 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करना है। मौके पर पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद साहू,शंकर साहू, बंधन मिस्त्री साकिन्दर मुंडा, अजित मुंडा, सीबू उरांव, अमरनाथ ठाकुर, भुनेश्वर तुरी, फूलचंद मुंडा, संजय साव,विजय साव, समेत सैकड़ों सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सराहनीय पहल** मोहम्मदगंज में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र, 313 किसानों का रजिस्ट्रेशन

# किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाना सरकार का उद्देश्य : रणवीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पुराने पंचायत भवन परिसर के राजस्व भवन में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, राजद नेता मनोज सिंह, सिद्धार्थ कुमार और किसान परीखा मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर बीडीओ सह सीओ ने कहा कि सरकार का धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने कहा कि किसान अपने धान सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य 23 रुपए प्रति किलो की दर से यहां बेच सकते हैं। इससे जहां किसानों को बाजार



मूल्य से अधिक फायदा मिलेगा। वहीं बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी। पैक्स अध्यक्ष ध्रुवशंकर सिंह ने कहा कि किसान धान विक्रय के लिए पैक्स में अपना मैसेज मिलने के बाद लाएं। उन्हें धान विक्रय करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। पैक्स का कार्यालय निर्धारित समयानुसार खुला रहेगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नोशाद आलम ने बताया कि किसानों का धान का अधिप्राप्ति मूल्य 23 रुपया प्रति किलो है। इसके अलावा प्रति किलो 1 रुपया बोनस के रूप में अलग से मिलेगा। उन्होंने कहा कि अबतक प्रखंड के आठ पंचायत के विभिन्न गांव के 313 किसानों ने इस केंद्र में धान विक्रय के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इस मौके पर क्रय पदाधिकारी विवेकानंद पटेल के अलावा अरुण कुमार सिंह, मुखिया उमेश राम, झामुमो नेता रामबचन बैठा, अशोक मेहता,जनेश्वर राम,रामव्रत यादव और वंशरोपन सिंह सहित कई किसान उपस्थित थे।

## आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : नईमुद्दीन

**विश्रामपुर।** नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव अंबेडकर का बार बार अपमान कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वह गुरुवार को विश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में संबोधन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब के कद को कम करने का कुटिल प्रयास किया। भाजपा संविधान और बाबा भीम राव अंबेडकर के विराट विरासत को कमतर करना चाहता है,जो भारत में कभी भी संभव नहीं है।

## यूनुस काहिरा में, मलेशिया से रोहिंग्या संकट के समाधान पर समर्थन मांगा

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने को लेकर मलेशिया से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार के रखाइन राज्य में नए सिरे से हिंसा के कारण हाल ही में 80,000 से अधिक रोहिंग्या बांग्लादेश में प्रवेश कर चुके हैं। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, मोहम्मद यूनुस ने आज मलेशिया के उच्च शिक्षा मंत्री जाम्ब्री अब्दुल कादिर के साथ बैठक में यह मामला उठाया। यूनुस आर्थिक सहयोग के लिए डी-8 संगठन के 11वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए काहिरा (मिस्र) में हैं। मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग ने यहां बयान जारी कर कहा कि उन्होंने सेंट रेजिस होटल में कादिर से मुलाकात की। बयान के अनुसार, चर्चा आपसी हितों पर केंद्रित रही। इसमें रोहिंग्या संकट प्रमुख रहा।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में बर्ड फ्लू के कारण आपातकाल की घोषणा

**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के गवर्नर गेविन न्यूसम ने एवियन इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) के प्रकोप के मद्देनजर आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। एच5एन1 को आम बोलचाल में बर्ड फ्लू के नाम से जाना जाता है। इस फ्लू से प्रांत के गोल्डन स्टेट में 34 लोग संक्रमित हो गए हैं। गवर्नर कार्यालय के अनुसार, दक्षिणी कैलिफोर्निया के फार्मों में गायों में बर्ड फ्लू के मामले पाए जाने के बाद बुधवार को यह कार्रवाई की गई।

## आरजी कर मामला : मृतका के माता-पिता ने नई जांच की मांग की

**कोलकाता (हि. स.)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक की हत्या के मामले में सीबीआई की जांच पर सवाल उठाते हुए मृतका के माता-पिता ने कोलकाता हाई कोर्ट में फिर से जांच शुरू करने की अपील की है। गुरुवार सुबह दाखिल याचिका में उन्होंने दावा किया कि मौजूदा जांच में निष्पक्षता नहीं है और सबूतों को नष्ट किया गया है। दरअसल नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की महिला चिकित्सक की लाश सेमिनार हॉल में पाई गई थी। घटना की रात उनकी नाइट शिफ्ट थी। पहले दुष्कर्म किया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई।

## अफगानिस्तान में दो भीषण सड़क हादसों में 44 की मौत, 76 घायल



**काबुल (आईएएनएस)।** पूर्वी अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में बुधवार रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 44 यात्रियों की मौत हो गई और 76 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मुल्ला हमीदुल्ला नेसार ने बताया कि ये दुर्घटनाएं गजनी शहर के बाहरी इलाके और प्रांत के अंदार जिले में, राजधानी काबुल को दक्षिणी कंधार प्रांत से जोड़ने वाले राजमार्ग के पास हुईं। नेसार के अनुसार, सभी घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, लेकिन अधिकांश की हालत गंभीर बताई गई है।

## द. कोरिया के राष्ट्रपति को देशद्रोह के चक्रव्यूह से निकालने की तैयारी

**सियोल (हि.स.)।** दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा कर विधायिका और न्यायपालिका के सवालों का सामना करने के लिए राष्ट्रपति यून सुक येओल की कानूनी टीम में किम होंग-इल और यून गैप-ग्यून को शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। किम होंग-इल कोरिया संचार आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं बुसान उच्च अभियोजक कार्यालय के पूर्व मुख्य अभियोजक और यून गैप-ग्यून डेगू उच्च अभियोजक कार्यालय के पूर्व मुख्य अभियोजक हैं। यह जानकारी राष्ट्रपति येओल के कानूनी सलाहकार और वरिष्ठ अधिवक्ता सेओक डोंग-ह्योन ने गुरुवार को दी। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, सेओक डोंग-ह्योन ने कहा कि राष्ट्रपति येओल ने जिन परिस्थियों में मार्शल लॉ की घोषणा की, उसे देशद्रोह तो कतई नहीं कहा जा सकता। मार्शल लॉ की घोषणा से जनता को जो झटका लगा है, उसके लिए हम माफी मांगते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने धर्म संसद के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद में धर्म संसद के मामले पर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण को हाई कोर्ट जाने को कहा। प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि इस बात की संभावना है कि वहां मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ बातें होंगी। उत्तर प्रदेश के रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स और समाजसेवियों की तरफ से याचिका दायर की गई थी। इस धर्म संसद का आयोजन यति नरसिंहानन्द फाउंडेशन की ओर से किया गया है।

## पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा में 11 आतंकवादी मारे

**रावलपिंडी (हि.स.)।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने देश के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया। एआरवाई न्यूज ने अपनी खबर में पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी है।

## बैलिस्टिक मिसाइल
### प्रोग्राम पर अमेरिका सख्त


# पाकिस्तान की चार संस्थाओं पर लगाए प्रतिबंध

### इन संस्थाओं में पाकिस्तान का नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स शामिल है

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने और भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस्लामाबाद ने गुरुवार को कहा कि बाइडेन प्रशासन की तरफ से देश के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम से जुड़ी चार संस्थाओं पर लगाए गए नवीनतम प्रतिबंध 'पक्षपातपूर्ण' और 'दुर्भाग्यपूर्ण' हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने जोर देकर कहा कि सामरिक क्षमताएं उसकी संप्रभुता की रक्षा के लिए हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, पाकिस्तान, नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स (एनडीसी) और तीन वाणिज्यिक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिकी फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और पक्षपातपूर्ण मानता है। पाकिस्तान की रणनीतिक क्षमताएं उसकी संप्रभुता की रक्षा करने और दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए हैं। बयान में कहा गया, नवीनतम प्रतिबंध सैन्य विषमताओं को बढ़ाते हैं और शांति-सुरक्षा के उद्देश्य को चुनौती देते हैं। पाकिस्तान का रणनीतिक कार्यक्रम 240 मिलियन लोगों की तरफ उसके नेतृत्व पर जताए गए विश्वास का प्रतीक है। इस विश्वास की पवित्रता से समझौता नहीं किया जा सकता है। इससे पहले दिन में, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के लंबी दूरी के मिसाइल कार्यक्रम से होने वाले खतरे के मद्देनजर अमेरिका ने चार संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है।



● पाकिस्तान ने इसे 'पक्षपातपूर्ण' और 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया

जो पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए जिम्मेदार है और जिसने पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों को हासिल करने का काम किया है। इसके अलावा, एफिलिएट्स इंटरनेशनल, अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड और रॉकसाइड एंटरप्राइज पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस मामले पर अपनी चिंताओं के बारे में लगातार कहता रहा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम अपनी चिंताओं के बारे में स्पष्ट और सुसंगत रहे हैं, और हम इन मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ना जारी रखेंगे।

## असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

# आठ जिहादी किए गए गिरफ्तार

### ऑपरेशन 'प्रगति'

● गिरफ्तार आतंकियों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी

● देश में हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की थी साजिश

**एजेंसी । गुवाहाटी**

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। ऑपरेशन 'प्रगति' के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है। गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन 'प्रगति' तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पदार्फाश किया गया है। पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया है। इन जिहादियों की पहचान अब्दुल करीम, मुहम्मद अब्बास अली, एनामुल हक, हमिदुल इस्लाम, मिनरूल एसके, शुरू इस्लाम मंडल, मुहम्मद साद रंदी उर्फ शाब शेख, मजिबर रहमान के रूप में की गई है। इनके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज, कट्टरपंथी साहित्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं।



### बांग्लोदश का है मास्टरमाइंड

असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शाब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, बीते नवंबर में भारत आया था। यह आरोपित असम और पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे। उन्होंने बताया कि इन जिहादियों ने इलाके में कई बैठकें कर हिंदू संगठनों और प्रमुख धार्मिक नेताओं पर हमले की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नूर इस्लाम मंडल पहले भी एक मामले में गिरफ्तार हुआ था और जमानत पर बाहर था। वह अन्य आरोपितों के साथ मिलकर युवाओं को आतंकी संगठनों से जोड़ने का प्रयास कर रहा था। असम पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस जांच की निगरानी कर रहे हैं।

## जम्मू कश्मीर के कुलगाम में पांच आतंकी ढेर, दो जवान भी हुए घायल

**कुलगाम (हि.स.)।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर सहित हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्देर में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर भारी फायरिंग की। जिसके जवाब में सुरक्षाबल के जवानों ने फायरिंग की। इस फायरिंग में पांच आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में हिज्बुल मुजाहिदीन का स्वयंभू कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ नाली भी शामिल है, जो दक्षिण कश्मीर के क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों और कई अपराधों में शामिल था। इस ऑपरेशन में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है।

## इंदौर में देश विरोधी गतिविधियों से जुड़े गिरोह का खुलासा, तीन हिरासत में

**इंदौर (आईएएनएस)।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में पुलिस की गिरफ्त में देश विरोधी गतिविधियों में शामिल गिरोह के कुछ सदस्य आए हैं। इन सभी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के भर्ती मॉड्यूल से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खजराना थाना क्षेत्र में कुछ लोगों के संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी मिली थी। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों का इनपुट भी मिला था। उसी आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनके नाम अयान, जुनैद और कासिम बताए जा रहे हैं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को हिरासत में लिया है। इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इंदौर पुलिस गिरफ्त में आए युवकों से पूछताछ कर रही है। उसके बाद ही आधिकारिक तौर पर इन युवकों की गतिविधियों का खुलासा हो पाएगा।

## कांग्रेस ने अंबेडकर मामला उछाला तो भाजपा ने दलित सांसद विरोधी राहुल मुद्दा बनाया

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दो दिनों तक केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर , अंबेडकर कहे जाना, अंबेडकर का अपमान करने वाला मुद्दा गरमाया रहा , भाजपा उस पर बैकफुट से बचने के लिए सीधे कांग्रेस राज पर , नेहरू , इंदिरा , सोनिया से लेकर राहुल गांधी पर तरह -तरह के आरोप लगाते हुए हमलावर हो गई। उसके बाद 19 दिसंबर को भाजपा ने राहुल गांधी पर संसद में प्रवेश द्वार पर महिलाओं का अपमान करने, दलित सांसदों को धक्का देने का आरोप लगा उनके विरूद्ध एफआईआर कराया। जबकि कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अंबेडकर मामले में फंस गई भाजपा ने राहुल गांधी को संसद में जाने से रोकने के लिए दलित महिला व पुरुष नेताओं को संसद के गेट पर खड़ा करवा दिया , राहुल गांधी को अंदर जाने से रोकने की कोशिश की ताकि राहुल के विरूद्ध दलित सांसदों व महिलाओं की अवमानना करने का आरोप लगाया जा सके। इस बारे में केसी वेणुगोपाल, के सुरेश और मनिकम टैगोर सहित कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन के सांसदों को प्रवेश करने से रोका गया। सत्ता पक्ष के तीन सांसदों ने राहुल गांधी से शारीरिक रूप से बदसलूकी की।

कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने राहुल गांधी के खिलाफ दुर्व्यवहार के आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि सांसद फांगनोन कोन्याक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने बिना किसी तथ्य के राहुल गांधी पर आरोप लगाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे गए अपने पत्र में कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने सांसद फांगनोन कोन्याक पर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि फांगनोन कोन्याक के ये आरोप विपक्ष के नेता की ईमानदारी को कम करने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष के नेता को दिए गए विशेषाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। सत्ता पक्ष के सांसदों का आचरण न केवल राहुल गांधी की व्यक्तिगत गरिमा पर एक ज़बरदस्त हमला था, बल्कि लोकतांत्रिक भावना के भी विपरीत था। लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कांग्रेस सांसदों ने दावा किया कि वे शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और संसद में बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च कर रहे थे। जैसे ही हमने मकर द्वार के माध्यम से संसद में प्रवेश करने का प्रयास किया, प्रदर्शनकारी सांसदों को प्रवेश करने से रोका गया। बाबासाहेब आंबेडकर के अपमान से जुड़े मुद्दे पर हुई धक्का-मुक्की को लेकर नागालैंड की भाजपा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने आरोप लगाया कि वह जब संसद के मकर द्वार के पास अन्य सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रही थीं तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उनके काफी समीप आ गए और उन पर चिल्लाने लगे। उन्होंने सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर कहा कि राहुल ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष के नेता करीब आए और मुझे यह पसंद नहीं आया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ, वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए। मैंने सभापति से भी शिकायत की है।इसके पहले बाबासाहेब आंबेडकर के अपमान से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कथित तौर पर हुई धक्का-मुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत चोटिल हो गए। दोनों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर संसद के प्रवेश द्वार पर महिला भाजपा सांसदों के खिलाफ बल प्रयोग करने का आरोप लगाया।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया बीमार, ढाका में कल होने वाली बीएनपी की रैली स्थगित

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में कल होने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्वतंत्रता सेनानियों की रैली को स्थगित कर दिया गया है। बीएनपी ने यह घोषणा पार्टी नेता पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अचानक बीमार पड़ने की वजह से की। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, रैली को स्थगित करने की घोषणा बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने आज ढाका के गुलशन में बीएनपी अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि इस वजह से खालिदा जिया ने चिकित्सा उपचार के लिए अपनी विदेश यात्रा की योजना को भी स्थगित कर दिया है। आलमगीर ने कहा कि वो बुधवार रात अचानक बीमार पड़ गईं। इसलिए डॉक्टरों की सलाह पर शनिवार की स्वतंत्रता सेनानियों की रैली स्थगित कर दी गई। रैली की घोषणा बीएनपी के राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी दल ने की थी। यह रैली राजधानी के अगरगांव में बंगबंधु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र पर होनी थी।

## ग्रीस नौका हादसे में 40 पाकिस्तानियों की मौत

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद ।** हाल ही में ग्रीस के पास समुद्र में तीन नावों के पलटने से पाकिस्तान के कम से कम 40 नागरिकों की मौत हो गई। इनमें से सिर्फ पांच के शव खोजे जा सके हैं। बाकी के जीवित बचने की कोई संभावना नहीं है। इसलिए उनको भी मृत मान लेना चाहिए। वजह यह है कि ग्रीस तटरक्षक बल ने समुद्र में बचाव अभियान को बंद कर दिया है। ग्रीस की राजधानी एथेंस से पाकिस्तान के दूतावास ने सरकार को भेजी रिपोर्ट में यह सूचना साझा की है। जियो न्यूज चैनल में प्रसारित खबर के अनुसार, लीबिया में अभी भी 5,000 से अधिक पाकिस्तान के नागरिक हैं। वह लीबियाई और पाकिस्तानी एजेंटों के साथ यूरोप की यात्रा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पाकिस्तान से वीजा प्राप्त किया और कानूनी रूप से लीबिया पहुंचे।



ग्रीस के समुद्रीय जल क्षेत्र में पलटने वाली तीन नावें लीबिया के टोब्रुक बंदरगाह से आई थीं। पहले जहाज में 45 यात्री सवार थे। इनमें से छह पाकिस्तानी थे। दूसरी नाव पर सवार 47 यात्रियों में से पांच पाकिस्तानी थे। तीसरी नाव में सवार 83 यात्रियों में तीन बांग्लादेशी, दो मिस्र, दो सूडानी और 76 पाकिस्तानी शामिल थे। एक नाव से पांच पाकिस्तानियों के शव बरामद हुए। इनमें चार के नाम हैं- सुफियान, रहमान अली, हाजी अहमद और आबिद। पांचवें की पहचान नहीं हो सकी।

इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अधिकारियों को मानव तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शहबाज ने अधिकारियों को याद दिलाया कि पिछले साल उसी क्षेत्र में एक अन्य घटना में 262 पाकिस्तानी नागरिकों की जान चली गई थी।

## जयपुर में आयकर विभाग की 20 से अधिक स्थानों पर छापेमारी

**जयपुर (आईएएनएस)।** आयकर विभाग ने गुरुवार को जयपुर में एक बड़ी कार्रवाई की। जिन पर कार्रवाई की गई है, उनमें वेडिंग प्लानर, प्रमुख टेंट व्यवसायी और लग्जरी मैरिज इवेंट्स से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं। कुल 20 से अधिक ठिकानों पर अधिकारियों की टीम जांच कर रही है। इस रेड में करीब 190 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। आयकर विभाग की टीम ने तालुका टैंट, भावना चारण, प्रितेश शर्मा, आनंद खंडेलवाल, गुंजन सिंघल, जय ओबरॉय कैटरर्स जैसे बड़े नामों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन व्यवसायियों पर अपनी कमाई को छुपाकर कम टैक्स जमा करने का आरोप है।

## टिफिन में नॉनवेज लाने पर स्कूल से निकाले गए छात्रों को फिर से दाखिला के निर्देश

**प्रयागराज (हि.स.)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल से निकाले गए छात्रों के पक्ष में आदेश दिया, जिन्हें टिफिन में मांसाहारी भोजन लाने पर स्कूल से निकाला गया था। कोर्ट ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि छात्रों का दाखिला सीबीएसई से संबद्ध किसी अन्य स्कूल में कराया जाए। कोर्ट ने यह आदेश बच्चों की मां सबरा की याचिका पर दिया है।

## अमेरिका में आर्थिक मोर्चे पर पांच वर्षों की अनिश्चितता के बाद स्थिति अच्छी नहीं

# ट्रंप प्रशासन को करना पड़ सकता है चुनौतियों का सामना

● बढ़ गई है 'सरकारी शटडाउन' की संभावना

**एजेंसी । वाशिंगटन**

फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिए जाने के बाद बाजार में गिरावट का रुख है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टॉप गैप खर्च बिल की निंदा करने के बाद 'सरकारी शटडाउन' की संभावना बढ़ गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के इस विश्लेषण के अनुसार, पांच साल की अनिश्चितता और उथल-पुथल के बाद ऐसा लगता है कि ट्रंप प्रशासन को अगले साल अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की मंदी की चेतावनी के बाद फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती कर रहा है। हालांकि, ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद नीतिगत बदलाव करने की बात कही है। उनकी इस घोषणा का अर्थव्यवस्था पर गहरा और जटिल प्रभाव हो सकता है। ट्रंप ने भारी नए टैरिफ लगाने और संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लाखों अप्रवासियों को निर्वासित करने का प्रस्ताव दिया है। इसका आर्थिक मोर्चे पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है। आलोचक मानते हैं कि इस तरह के बदलावों से आर्थिक प्रणाली संकट से घिर सकती है। रूढ़िवादी थिंक टैंक के रूप में प्रसिद्ध अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के अर्थशास्त्री




माइकल स्ट्रेन कहते हैं कि बाजार में व्यापार और आव्रजन नीति के बारे में खामोशी अर्थव्यवस्था के लिए बेहद विघटनकारी हो सकती है। ट्रंप के नए टैरिफ निवेश को हतोत्साहित करते हैं। बड़े पैमाने पर निर्वासन से श्रमिक संकट बढ़ेगा। यदि ऐसा होता है तो अमेरिकियों को बढ़ती कीमतों और धीमी वृद्धि दोनों का सामना करना पड़ सकता है। माइकल स्ट्रेन ने कहा कि आयातित वस्तुओं, किराने के सामान, रेस्तरां के भोजन और घरों की कीमत में नाटकीय रूप से वृद्धि होगी। बैंक ऑफ अमेरिका के वरिष्ठ अर्थशास्त्री आदित्य भावे ने कहा, अगर कोई एक चीज है, जिसके बारे में आप अभी अर्थव्यवस्था के बारे में चिंतित होना चाहते हैं, तो वह श्रम बाजार के बारे में है।

### क्या है 'सरकारी शटडाउन'

अमेरिका में 'सरकारी शटडाउन', फंडिंग गैप अवधि को संदर्भित करता है। यह संघीय सरकार के संचालन और एजेंसियों के पूर्ण या आंशिक शटडाउन का कारण बनता है। यह तब होता है, जब सरकार अगले वित्तीय वर्ष के लिए वित्तपोषित करने के लिए एक फंडिंग कानून पारित करने में विफल हो जाती है। वर्ष 1884 के एंटीडेफिशिएंसी एक्ट की 1980 की व्याख्या के बाद से प्रस्तावित विनियोग बिलों पर राजनीतिक गतिरोध के कारण संघीय सरकार गैर-जरूरी संचालन बंद कर देता है। गैर-जरूरी श्रमिकों को छुट्टी दे दी जाती है।